
You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-220 | शनिवार, 13 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

कांग्रेस केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता का अपमान नहीं कर रही, बल्कि समूचे पिछड़े वर्ग की माताओं-बहनों का अपमान करने पर उतारू है।

केशव प्रसाद मौर्य


उत्तराखंडः काशीपुर में मंदिर भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई मजार ध्वस्त 11

पत्रकारिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भूमिका पर पुष्पा गुजराल साइंस सिटी में सैमिनार 12


फिलहाल कोई मंत्री नहीं; राष्ट्रपति का ऐलान- 6 महीने में होंगे चुनाव

# नेपाल की पहली महिला पीएम बनीं सुशीला कार्की

एजेंसी

काठमांडू । सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। फिलहाल किसी और को मंत्री नहीं बनाया गया है। राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि अगले छह महीनों के भीतर संसद का नया चुनाव कराया जाएगा। वहीं, Gen-Z नेताओं ने इस सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे, लेकिन सरकार के कामकाज की निगरानी करेंगे।

सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस भी रह चुकीं हैं। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है।


सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। फिलहाल किसी और को मंत्री नहीं बनाया गया है। राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि अगले छह महीनों के भीतर संसद का नया चुनाव कराया जाएगा। वहीं, क्क्द्भ-ड्ड नेताओं ने इस सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे, लेकिन सरकार के कामकाज की निगरानी करेंगे।


नेपाल में भारतीय राजदूत ने शपथ ग्रहण समारोह में सुशीला कार्की को बधाई दी




सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस भी रह चुकीं हैं। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है।


नेपाल में कोई जज दूसरी बार पीएम बना सुशीला कार्की पहली ऐसी शख्स नहीं हैं जो न्यायधीश बनने के बाद अंतरिम पीएम बनी हैं। पहली बार ऐसा 2013 को हुआ था, जब मुख्य न्यायाधीश खिलराज रेग्मी के नेतृत्व में चुनावी सरकार बनाई गई थी। पहली संविधान सभा के विघटन के बाद देश में राजनीतिक गतिरोध (रुकावट) पैदा हो गया था। इसे हल करने के लिए सभी राजनीतिक दलों ने समझौता किया और रेग्मी को सरकार बनाने का जिम्मा दिया। उनकी सरकार ने चुनाव कराए और इसके बाद दूसरी संविधान सभा का गठन हुआ। शपथ ग्रहण में उपराष्ट्रपति और चीफ जस्टिस भी मौजूद थे लंबी रस्साकशी के बाद राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति राम सहाय प्रसाद यादव, चीफ जस्टिस, नेपाल सरकार के कई बड़े अधिकारी और डिप्लोमैट मौजूद थे। केपी ओली की पार्टी ने संसद भंग करने का विरोध किया नेपाल में संसद भंग करने के फैसले का राजनीतिक दलों ने विरोध शुरू कर दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के महासचिव शंकर पोखरेल ने इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। पोखरेल ने देशवासियों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से इस फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरने की अपील की है। नेपाल में अंतरिम कैबिनेट की पहली बैठक आज रात सुशीला कार्की के शपथ ● शेष पेज 11 पर

# चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति पद की शपथ ली

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । श्री चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को देश के 15 वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में श्री राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलायी। इससे पहले श्री राधाकृष्णन के उप राष्ट्रपति निर्वाचित होने से संबंधित निर्वाचन आयोग का प्रमाण पत्र पढकर सुनाया गया।



इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड वेंकैया नायडू, हामिद अंसारी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरलाए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह केन्द्रीय मंत्री प्रकाश नड्डा ए नितिन गडकरी और कई अन्य केन्द्रीय मंत्री तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। श्री धनखड़ के स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने के बाद 9 सितम्बर को उप राष्ट्रपति का चुनाव कराया गया था। इस चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग के ● शेष पेज 11 पर

## बिहार में एआई वीडियो पोस्ट पर मचा बवाल राजग नेताओं ने कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी

पटना। बिहार चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मां हीराबेन को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले दरभंगा में अपशब्द बोलने का मामला तूल पकड़ा और अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जनरेटेड वीडियो ने सियासी बवंडर मचा दिया है। कथित रूप से कांग्रेस की ओर से जारी इस वीडियो में प्रधानमंत्री को सोते हुए दिखाया गया है और इसी दौरान सपने में उनकी मां को दिखाया गया है। सपने में मां आकर प्रधानमंत्री को डांटती हैं। अब वीडियो की भाषा को लेकर विवाद छिड़ गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस मामले को लेकर राहुल गांधी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस तरह से मोदी की माँ का एआई वीडियो बनाना धोखाधड़ी का मामला है, ऐसा करने वाले जांच और कानूनी सजा के हकदार हैं। बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि यह निंदनीय है। कांग्रेसवाले बहुत नीचे गिर रहे हैं। देश के लोग कांग्रेस पार्टी को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। उन्हें इसके पीछे के कारणों पर गौर करना चाहिए। एक रिक्शावाले की मां को भी गाली देंगे तो वह बोलेगा कि मुझे अपमानित कीजिए, मेरी मां को नहीं। यहां तो देश के प्रधानमंत्री की मां पर इस तरह की बातें हो रही हैं। एआई से वीडियो बनाकर ऑफिशियल पेज से मजाक उड़ाया जा रहा है, इससे घटिया बात और क्या ● शेष पेज 11 पर

## राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं: भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। राव ने कहा कि कांग्रेस के सहयोगी दलों ने ही संबंधित राज्यों में उसका सफाया कर दिया है। क्या कांग्रेस इन सहयोगी दलों को 'वोट चोर' कहने की हिम्मत करेंगे? भाजपा के वरिष्ठ नेता जीवीएल नरसिम्हा राव ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस के संदर्भ में 1984 से 2014 तक के चुनावी रुझानों और नतीजों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 1984 में अपने सर्वोच्च प्रदर्शन 404 सीटों से गिरकर 2014 में केवल 44 सीटों पर आ गई। वर्ष 2014 में कांग्रेस के वोट 49.1 ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### असम चुनाव से पहले कांग्रेस ने पांच अतिरिक्त समन्वयक नियुक्त किए

नई दिल्ली। असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने चुनावी प्रबंधन और मीडिया समन्वय को मजबूती देने के लिए पांच अतिरिक्त समन्वयकों की नियुक्ति की है। पार्टी के मीडिया कोऑर्डिनेटर श्रीचरण सिंह सप्रा से परामर्श के बाद यह नियुक्तियां आधिकारिक तौर पर घोषित की गईं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा द्वारा एक पत्र के माध्यम से दी गई जानकारी के मुताबिक पार्टी ने जिन नेताओं को यह नई जिम्मेदारी सौंपी है, उनमें प्रदीप बालमुचू, रोहन मित्रा, अब्बास हफीज, नीलाब शुक्ला और हरमीत बवेजा शामिल हैं। इन्हें आगामी दिनों में अलग-अलग जोन में चुनावी अभियान और मीडिया प्रबंधन की जिम्मेदारी दी जाएगी। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि इन नियुक्तियों से पार्टी की जमीनी पकड़ और मीडिया रणनीति दोनों को मजबूती मिलेगी। विधानसभा चुनाव से पहले संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की कवायद के तहत ये कदम उठाए गए हैं।

### सिक्किम के अपर रिम्बी गांव में भूस्खलन, 3 लोगों की मौत, 2 गंभीर रूप से घायल

गंगटोक। सिक्किम के गेजिंग जिले के यांगथांग निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत अपर रिम्बी गांव में गुरुवार रात भीषण भूस्खलन हुआ। भूस्खलन की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई और 2 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही भारी वर्षा के बीच गुरुवार देर रात अपर रिम्बी गांव में भूस्खलन हुआ। घर के ऊपर से आए भूस्खलन ने घर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया और अंदर सो रहे लोग भूस्खलन की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों, जिला आपदा प्रबंधन दल, पुलिसकर्मियों, एसएसबी जवानों और स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। गेजिंग जिले के पुलिस अधीक्षक छिरिंग शेरपा ने बताया कि भारी बारिश और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच दो लोगों को बचा लिया गया। व्यक्ति की हालत गंभीर है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। यांगथांग निर्वाचन क्षेत्र के विधायक तथा मंत्री भीम हांग लिम्बू कल रात राजधानी गंगटोक से अपने निर्वाचन क्षेत्र पहुँचे और राहत एवं बचाव कार्यों में शामिल हुए।

## छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार रस्म में शामिल होंगे केंद्रीय गृहमंत्री

एजेंसी

जगदलपुर । छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार रस्म में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। यह जानकारी बस्तर सांसद और बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मुलाकात कर 75 दिवसीय बस्तर दशहरा में शामिल होने निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। बस्तर सांसद महेश ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि वे बस्तर दशहरा पर्व के तय कार्यक्रम अनुसार 4 अक्टूबर को मुरिया दरबार की रस्म में शामिल होने बस्तर जरूर आएंगे। बस्तर दशहरा पर्व के मुरिया दरबार रस्म में अब तक छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री शामिल होते रहे हैं, लेकिन वर्ष 2025 के बस्तर दशहरा मुरिया दरबार रस्म में पहली बार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि रियासत कालीन दौर से अनवरत 618 वर्षों से बस्तर दशहरा पर्व मनाया जा रहा है। रियासत कालीन बस्तर दशहरा पर्व 75 दिनों तक चलता है। लेकिन यहां रावण का दहन नहीं होता है, बल्कि मां दंतेश्वरी के छत्र को रथारूढ़ कर दुमंजिला रथ की परिक्रमा करवाई जाती है। यही बस्तर दशहरा का सबसे प्रमुख आर्कषण का केंद्र है, जिसके दीदार के लिए देशी-विदेशी पर्यटक यहां पंहुचते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री-सांसदों को भी निमंत्रणइसके ● शेष पेज 11 पर



❒ दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मुलाकात कर 75 दिवसीय बस्तर दशहरा में शामिल होने निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

## बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी निकली झूठी, तलाशी में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

मुंबई । महाराष्ट्र के दक्षिण मुंबई स्थित ऐतिहासिक मुंबई उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की झूठी धमकी भरे मैसेज से शुक्रवार को दोपहर में खलबली मच गई। इसकी सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस और बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) की टीम मौके पर पहुंची और पूरे परिसर को खाली करवाकर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली, लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु न मिलने से सुरक्षा रक्षकों ने राहत की सांस ली।

मुंबई पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि उच्च न्यायालय के ईमेल पर आज दोपहर करीब 01 बजे बम से उड़ाने की धमकी भरा मैसेज मिला था। इस मैसेज के बाद उच्च न्यायालय प्रशासन ने तुरंत इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी और पूरा परिसर खाली करवा लिया गया। बार एसोसिएशनों को अपने सदस्यों को सूचित करने के लिए कहा गया, जिसके बाद वकील, वादी और अदालत के कर्मचारी इमारत से बाहर निकल गए। एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि ने कहा, ''अदालत के अधिकारियों ● शेष पेज 11 पर

# राजनीतिक दलों की पारदर्शिता विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को नोटिस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन के लिए व्यापक नियम बनाने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को चुनाव आयोग को नोटिस जारी करने के साथ ही मान्यता प्राप्त सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर संबंधित आदेश पारित किया। पीठ ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से कहाए ष्हम नोटिस जारी करेंगे लेकिन एक समस्या उत्पन्न हो सकती है कि हमने राजनीतिक दलों को पक्षकार नहीं बनाया है। वे कहेंगे कि आप याचिकाकर्ता उन्हें विनियमित करने के लिए कह रहे हैं और वे यहाँ नहीं हैं।




याचिका में दावा किया गया है कि दसवीं अनुसूची के तहत संवैधानिक स्थिति और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29 के तहत वैधानिक मान्यता के बावजूद राजनीतिक दलों के आंतरिक कामकाज पारदर्शिता या जवाबदेही को विनियमित करने के लिए कोई व्यापक कानून मौजूद नहीं है।

याचिकाकर्ता की यह भी दलील है कि राजनीतिक दल आयकर अधिनियम की धारा 13ए के तहत कर छूट के अलावा दूरदर्शन आकाशवाणी पर मुफ़्त प्रसारण समय सहित सरकार की ओर से उपलब्ध कई सुविधाएं लेते हैं फिर भी वे अनियमित हैं। याचिका में मुख्य रूप से मांग की गयी है कि चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया जाए। इसके अलावा भारत संघ सरकार को पारदर्शिता आंतरिक दलीय लोकतंत्र और जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु व्यापक कानून बनाने का निर्देश दिया जाए। इसके अलावा भ्रष्टाचार काले धन के रूपांतरण और राजनीति के अपराधीकरण ● शेष पेज 11 पर

अयोध्या में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम का भव्य स्वागत

# मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने रामलला के किए दर्शन, आरती कर मांगा दोनों देशों के रिश्तों की मजबूती का आशीर्वाद

एजेंसी

अयोध्या। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या शुक्रवार को एक विशेष अवसर की साक्षी बनी, जब मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम अपनी पत्नी वीना रामगुलाम और प्रतिनिधिमंडल ने रामलला के दर्शन किये। डॉ रामगुलाम ने पत्नी के साथ विधि-विधान से रामलला का पूजन किया और लोककल्याण की कामना की। रामलला के दर्शन करने वाले वे दूसरे राष्ट्राध्यक्ष बने। इससे पहले भूटान के प्रधानमंत्री ने दर्शन पूजन किया था।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम अपनी पत्नी वीना रामगुलाम के अलावा लगभग 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आज सुबह दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत किया। योगी ने फूलों का गुलदस्ता और स्मृति चिह्न भेंट कर 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा निभाई। एयरपोर्ट परिसर में रेड कार्पेट बिछाकर, मंत्रोच्चारण और पारंपरिक कलश-आरती से प्रधानमंत्री ● शेष पेज 11 पर

एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया अभिनंदन



❒ बाबा का पूजन अर्चन कर मॉरीशस में लोक कल्याण की कामना की

### मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई

वाराणसी। धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) के तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन शुक्रवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम ने श्री काशी विश्वनाथ दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर के गर्भगृह में प्रधानमंत्री रामगुलाम ने पत्नी वीना रामगुलाम के साथ बाबा के पावन ज्योर्तिलंग का अभिषेक किया। मंदिर के अर्चकों की देखरेख और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने षोडशोपचार विधि से बाबा का पूजन-अर्चन कर मॉरीशस में लोक कल्याण की कामना की। इस दौरान उनके साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन ● शेष पेज 11 पर

## भारत की प्राचीन पांडुलिपियां विश्व धरोहर का आधार : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को विश्व धरोहर का आधार बताया और कहा कि भारत अपनी सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर को गर्व के साथ विश्व के सामने प्रस्तुत करने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को यहां विज्ञान भवन में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ज्ञान भारतम्‌ को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्ञान भारतम्‌ मिशन न केवल प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण का प्रयास है बल्कि यह भारत की संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष भी बनने जा रहा है। भारत की ज्ञान परंपरा चार प्रमुख स्तंभों– संरक्षण, नवाचार, संवर्धन और अनुकूलन पर आधारित है। इन्हीं आधारों पर भारत हजारों वर्षों से एक जीवंत प्रवाह के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा, ऌभारत स्वयं में एक जीवंत प्रवाह है, जिसका निर्माण उसके विचारों, आदर्शों और मूल्यों से हुआ है। भारत की प्राचीन पांडुलिपियों में हमें भारत के निरंतर प्रवाह की रेखाएं



देखने को मिलती हैं। ये पांडुलिपियां हमारी विविधता में एकता का घोषणा पत्र भी हैं।ङ्क

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'ज्ञान भारतम्‌' से जुड़ा एक पोर्टल भी लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सरकारी या अकादमिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि एक ऐसा मिशन है जो भविष्य की पीढ़ियों को अपनी परंपराओं और धरोहर से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के पास आज दुनिया का सबसे बड़ा मैन्युस्क्रिप्ट संग्रह है, जिसकी संख्या करीब एक करोड़ है। इतिहास की क्रूर परिस्थितियों में लाखों पांडुलिपियां जलकर नष्ट हो गईं या लुप्त हो गईं, लेकिन जो बची हुई हैं ● शेष पेज 11 पर

# बैंक के विरुद्ध पीड़ित ग्राहक ने की उच्चाधिकारियों से ऑनलाइन शिकायत

**कस्बा कोराव में संचालित बैंक आफ बड़ौदा के मनमानी से ग्राहक का आ चुके है आजिज**

**बैंकिंग काम मे सहयोग न मिलने पर आयेदिन खाता धारक व बैंक कर्मचारी से होता है तू तू- मैं मैं**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कोरावं, प्रयागराज ।** प्रयागराज जनपद के कस्बा कोराव शास्त्री नगर मोहल्ला में खुला बैंक आफ बड़ौदा शाखा प्रबंधक समेत अन्य बैंक कर्मियों की मनमानी से खाता धारकों में गहरा आक्रोश ब्याप्त है। बैंक में जाने वाले खाता धारकों का काम सुचारू सरल रूप से नही किया जाता छोटे छोटे काम को लेकर कई घण्टो तक जी हुजूरी डाट सुनना पड़ता है तब जाकर कुछ लोगो का काम होता है तो कुछ निराश होकर लौटना पड़ता है उदाहरण के तौर पर बड़ोखर गाव के अरविंद पांडेय का खाता बन्द हो जाने पर चालू कराने के लिए गए थे कई घण्टा बैंक के अंदर रहे लाइन में लगे भी रहे लेकिन बैंक कर्मियों ने कहा 5 बज गया है अब आपका काम आज नही होगा इसी प्रकार बड़ोखर कालूपुर गाव से संतोष शुक्ला आर टी जी एस कराने गए उनका काम करने से मना कर दिए इस बात को लेकर काफी तीखी बहस हुई तब जाकर गार्ड ने आश्वाशन दिया कि आपका काम करा रहा हु तब जाकर मामला शांत हुआ इसी प्रकार बड़ोखर गाव के संतोष कुमार केशरी का बैंक में बचत व करेंट खाता खुला है खाता चालू कराने गए शाखा प्रबंधक के पास जब गए शाखा प्रबंधक ने कोई सहयोग जानकारी न देकर बाहर अन्य के पास जाने को कहा जब जब फार्म लेकर कर्मचारी को दिए तो बैंक कर्मियों ने कहा 200 सौ नगद काउंटर पर जमा करे जब लाइन में लगे रहे कैशियर ने कहा 200 सौ जमा बाहर जाकर करिए जब बैंक मैनेजर के पास इस बात की शिकायत किये इसके बावजूद कैशियर नही जमा कर रहा था बार बार बाहर जाकर जमा करने का दबाव बना रहा था किसी तरह बहस के बाद जमा किये दोपहर से लेकर 5 बजे तक मे किसी तरह आरजू मिन्नत करने के बाद फार्म जमा हुआ दूसरी तरह अल्हवा गाव के निर्वाचित ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ सहजादे ने भी बैंक में ब्यप्त भ्रस्टाचार मनमानी को लेकर शोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत की है उक्त शाखा में आधार सेवा भी बन्द है बैंक के अंदर रख रखाव साफ सफाई ठीक नही है व ज्यादातर एसी भी इस भीषण उमस गर्मी में बंद पड़ी है शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मचारियों व मनमानी की शिकायत बैंक आफ बड़ौदा के ऑनलाइन पोर्टल पर खाता धारक संतोष कुमार केशरी ने दर्ज कराई है अब देखना है कि बैंक के उच्चाधिकारी इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेकर जनहित में न्याय प्रिय निर्णय लेते है

# नगर आयुक्त ने माडल वार्ड के रूप में चयनित कालभैरव वार्ड का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने आज माडल वार्ड के रूप में चयनित कालभैरव वार्ड का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम नगर आयुक्त द्वारा टाऊन हॉल स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का किया गया निरीक्षण, निरीक्षण के दौरान शापिंग काम्पलेक्स के ग्राउंड फ्लोर स्थित दुकानों के लोगो द्वारा किये गये अनुरोध पर नगर आयुक्त द्वारा उक्त दुकान के पास सीढ़ी ऊपर के दुकानों को जाने के लिए जो लोहे के सीढी लगाया गया है।

उन्हें हटा दिए जाने से ग्राउंड फ्लोर के दुकानों में ग्राहकों को आने में सुविधा होगी तथा वैल्टिलेशन हेतु दो एग्जास्ट फैन लगाए जाने, ऊपर के दुकानों में जाने वाले सीढ़ी के पास एक ट्यूब लाइट लगाए जाने, एवं उक्त कॉम्प्लेक्स में लगे बाहर की तरफ शीशे से कवर खिड़की को वैल्टिलेशन हेतु लगे शीशे को ओपेनवुल किए जाने के कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये तथा टाऊन हॉल स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बाहर वॉल पर विभिन्न प्रकार के दुकानों में बिकने वाले समानों का प्रचार बाहर चस्पा किए जाने के निर्देश मुख्य अभियंता, स्मार्ट सिटी दिए गए। टाऊन हॉल स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे निरीक्षण के दौरान ट्रांसफार्मर वाले स्थान पर अवैध पार्किंग चलाए जाने के संदर्भ में संबंधित को नोटिस देते हुए उक्त स्थल पार्किंग हेतु चिन्हित किए जाने एवं वहीं विद्यालय के बाहर अवैध रूप से दुकान लगाकर यातायात प्रभावित किया जा रहा है को अतिक्रमण मुक्त किए जाने के निर्देश दिए गए साथ ही सप्तसागर दवा मंडी के वाहनों को पराड़कर भवन की तरफ रोड पर ही वाहनों को खड़ा कर यातायात प्रभावित किए जाने पर यातायात विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित को नोटिस देते हुए यातायात सुचारू कराए जाने के निर्देश दिए गए। टाऊन हॉल के पीछे पराड़कर भवन स्थित वाटर कूलर के पास का पाथवे को ठीक कराए जाने के निर्देश दिए गए जिससे उक्त स्थल साफ एवं सुंदर दिखे। नगर आयुक्त द्वारा टाऊन हॉल के पीछे पराड़कर भवन स्थित एक स्ट्रीट पोल टेढ़ा है एवं पोल्स पर डिस/केबल के तार के जंजाल को व्यवस्थित किए जाने हेतु सम्बंधित कंपनियों को नोटिस देते दिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे किसी भी प्रकार के दुर्घटना से बचा जा सके एवं शहर के सुन्दरता पर प्रतिकूल प्रभाव का सामना ना हो। टाऊन हॉल के पीछे गलियों में निरीक्षण के दौरान लोगों द्वारा पान के पीक थूक कर गलियों के दीवारों को गंदा किए जाने वाले स्थान को टेराकोटा पेंट कराते हुए जन स्वच्छता जागरूकता चलाकर वहां के लोगों को जागरूक करें।

## साइबर सेल ने पीएसी के रिटार्यड कमान्डर की वापस दिलायी 43 हजार रूपये



वाराणसी। लल्लन प्रसाद ग्रा0पो0 बारा थाना गहमर जिला गाजीपुर के द्वारा सूचना दी गयी कि में 25 वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली से कम्पनी कमान्डर सेवा से रिटार्यड हुआ हूँ, मेरे मोबाइल साइबर अपराधियों के द्वारा फोन कर बताया गया कि गाजीपुर ट्रेजरी से बोल रहा हूँ तथा पेंशन हेतु बैंक विवरण व ओटीपी पूछकर वादी मुकदमा के साथ 43,11,857/- रुपये की धोखाधड़ी कर लिया गया जिसके सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना वाराणसी पर मु0अ0सं0-0002/2022 धारा- 417,420 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी तथा मुकदमा उपरोक्त में 10 लोगो को गिरफ्तार करते हुए कुल 17 अभियुक्तगण के विरुद्ध आरोप पत्र प्रेषित किया गया है, तथा विभिन्न खातो में फ्राड कि धनराशि होल्ड कराया गया था।उक्त प्रकरण में समय समय पर उच्चाधिकारीगण के प्राप्त आदेश निर्देश के क्रम में वादी मुकदमा को होल्ड धनराशि के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए, तमामी जांच व विश्लेषण के उपरान्त न्यायालय से प्राप्त आदेश के क्रम में लगातार सम्बन्धित बैंको के नोडल से पत्राचार व व्यक्तिगत रुप से सम्पर्क व समन्वय स्थापित कर वादी के खाते में धोखाधड़ी की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराया गयी है। जिस पर वादी मुकदमा द्वारा लिखित रूप से तहरीर देकर सहयोग व कार्यवाही के लिए थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम के साथ साथ वाराणसी पुलिस के उच्चाधिकारीगण को धन्यवाद प्रेषित कर भूरी-भूरी प्रशंसा किया गया

## जेंडर चेंज के लिए यूपीएससी अभ्यर्थी का खौफनाक कदम, खुद काटा प्राइवेट पार्ट

**प्रयागराज ।** जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां एक ढ्यूए की तैयारी कर रहे युवक ने खुद को लड़की बनाने की चाह में अपना प्राइवेट पार्ट काट लिया। युवक ने खुद को एनेस्थेसिया का इंजेक्शन देकर यह दर्दनाक कदम उठाया। घटना के बाद वह गंभीर हालत में तड़पता रहा, जिसके बाद मकान मालिक ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।युवक उत्तर प्रदेश के अमेठी का रहने वाला है और प्रयागराज में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहा था। अस्पताल में भर्ती युवक ने बताया कि उसे बचपन से ही लगता था कि वह लड़का नहीं, बल्कि लड़की है। उसने कहा,ल्जब मैं 14 साल का था, तभी से महसूस करने लगा था कि मैं एक लड़की हूं। मेरी आवाज भी लड़कियों जैसी है। इसलिए यह कदम उठाया ताकि मैं अपने असली रूप में जी सकूं।ङ्गयुवक ने यह भी बताया कि वह परिवार का इकलौता बेटा है, इसी कारण उसने अपनी यह भावना घरवालों से छुपाई। जेंडर चेंज से जुड़ी जानकारी वह यूट्यूब पर खोजता था और उसी के आधार पर उसने यह खतरनाक फैसला लिया।फिलहाल युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है और वह अस्पताल में इलाजरत है। यह घटना न सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य और पहचान की जटिलता को उजागर करती है, बल्कि ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए जागरूकता और चिकित्सा सहयोग की कमी की ओर भी इशारा करती है।

## दबंगई से परेशान पूर्व प्रधान पति ने मांगी सुरक्षा

**निगोहां , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददात।** निगोहां थाना क्षेत्र के नटौली गांव के रहने वाले सज्जन सिंह पुत्र चंद्रमान सिंह ने दबंगई से परेशान होकर परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस मामले में पूर्व प्रधान पति सज्जन सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायती पत्र दर्ज कराया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव के ही विपक्षी प्रदीप कुमार सिंह पुत्र स्व. राम प्रताप सिंह निवासी जमादार खेड़ा नटौली व उनका परिवार आए दिन जमीन को लेकर विवाद खड़ा कर जानमाल की धमकी देता है। पीड़ित ने बताया कि विवादित भूमि को लेकर कई बार थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन पुलिस द्वारा मौके पर बुलाए जाने के बाद भी विपक्षी पक्ष खुद थाने नहीं पहुंचे। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी परिवार खुलेआम धमकी देता हैं कि हमारा बड़ा परिवार है, कुछ नहीं बिगाड़ सकते। सज्जन सिंह ने आशंका जताई है कि कभी भी विपक्षी दबंग परिवार उनके साथ गंभीर घटना को अंजाम दे सकता है। उन्होंने प्रशासन से परिवार की सुरक्षा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी अप्रिय घटना के लिए विपक्षी प्रदीप कुमार सिंह परिवार ही जिम्मेदार होगा।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने खुद के जन्म दिन पर विद्यालय को दिए तीन पंखे



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक सहयोग के तहत प्राथमिक विद्यालय बखारी को आज सामाजिक कार्यकर्ता उमेश कन्नौजिया ने तीन बड़े फैन (पंखे) दिए। विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक संतोष कुमार ने बताया कि ये गिफ्ट उमेश कन्नौजिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय के बच्चो के ।संतोष कुमार ने बताया कि प्रार्थना सभा के बाद बच्चों को बाहर ही सामान्य जानकारी, पीटी और अन्य एक्टिविटी के लिए दिए गए पंखे बहुत ही उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय बखारी में पौधे भी रोपण किया।उमेश कन्नौजिया व ग्राम प्रधान महमूदपुर सर्वेश कुमार को इंचार्ज अध्यापक ने पौधे देकर उनका स्वागत व आभार व्यक्त किया। उमेश कन्नौजिया ने भी पूरा सहयोग करने का वादा किया।इस कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,ग्राम प्रधान महमूदपुर सर्वेश कुमार,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार,ग्राम सभा निवासी दुर्गेश कुमार, कमल किशोर आदि लोग मौजूद रहे।

## सर्किट हाउस में नवचयनित लेखपालों का विशेष प्रशिक्षण आयोजित

**प्रयागराज ।** सर्किट हाउस सभागार में 216 नवचयनित लेखपालों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) संजीव कुमार शाक्य एवं नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहे।अपर जिलाधिकारी विनीता सिंह ने लेखपालों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भूमि पैमाईश, अंश निर्धारण एवं विवादों का निस्तारण लेखपालों की दक्षता पर निर्भर करता है। उन्होंने सभी को पूरी ईमानदारी और मनोयोग से कार्य करने का आह्वान किया।अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र ने कहा कि सरकारी सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि जनता की सेवा का अवसर है। उन्होंने भू-लेख नियमावली और राजस्व संहिता की गहन जानकारी हासिल करने पर बल दिया। अन्य अधिकारियों ने भी लेखपालों से सकारात्मक सोच और पारदर्शिता के साथ आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आग्रह किया।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गणेश कनौजिया, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अफशार अहमद, अपर जिला सूचना अधिकारी युवराज सिंह सहित सभी प्रशिक्षु लेखपाल मौजूद रहे।

# सीएम ग्रिड के प्रोजेक्ट मैनेजर पर ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमला, रंगदारी का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिले के घूमनगंज इलाके में शुक्रवार को सीएम ग्रिड प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर पर जानलेवा हमला हुआ। हमले का आरोप 6 नकाबपोश बदमाशों पर है, जो सीधे ऑफिस के अंदर घुसे और मारपीट करते हुए जान से मारने की कोशिश की।सूत्रों के मुताबिक, यह हमला रंगदारी को लेकर किया गया है। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पहले धमकी दी थी, जिसके बाद आज अचानक ऑफिस में घुसकर हमला किया गया। घायल प्रोजेक्ट मैनेजर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला गंभीर है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रंगदारी से जुड़े एंगल की भी गहराई से जांच की जा रही है। फिलहाल ऑफिस और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फिलहाल इस मामले में जब थाना प्रभारी धूमनगंज अमरनाथ राय से बात हुई तो उन्होंने कहा कि गोली नहीं चली है मारपीट हुई जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# गंगा-यमुना का जलस्तर घटा, कई इलाके अब भी जलमग्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे बाढ़ की स्थिति में कुछ राहत मिली है। बीते 24 घंटे में दोनों नदियों का जलस्तर कम हुआ है और अब यह खतरे के निशान से नीचे आ चुका है।फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 13 सेंटीमीटर घटकर शुक्रवार सुबह 8 बजे 83.96 मीटर दर्ज किया गया। वहीं छतनाग में गंगा का जलस्तर 18 सेंटीमीटर घटकर 83.07 मीटर पर पहुंच गया। दूसरी ओर यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 21 सेंटीमीटर की गिरावट के साथ 83.63 मीटर दर्ज किया गया।हालांकि खतरे की स्थिति फिलहाल टल गई है, लेकिन शहर के कई निचले इलाके अभी भी जलमग्न हैं। बाढ़ का पानी पूरी तरह उतरने में समय लग सकता है। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यों के तहत हजारों लोग अब भी राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं।प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है और जलस्तर में गिरावट को देखते हुए स्थिति में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## गौशाला में रोपे गए पौधे

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाउदपुर की गौशाला में पौधे रोपे गए ।पौधे रोपने का काम साईं विकास सेवा समिति की ओर से किया गया।इस अवसर पर सामाजिक सहयोग से 150 पौधे लगाए गए। गौशाला में वृक्षारोपण के मौके पर एडीओ पंचायत गोसाईगंज कमल किशोर शुक्ला, सचिव राम गोपाल , प्रशांत सक्सेना, शिक्षक नेता योगेंद्र सिंह ,अतीश कुमार, प्रधान सुरेश वर्मा, करुणेश कुमार वर्मा और समिति सचिव सुश्री रमा त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने भी पेड़ वृक्षारोपण किया।

# मोदी और योगी के नेतृत्व मे ंदेश उन्नत की ओर अग्रसर : राम मोहन अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदिनाथ के नेतृत्व में देश उन्नत की ओर बढ़ रहा है आज कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जिसका विकास ना हो रहा हो किसानों व्यापारियों महिलाओं नौजवानों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम किया जा रहा है जनता के विश्वास पर भाजपा खरी उतर रही है। यह बात आज राम मोहन अग्रवाल पूर्व पार्षद एवं अध्यक्ष लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन ने कहीं ।

उन्होंने कहा की डबल इंजन सरकार जिन-जिन राज्यों में है वहां चौमुखी विकास किया जा रहा है तकनीकी के क्षेत्र में देश आगे बढ़ रहा है आज देश में निर्मित हथियारों की मांग कई देशों में बढ़ती जा रही है उन्होंने कहा देश की जनता का मत है कि देश को बुलंदियों तक यदि कोई ले जा सकता है तो भाजपा सरकार ही है उन्होंने कहा की आज आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है जटिल से जटिल ऑपरेशन मुफ्त में किया जा रहे हैं उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से ऊपर सभी लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है किसानों को उनकी उपज का अधिक मूल मिले इसलिए इंस्पेक्टर राज की समाप्त करते हुए उन्हें यह सुविधा दी गई है कि वह अपने अनाज को प्रदेश की किसी भी मंडी में ले जाकर बेच सकते हैं जहां उन्हें अच्छा मूल मिले उन्होंने कहा कि मोटे अनाजों को बोने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है आज भारत खाद्यान्न में इतना सबल हो चुका है की कई विकसित देशों में अनाज देता है उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में संशोधन कर सभी वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने की पहल की गई है प्रतिदिन प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं पर मात्र पांच प्रतिशत जीएसटी लगाया गया है इससे बहुत सी चीज सस्ती हो गई हैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिन-रात जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं भाजपा का एक ही मकसद है की कोई भी वर्ग विकास से वंचित ना हो बिना किसी भेद भाव के बात के सभी को मुफ्त में अनाज आवास चिकित्सा शिक्षा रोजगार के अवसर प्रदान किया जा रहे हैं।

# समाजवादी पार्टी के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी भारी भीड़

**सपाईयों ने अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

माल, लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने 2027 में पीडीए की सरकार बनाने के संकल्प के साथ मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के माल ब्लॉक में बूथ अध्यक्षों एवं सेक्टर प्रभारियों का सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में भारी भीड़ उमड़ी और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ता के मुख्य अतिथि आँवला सांसद नीरज मौर्य और विशिष्ट अतिथि सांसद आर.के. चौधरी, पूर्व मंत्री राम सिंह राणा, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह तथा निवर्तमान प्रत्याशी सोनू कन्नौजिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजबाला रावत की उपस्थिति में कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य ने की और संचालन पद्माकर सिंह ने की। सम्मेलन के दौरान बूथ प्रभारियों ने सांसद आर.के. चौधरी की मौजूदगी में ही उनकी कार्यशैली को लेकर नाराज़गी जताई। इस मौके पर सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार की लचर व्यवस्था के चलते जनता स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से वंचित है। किसान खाद के लिए परेशान हैं और गरीबों को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। अब समय आ गया है कि लोकतंत्र की रक्षा हेतु वर्तमान सरकार को सत्ता से बाहर किया जाए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, पूर्व एमएलसी कान्ती सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, विजयश्री गौतम, रामगोपाल यादव, वीर बहादुर सिंह, राशिद अली, टी.बी. सिंह, राम सिंह एडवोकेट, भारत यादव, पन्नालाल रावत (जिला पंचायत सदस्य), जीत बहादुर रावत, सरोज यादव, लालाराम यादव, मनोज सिंह, सुन्दर लाल लोधी, अशोक यादव, मनीष यादव समेत बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलवे परिचालन में सुधार को लेकर मंडल रेल प्रबंधक ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रेमचन्द सभागार कक्ष में आज 12 सितम्बर,2025 को पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री कुलदीप कुमार जैन के नेतृत्व में इंटर रेलवे विजिलेंस टीम द्वारा मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन एवं मंडलीय अधिकारीयों के साथ रेलवे परिचालन में सुधार करने, कर्मचारियों के आचरण की निगरानी करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में डिजिटल युग में सतर्कता विभाग में सुधार, नवाचार और कार्यपद्धति में पारदर्शिता लाने पर विस्तृत चर्चा की गई।इस बैठक में पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री कुलदीप कुमार जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी(सिगनल एवं टेलीकाम) श्री सुमित हंसराजनी,मुख्य सतर्कता अधिकारी(स्टोर) श्री राजीव कुमार,उप मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री दुके बिश्वास, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अरुण, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती अनीता तथा पूर्वोत्तर रेलवे के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी(यांत्रिक) श्री ए पी. पाण्डेय, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी(इंजीनियरिंग) श्री अजय कुमार सिंह, सहायक सतर्कता अधिकारी(यातयात) श्री मुकेश कुमार के साथ वाराणसी मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) श्री अजय सिंह द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वाराणसी मंडल के ऐसेट्स एवं प्रबंधन से सबको परिचय कराया।बैठक में सतर्कता से संबंधित मुद्दों, उनके समाधान, और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए ठोस सुझाव प्रस्तुत किए गए। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री कुलदीप कुमार जैन ने निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सतर्कता मामलों को शीघ्रता से निपटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में पश्चिम रेलवे की सतर्कता टीम के सतर्कता अधिकारियों सहित मंडलीय अधिकारीयों ने सतर्कता के क्षेत्र में अपने अनुभव और विचार साझा किए।इस ''इंटर रेलवे विजिलेंस टीम मीटिंग'' को ''अंतर-रेलवे सतर्कता दल की बैठक'' में रेलवे के सतर्कता विभाग के दल ने में मिलकर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने, पता लगाने और इन मामलों में पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती हैं।

| |
|---|
| निविदा सं. : 106-Sig-Tender-23-2025-26 |
| कार्य का नामः "इंटरलॉकिंग ऑफ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ ऐ. डी. इस. टी./बी. एस. बी. ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज।" |
| अनुमानित लागत : रु. 1,55,95,886.68 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत : निल |
| धरोहर राशि : रु. 2,28,000.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि : 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 03.10.2025, 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है : वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

सं.: 106-सिग-टेन्डर-23/2025-26 दिनांक: 09.09.2025 2781/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-26-2025-26 |
| कार्य का नाम | "इंटरलॉकिंग ऑफ़ लेवल क्रॉसिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ़ डी.एस.टी./एल.के.ओ., डी.इस.टी./।/एल.के.ओ. एण्ड ए.डी.इस.टी./एल.के.ओ. ऑफ़ लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थेर्न रेलवेज।" |
| अनुमानित लागत | रु. 2,37,50,817.96 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु. 2,68,800.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2025, 15:30 बजे तक। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | http://www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-सिग-टेन्डर-26/2025-26 दिनांक: 09.09.2025 2784/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लखनऊ युवा व्यापार मण्डल ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर लिया स्वदेशी अपनाव का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ युवा व्यापार मंडल द्वारा गणेशगंज स्थित अपने लखनऊ व्यापार मंडल कार्यालय में स्वदेशी अपनाओ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। लखनऊ युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बंताया है लखनऊ के विभिन्न बाजारों से व्यापारी अपना समर्थन हस्ताक्षर करने के लिए दोपहर एक बजे से कार्यालय आने लगे।

स्वदेसी अपनाव का नारा बुलंद कर साथ ही ऑनलाइन ड्रेडिंग बंद करो की अपील भी की!हस्ताक्षर अभियान शाम 6 बजे तक निरंतर जारी रहा व्यापारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लखनऊ युवा व्यापार मंडल द्वारा आगामी दिनों में एल डी ए की समाधान बैठक भी आहूत की जानी प्रस्तावित है सभी व्यापारियों को सूचना प्रेषित की गयी है। युवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निखिल रस्तोगी




द्वारा युवा शक्ति को मज़बूती देते हुए फैजूल्लागंज, प्रीति नगर, सीतापुर रोड,माड़ियावा, अमीनाबाद, रकाबगंज, सहित अन्य बाज़ारो के लगभग दो सौ से अधिक व्यापारियों को संगठन मे जोड़ने का कार्य किया गया है। प्रमुख रूप से लखनऊ व्यापार मण्डल महामंत्री अभिषेक खरे,पूर्व पार्षद लखविंदर सिंह, विनय जोगी,ओम अग्रवाल, नितिन जैन, अंकुर, मो वशीम, राजू साहू, राज श्रीवास्तव, मो मुस्तकिम, मो नवसाद सहित बड़ी संख्या मे व्यापारी पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

# नगराम: जयगुरुदेव धर्म प्रचारक के राष्ट्रीय महामंत्री रहे डॉ. रामकृष्ण यादव की 8वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के सलेमपुर अचाका निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय महामंत्री रहे डॉ. रामकृष्ण यादव (दद्दू बाबा) की 8वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में उनके आवास पर मनाई गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु, संगत और क्षेत्रीय लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का आयोजन अरविन्द यादव, रामनरेश यादव और मुलायम यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहम्मद ईशा ने डॉ. रामकृष्ण यादव के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दद्दू बाबा के जीवन और व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे जयगुरुदेव जी



महाराज के सबसे करीबी सहयोगी और दाहिने हाथ थे। उनका सरल स्वभाव और सेवा भाव आज भी लोगों को प्रेरित करता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का मनुष्य भटकाव और बुराइयों में उलझता जा रहा है मनुष्य अपराध, नशाखोरी, बीमारी और हिंसा से समाज में लगातार जकड़ता जा रहा है। जिस शरीर को प्रभु दर्शन का साधन बनाया गया है, उसे लोग मांस, मछली, अंडा और शराब जैसी चीजों से अपवित्र कर रहे हैं। ऐसे में पूजा-पाठ और यज्ञ का फल मिलना कठिन हो गया है, यही कारण है कि प्राकृतिक आपदाएं और बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने लोगों से शुद्ध शाकाहारी

## हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे, सत्संग व भंडारे में लिया प्रसाद

जीवन अपनाने और सत्संग व सेवा से जुड़ने का आह्वान किया। सत्संग के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने दद्दू बाबा की शिक्षाओं और उनके संघर्षपूर्ण जीवन को याद किया। कार्यक्रम में लखनऊ जयगुरुदेव संगत के जिलाध्यक्ष बाबूलाल, उन्नाव से सहदेव, फूल कुमार यादव, रामविलास यादव, पूर्व प्रधान सूरज यादव, रिंकू, डैडी, ऋतिक, अनुराग, रोशन लाल, जमुना प्रसाद, हिरई, सत्रार, बाबू समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व संगत मौजूद रही।

# मदारी खेड़ा गांव वापस प्राथमिक विद्यालय आने पर अभिभावकों व बच्चों में खुशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । पेयरिंग से निगोहां के मदारी खेड़ा का प्राथमिक विद्यालय दो माह 11 दिन बाद जब वापस गांव लौटा तो बच्चों के साथ अभिभावकों के खुशी का ठिकाना न रहा। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। स्कूल में कुल 36 बच्चों मे से 33 बच्चों ने उपस्थिति हुई। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष ललित कुमार सिंह ने पहुंचकर बच्चों को मिठाई के साथ उन्हें कॉपी व स्टेशनरी वितरित किया

ध्यान रहे कि मदारीखेड़ा का प्राईमरी स्कूल गांव से लगभग ढाई से तीन किलोमीटर दूर भावा खेड़ा गांव के जूनियर में मर्ज होने को लेकर दर्जनों ग्रामीणों सहित भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने स्कूल को गांव में वापस लाने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के साथ जिलाधिकारी व बीएसए को पत्र



भेजकर वापस लाने की गुहार लगाई थी, मामले को लेकर निगोहां प्रेस क्लब ने भी मुद्दा उठाया था। जिसमे ग्रामीणों का कहना था कि अधिक दूरी होने के साथ-साथ रास्ते भर में जंगल भी फैला हुआ है साथ ही बड़े -बड़े वाहन डंपर आदि बहुत तेज चलतें है जिसके चलते गांव के कई लोगों के साथ घटनाये भी हो चुकी हैं। जिसको लेकर कैनविज टाइम्स समाचारपत्र ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था जिसका संज्ञान लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को स्कूल की वापसी कर दी वहीं स्कूलवापस गांव लौटा तो बच्चों के साथ अभिभावकों के खुशी का ठिकाना न रहा। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर

## निगोहां मंडल अध्यक्ष भाजपा ललित सिंह ने बच्चों की बांटीं मिठाई व स्टेशनरी

## कैनविज टाइम्स समाचारपत्र में प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी खबर

खुशी जाहिर की। शिक्षा मित्र साहिन ने बताया कि स्कूल में पहले ही दिन कुल 36 बच्चों मे से 33 बच्चों की उपस्थिति हुई वहीं इससे पूर्व जब भावाखेडा में था तो सिर्फ 10 से 12 बच्चें ही पहुच पाते थे। स्कूल छोड़ चुकी रसोइयों ने भी वापिसी की। शुक्रवार को मौके पर पहुचें भजापा मण्डल अध्यक्ष ललित सिंह ने पहुंचकर बच्चों को मिठाई के साथ उन्हें कॉपी व स्टेशनरी वितरित किया। जिसे पाकर बच्चें काफी खुश हुए। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान गुलाम गौस सहित काफी अभिभाक मौजूद थे।

# मेधावियों का हुआ सम्मान समारोह, रोबोटिक्स लैब का भी हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पायनियर मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज की एल्डिको में शुक्रवार को संस्थापक दिवस के अवसर पर विद्यालय की समस्त शाखाओं के यूपी, सीबीएसई एवं आईएसई/आईसीएसई बोर्ड के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा रोबोटिक्स एवं एआई लैब का उद्घाटन भी हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरज बोरा एवं विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता बिंदु बोरा रही। वहीं इस मौके पर जानकीपुरम की पार्षद निशा तिवारी भी मौजूद रही। पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी एवं हिमांशु अंबेडकर सभासद शारदा नगर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड में हाईस्कूल के टॉपर मोहम्मद मियां एवं आराध्या वर्मा,




सीबीएसई बोर्ड के सुब्रत शुक्ला तथा आईसीएसई बोर्ड के आद्रिका सिंह यादव एवं रितेश चंद्र यादव रहे। कक्षा 12वीं के यूपी बोर्ड टॉपर्स तेजस मिश्रा, मोहम्मद जीशान वारसी, सीबीएसई बोर्ड की तन्वी मिश्रा तथा आईसीएसई बोर्ड की अनन्या कुमार श्रीवास्तव रहे। जिनको 11 हजार का चेक देकर सम्मानित किया गया। वहीं 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

# नगराम: दहेज में फ्लैट व लाखों की मांग न पूरी होने पर विवाहिता से मार-पीट, मुकदमा दर्ज

## थाने से नहीं मिला न्याय तो पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से लगाईं न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। हिल्टन पब्लिक स्कूल की शिक्षिका कीर्ति मौर्य ने पति व ससुराल पक्ष पर फ्लैट और लाखों रुपये की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर लगातार प्रताड़ित करने, मार-पीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर नगराम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विवेचना में जुट गई है। पीड़िता का आरोप वर्ष 2020 में कीर्ति मौर्या की शादी अखिलेश कुमार मौर्य से हुई थी। शादी में सुपर स्प्लेंडर बाइक, सोने-



चांदी के गहने और अन्य सामान दिया गया, लेकिन ससुराल पक्ष ने दहेज कम बताते हुए नाराजगी जताई। शादी के कुछ महीने बाद से ही पीड़िता को लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि पति व ससुराल वाले नोएडा में फ्लैट और लग्जरी ब्रांडेड सामान की डिमांड पूरी करने के लिए पीड़िता पर दबाव डालते रहे। अगस्त 2022 में पति के साथ नोएडा शिफ्ट होने के बावजूद ससुराल वाले वहीं पहुंचकर गाली-गलौज व मारपीट करते रहे। जून 2024 में एक विवाद के दौरान पीड़िता को बेरहमी से पीटा गया और तलाक देकर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि नगराम थाने में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने लंबे समय तक एफआईआर दर्ज नहीं की। दबाव डालने पर पुलिस ने महिला थाने से कार्रवाई कराने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। पीड़िता ने बाद में महिला थाना हजरतगंज का भी दरवाजा खटखटाया, लेकिन वहां भी कार्रवाई से मना कर दिया गया।थक-हारकर पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से लिखित शिकायत कर पति व ससुराल पक्ष पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उसने कहा कि जब तक दोषियों को जेल नहीं भेजा जाएगा, तब तक उसे और उसके मायके परिवार को जान का खतरा बना रहेगा।

# सेवा पर्व: यूपी में 15 लाख पौधरोपण कराएगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान देश में 1.25 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसमें से योगी सरकार प्रदेश में 15 लाख पौधरोपण कराएगी। 17 सितम्बर को पर्व के शुभारम्भ पर प्रदेश के 34 नगर वन में कम से कम 100-100 पौधरोपण कराया जाना अनिवार्य है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान, वर्षा जल संचयन समेत अनेक अभियान भी चलाए जाएंगे। हर जनपद में प्रभागीय वनाधिकारी इसके नोडल अफसर होंगे।

जनसहभागिता से सभी 75 जनपदों में होगा आयोजन प्रमुख सचिव (वन-पर्यावरण) अनिल कुमार ने बताया कि यूपी के लिए 15 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने मुख्यालय के अधिकारियों समेत सभी प्रभागीय



वनाधिकारियों को निर्देशित किया कि यूपी के सभी 75 जनपदों में जनसहभागिता के माध्यम से पौधरोपण कराया जाए। इसके लिए प्रजातियों का चयन कर लिया जाए। सभी पौधरोपण स्थलों के फोटोग्राफ व एमआईएस डेटा के साथ ख्द्ग्न्द्ध ख्द्बद्धद्ग पोर्टल पर अपलोड किया जाए। जिला वृक्षारोपण समिति अन्य विभागों से सामंजस्य स्थापित करते हुए पौधों की सुरक्षा व रख-रखाव भी सुनिश्चित करेगी।

34 नगर वन-वाटिका में कम से कम 100-100 पौधे लगाना अनिवार्य पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि सेवा पर्व के शुभारंभ पर 17 सितम्बर को यूपी के 34 नगर वन-वाटिका में कम से कम 100-100 पौधे लगाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त विभाग के सभी कार्यालयों, वन निगम के समस्त डिपो में स्वच्छता तथा प्राणि उद्यान व सफारी में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन करने को

## 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक मनाया जाएगा सेवा पर्व

लेकर भी अभियान चलेगा। विभिन्न पक्षी अभयारण्यों में सफाई अभियान, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता, वर्षा जल संचयन व जल स्रोत के संरक्षण पर जागरूकता अभियान भी चलेगा। प्रत्येक प्रभाग में नर्सरी एक्शन प्लान पर कार्यशाला होगी। जिला स्तर पर विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत को लेकर प्रबुद्ध वर्ग संवाद में वन-वन्यजीव संरक्षण, हरीतिमा संवर्धन, जैव विविधता आदि विषयों पर डीएफओ प्रतिभाग भी करेंगे। जनपदीय मेले व प्रदर्शनियों में वन विभाग का भी सहयोग रहेगा। आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है।

# राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के दस स्थानों पर होगा नमो युवा मैराथन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को लखनऊ महानगर कार्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अनुभव द्विवेदी व युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि ध्युवा ही भारतीय जनता पार्टी का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन 27 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस अभियान के तहत लखनऊ में 17 सितम्बर को विशेष रक्तदान शिविर का




## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान करेंगे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता

आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवा मोर्चा द्वारा 175 यूनिट रक्तदान कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम काल्विन तालुकदार कॉलेज में आयोजित होगा। इसके लिए युवा मोर्चा लगातार युवाओं से सम्पर्क कर उन्हें इस सेवा कार्य में भागीदारी के लिए प्रेरित कर रहा है।

प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी ने कहा कि ध्युवा मोर्चा पूरे उत्तर प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। विशेष रूप से 21 सितम्बर को नमो युवा मैराथन का आयोजन 10 जिलों में किया जाएगा, जिसमें लखनऊ में लगभग 10,000 युवाओं के भाग लेने की सम्भावना है। लखनऊ के प्रत्येक कार्यकर्ता लगातार रजिस्ट्रेशन अभियान में जुटे हैं। मैराथन दौड़ में भाग लेने के इच्छुक युवा निर्धारित नंबर पर सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।ङ्क पुरुस्कार के रूप में प्रथम आने वाले को 21,000/-, द्वितीय स्थान 11,000/- तृतीय स्थान 5,100/- प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ध्लखनऊ महानगर प्रदेश में प्रत्येक अभियान में पहले स्थान पर रहने की पहल करता है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में लखनऊ को अग्रणी बनाने के लिए युवा मोर्चा ने विशेष रणनीति तैयार की है। लखनऊ के प्रतिष्ठित एथलीट, खिलाड़ी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तथा युवाओं की बड़ी संख्या से सम्पर्क कर उन्हें इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। स्कूलों, कोचिंग संस्थानों, पार्कों, जिम एवं अन्य केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर युवाओं का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत आगामी कार्यक्रमों में 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर, 21 सितम्बर को नमो युवा मैराथन, तथा सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और सेवा भावना के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। प्रेसवार्ता में महानगर महामंत्री अमित त्रिपाठी, अभिषेक गुप्ता, दीपू शुक्ला तथा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर जान दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर । इलाके में गुरुवार शाम एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार शराफत नगर निवासी नीतू श्रीवास्तव (40) यहां गुरुवार शाम 5 बजे अपने घर बलिया से वापस आई थी। शाम 6 बजे जब उनके पति अरविंद श्रीवास्तव ने कई बार फोन किया फिर भी कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने रिश्तेदार प्रिंस को घर पर देखने के लिए भेजा। प्रिंस जब घर पहुंचा तो देखा कि नीतू के कमरे का दरवाजा बंद है और वह पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नीतू के पति अरविंद एलआईसी एजेंट हैं और मौजूदा समय बलिया में ही हैं। पुलिस की सूचना पर देर रात वह घर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि अभी तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है ना ही कोई सुसाइड नोट मिला है।

# एस. एस. कॉन्ट्रैक्टर पर हुए भुगतानों में लाखों का भ्रष्टाचार

**फर्म के मालिक बड़े मियां ने दावा किया है कि अधिकतर ब्लॉकों में गलत हो रहा है। मैं इसकी शिकायत विधायक से करूंगा, विधायक की छवि को भी धूमिल किया जा रहा है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा, कमलापुर। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत पंचायत सचिव अभय प्रताप दीपक की प्रभारी ग्राम पंचायतों में अपनी चहेती फर्म एस एस कॉन्ट्रैक्टर पर लाखों का भुगतान लगाकर सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है। फर्म के मालिक बड़े मियां ने दावा किया है कि अधिकतर ब्लॉकों में गलत हो रहा है। मैं विधायक के पास जाऊंगा कहकर विधायक की छवि को भी धूमिल किया जा रहा है। और सचिव को नौकरी करनी है।जहां रहेंगे वही हम भी काम करूंगा। ऑनलाइन पोर्टल पर बिना कार्य स्पष्टीकरण के लाखों के भुगतान देखे जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया में भी भारी अनियमितता बरती जा रही है। सूत्रों का दावा है। सचिव साहब आए दिन अपने कार्य क्षेत्र से गायब रहते हैं। जब कोई भी फरियादी विकासखंड पहुंचता है। तो कार्यालय पर ताला लगा होता है। या फिर सचिव का अधीनस्थ कार्य करता है। और जो परिवार रजिस्टर नकल के नाम पर और जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर पैसे भी ले रहा है सचिव साहब की अनुपस्थिति में सचिन का अधीनस्थ सचिव के साइन करके नकल दे दी जाती है उक्त साहब की प्रभारी पंचायतों में हुए भुगतान का यदि;उच्चाधिकारियों द्वारा जिम्मेदारी से निरीक्षण किया जाए तो सचिव और ठेकेदार के बीच सरकारी धन का बड़ा बंदरबांट साबित होगा। दिनांक 12.9.2025 को विकासखंड परिसर में बने कार्यालय पर दोपहर 2:00 बजे तक ताला पड़ा दिखाई दिया। तो खंड विकास अधिकारी कसमंडा से उक्त सचिव के बारे में जानकारी ली गई। तो उन्होंने बताया हमारे सभी सचिवों को अपने कार्य क्षेत्र में होना चाहिए । उनकी ग्राम पंचायत में जानकारी कर लें। कई पंचायत के प्रधानों से जानकारी ली गई तो मंगूपुर प्रधान द्वारा बताया गया। फ़ेस आईडी लगती थी। सचिव साहब आए थे लेकिन चले गए।

## डलमऊ कस्बे में ईद मिलाद-उन-नबी के जलसे का हुआ आयोजन

डलमऊ,रायबरेली। ब्रहस्पति वार रात को डलमऊ कस्बे के मियां टोला में ईद मिलाद-उन-नबी का जलसा बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ आयोजित किया गया। जलसे का संचालन हाफिज महफ़ूज़ रज़वी ने किया दूर दराज से आए उलमा ए किराम और शोअरा ने नबी की शान में नात पढ़ी जिसमें डीह से आए शायर मौलाना अख़्तर रज़ा ताबानी और फतेहपुर से आए शायर ज़ाहिद रज़ा ने कलाम पढ़ कर शमा बांध दिया जलसे के मुख्य अतिथि और वक्ता प्रसिद्ध इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती सिराजुद्दीन अल क़ादरी बरेलवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको पैग़म्बरे इस्लाम के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है और झूठ, फरेब, धोखाधड़ी, नशे और शराब नोशी से दूर रहें इस्लाम अमन शांति का पैगाम देता है अतः सभी को बुराइयों से दूर रहना चाहिए भलाई के कामों में बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए साथ ही साथ शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आधी रोटी खाइये और बच्चों को ज़रूर पढ़ाइये जलसे में बड़ी तादाद में लोगों ने बड़े ही उत्साह से हिस्सा लिया।

## सीतापुर में जिला औद्यानिक मिशन समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला औद्यानिक मिशन योजना वर्ष 2025-26 के कार्यान्वयन हेतु जिला मिशन समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये तथा लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक आवेदन कराये जायें। उन्होंने कहा कि लम्बित आवेदनों को समयबद्ध रूप से निस्तारित किया जाये तथा किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये।एकीकृत बागवानी विकास मिशन सहित अन्य योजनाओं में वर्ष 2024-25 में कराये गये कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी तथा वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।बैठक के दौरान जिला उद्यान अधिकारी राजश्री ने बताया कि उद्यान निदेशालय लखनऊ द्वारा जिला औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में जनपद हेतु प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष विभागीय पोर्टल पर कृषकों के पंजीकरण के उपरान्त प्रथम आवक प्रथम पावक नियमों का पालन करते हुये कार्यक्रम क्रियानवित कराया जायेगा एवं कृषकों को डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित कृषक चौपाल कार्यक्रमों में कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है।उन्होंने बताया कि विभागीय बेवसाईट दथ्.फ्क्द्धधन्द्धदफ्द्यफ्न्द्.द्धद्ध पर ऑनलाइन कृषक पंजीकरण कर प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर शासनादेशानुसार कृषकों का चयन कर कार्यक्रमों का समयान्तर्गत क्रियान्वयन कराया जायेगा। पंजीकरण हेतु खतौनी की छायाप्रति, बैंक पासबुक के पहले पेज की छायाप्रति जिसमें बैंक ब्रान्च का नाम, खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0 कोड स्पष्ट अंकित हो, पहचान पत्र (केवल आधार कार्ड) की छायाप्रति तथा कृषक के 2 (दो) पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ आवेदन किया जा सकता है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ खैराबाद ब्लॉक पर धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सांसद राकेश राठौर भी बैठे प्रधानों के साथ**

**खैराबाद ब्लॉक को लूट का अड्डा न बनाओ, सांसद राठौर की बीडीओ को चेतावनी**

**तीन साल से अटका भुगतान, मजबूर होकर धरने पर बैठे प्रधान, भ्रष्टाचार के आरोप तेज़**

सीतापुर, खैराबाद । आज ब्लाक खैराबाद पर ग्राम बद्रीपुर मंसूरपुर की प्रधान गुड़िया के पति तथा प्रधान प्रतिनिधि रमेश कुमार लोधी ब्लॉक पर आकर अपने दस्तावेजों के साथ धरने पर बैठ गए उनका कहना है कि ब्लॉक पर उनका 3 वर्षों से कोई भी भुगतान नहीं हुआ है जिस कारण वह काफी परेशान है उन्होंने बताया कि उनकी माता जी लखनऊ में पीजीआई में भर्ती हैं उनके स्टंट पडना है उनका लाखों रुपया खर्च हो चुका है अभी उपचार में काफी पैसा खर्च होगा उनकी माताजी रामकली 65 वर्ष की है पिताजी नहीं है वह उनके इलाज कराने में जुटे हुए हैं लेकिन पैसा खत्म हो जाने पर वह अपना ब्लॉक पर बकाया पैसा लेने कल आए थे यहां पर बताया गया कि रुपया जमा करो। तभी कल जब बकाया धन आएगा तो मिल जाएगा उन्होंने बताया कि उनसे पैसा तो जमा करा लिया गया है लेकिन उनको एक भी पैसा भुगतान नहीं किया गया है उन्होंने यह भी बताया उनकी तरीके के कई ऐसे प्रधान है जिनका भुगतान नहीं किया गया है मौके पर वह सभी आ गए थे खबर पाकर ब्लॉक पर पहुंचे सांसद राकेश राठौर भी प्रधानों के साथ धरने पर बैठ गए तथा खंड विकास अधिकारी नीरज दुबे मौके पर नहीं मिले जिस कारण सांसद ने उनसे फोन पर बात करते हुए कहा कि खैराबाद ब्लॉक को लूट का अड्डा कतई ना बनाएं उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सामने मिल लूंगा तो तुम्हें बुखार आ जाएगा। इस संबंध में सांसद राकेश राठौर से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि खैराबाद ब्लॉक में काफी भ्रष्टाचार बढ़ गया है तथा प्रधानों के माध्यम से उन्हें ज्ञात हुआ कि यहां पर चहेते लोगों का ही भुगतान कराया जा रहा है शेष लोगों को काफी परेशान किया जा रहा है जिसकी सूचना पाकर को ब्लॉक आए थे लेकिन खंड विकास अधिकारी से वार्ता नहीं हो पाई उनसे सिर्फ फोन पर वार्ता हुई है जब वह यहां पर आकर उपस्थित होंगे तब ब्लॉक पर आकर वह स्वयं बीडियो से बात करके समस्या का निवारण करने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर कई ग्राम सभा के प्रधान मौके पर मौजूद थे सभी का यही कहना था कि प्रधानमंत्री योजना का पैसे का भुगतान उन लोगों को नहीं हुआ है जिसके कारण ग्राम प्रधान काफी परेशान है तथा यह कार्यालय लूट का अड्डा बन गया है।

## वरिष्ठ समाजसेवी सुनील कुमार पांडेय की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

बिसवा, सीतापुर। बिसवा तहसील स्थित नरसिंह धाम मंदिर पर बिसवा लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय सुनील कुमार पांडेय की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा और भावनाओं के साथ मनाई गई।इस अवसर पर विधायक निर्मल वर्मा, मास्टर प्रमोद वर्मा, कसमंडा स्टेट कुँवर दिनकर प्रताप सिंह, आर.पी. सिंह, अमर मेहरोत्रा, अश्वनी कुमार त्रिपाठी, विवेक पांडेय, सलिल सेठ, सी.पी. सिंह, अरुण नाथ सिंह, बबलू जोशी, रितुराज सिंह, दीपक शुक्ल, के.के. मिश्रा, विनय सिंह, अब्दुल अतीक खान, संदीप मिश्रा, वीरेश मिश्रा, रजनीश मिश्रा, सुरेंद्र गौड़, मुदित सिंघल, विशाल गुप्ता, जगदंबा प्रसाद रस्तोगी, श्याम यादव, नीरज मिश्रा, दीपक तिवारी सहित बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन रूपेश अवस्थी ने किया। उपस्थित लोगों ने पांडेय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और समाज के लिए उनके योगदान को याद किया। साथ ही उनके परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान करने का संकल्प भी लिया ।

## सीतापुर में हेलमेट अनिवार्य: परिवहन विभाग का सख्त अभियान जारी

**एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में चला विशेष अभियान, पेट्रोल पंपों पर जांच तेज**

**यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान में आम जनता की भागीदारी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। परिवहन विभाग सीतापुर द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ जी के आदेश पर चलाये जा रहे है नो हेलमेट, नो फ्यूल के विशेष अभियान के तहत चेकिंग अभियान के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम जारी रहा। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में परिवहन विभाग की दो टीमों ने पेट्रोल पम्पो पर जाकर बाईक सवारों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार को सीतापुर नगर के पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट, नो फ्यूल का अभियान चलाया गया जिसके तहत 57 बाईक सवारों के चालान भी किये गये। उन्होने बताया कि अभियान के तहत अब तक कुल 813 बाईक सवारों के चालान काटे जा चुके हैं जबकि 3462 से अधिक बाईक सवारों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि अटरिया, सिधौली व कमलापुर में अभियान चलाया गया। उन्होने कहा कि हेलमेट न लगाने के चलते हादसा होने की दशा में बाईक सवार की जान को बचाना मुश्किल होता है। ज्यादातर सड़क हादसों में बाईक सवार की मौत का प्रमुख कारण सिर की चोट होता है। यातायात नियमों का पालन कर सड़क हदसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। हेलमेट का चालान एक हजार रूपये का होता है एक हेलमेट बाईक सवार को हमेशा चालान व जीवन को बचाने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक होने का भी सूचक होता है। अभियान के दौरान यात्री/मालकर अधिकारी एम0ए0 अहमद व प्रवर्तन आरक्षी भी मौजूद रहे।

## सरजू सहकारी चीनी मिल्स की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक संपन्न

**गन्ना पेराई सत्र 24-25 व 25-26 पर अहम निर्णय**

**बेलरायां में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी, 12 सितंबर। सरजू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, बेलरायां की 12वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक शुक्रवार को डीएम व मिल अध्यक्ष दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में हुई। विधायक शशांक वर्मा और एसपी संकल्प शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक का संचालन प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार ने किया।पिछली कार्यवाही की पुष्टि के बाद गन्ना पेराई सत्र 2024-25 व 2025-26 के लिए गन्ना क्षेत्र के सुरक्षित करने और अर्भ्यपण से जुड़े अहम प्रस्तावों पर मंथन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सभी किसानों व मिल से जुड़े साथियों का धन्यवाद किया। गन्ना पेराई सत्र 2024-25 और 2025-26 को सफल बनाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। किसानों को समय पर भुगतान, गन्ना क्षेत्र की सुरक्षा और पारदर्शी खरीद हमारी पहली प्राथमिकता है। आपके सुझावों से ही मिल का कामकाज और बेहतर होगा। विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि आपसे प्राप्त सुझावों पर विचार विमर्श करते हुए अमल किया जाएगा। गन्ना आयुक्त के निर्देशों के तहत क्रयकेन्द्रों के पुनर्गठन पर भी निर्णय लिया गया। प्रस्तावों के अनुसार क्रयकेन्द्र कुर्मिनपुरवा से आबद्ध ग्राम मोल्हेपुरवा, मिठुई व मटहिया को क्रयकेन्द्र झण्डी से जोड़े जाने, बजाज शुगर मिल पलियाकलां को गतवर्ष अभ्यर्पित 7 में से 6 क्रयकेन्द्र यथावत रखने व 1 क्रयकेन्द्र दुबहा को चीनी मिल गुलरिया में अभ्यर्पित करने पर विचार हुआ। इसी तरह बलरामपुर चीनी मिल गुलरिया को गत वर्ष अभ्यर्पित 17 क्रयकेन्द्रों को बनाए रखने तथा 1 क्रयकेन्द्र दुबहा को पलिया से गुलरिया में अभ्यर्पित करने का प्रस्ताव रखा गया। गोविन्द शुगर मिल ऐरा को गत वर्ष अभ्यर्पित 9 क्रयकेन्द्रों को यथावत रखने और बीएचएल खम्भारखेड़ा को गत वर्ष अभ्यर्पित 2 क्रयकेन्द्र (ढखेरवा चौराहा प्रथम व द्वितीय/कुसहा) को सरजू सहकारी चीनी मिल्स बेलरायां में सुरक्षित करने पर भी चर्चा हुई।पेराई सत्र 2025-26 के लिए 30 सितंबर तक नये व वारिस सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया। अब तक 11 सितंबर तक 150 नये सदस्य बनाए जा चुके हैं और 7 कृषकों की सदस्यता प्रक्रिया पूरी की गई है। नाबार्ड योजना के तहत आगामी 3 वर्षों के लिए नई ऋण सीमा स्वीकृति और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संघ कार्यालय से प्राप्त बजट अनुमोदन पर भी सहमति बनी।

## मझगई क्षेत्र में नहीं रुक रही चोरियां चोरियों से क्षेत्र में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मझगई, खीरी। थाना मजगई क्षेत्र में नहीं रुक रही चोरी की वारदातें। चोरों ने जहां नौगवा कस्बे में एक बंद घर को निशाना बना कर नगदी सहित दस लाख का माल कर दिया वहीं ग्राम पंचायत छेदुई के अंबेडकर बुद्ध मंदिर में धावा बोल सामान समेट ले गये। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर को दूसरी बार चोरों ने बनाया है निशाना। अंबेडकर बुद्ध बिहार द्वारिका दास बाबा मंदिर से चोर दो बैटरी और एक छत का पंखा चुरा ले गए। चोरों ने मंदिर में बने शयन कक्ष का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोरी का पता अगली सुबह तब चला, जब लोग पूजा के लिए मंदिर पहुंचे और शयन कक्ष का ताला टूटा देखा।मंदिर कमेटी के अध्यक्ष छड़ीराम ने बताया कि इसी मंदिर में पांच साल पहले भी चोरी हुई थी। उस वक्त चोरों ने पुजारी भंते बुद्ध रत्न के साथ मारपीट की थी। इस हमले में पुजारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। चोर तब भी बैटरा, पंखा और अन्य सामान चोरी कर के ले गए थे। दो बार की चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश है। मंदिर कमेटी के सदस्य थाने जाकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मौके पर ब्रह्मादीन, शंकर लाल, अवधेश कुमार, महावीर, रामशंकर समेत कई ग्रामीण और कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

## मैंगना चीनी मिल ग्राउंड में प्रथम कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



कमलापुर, सीतापुर। विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र अन्तर्गत मैगना चीनीमिल ग्राउंड कमलापुर पर सुक्रवार को प्रथम कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का सुभारम्भ निर्धन परिवार कल्याण सेवा संस्थान के प्रबन्धक समाज सेवी अभिषेक ठाकुर ने फीताकाटकर किया कार्यक्रम मे पहुचे अतिथियों का कमेटी के सदस्यो ने बैच लगाकर स्वागत सम्मान किया प्रतियोगिता मे कुल 11 टीमो ने हिस्सा लिया जिसमे जनपद सीतापुर समेत प्रदेश की कई टीमे सामिल है,प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बक्सी का तालाब लखनऊ व लखनऊ की टीम के मध्य खेला गया इस मौकेपर लखनऊ की टीम ने जीत हासिल की इस मौके पर उपस्थित अनूप सिंह, कौशल कुमार,छोटू सिह, शिवम सिंह, कन्हैया लाल यादव,राहुल यादव, पूर्व प्रधान नेवादा शिवराम रावत, मोहम्मद तालिब, विभोर सिंह,समलू रावत, सही बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे

## आरोपी फर्जी ठेकेदार की गिरफ्तारी के लिये परिषद ने एसएसपी को दिया ज्ञापन



गोरखपुर । विगत 10 सितंबर को लोक निर्माण विभाग के अभियंता को फर्जी ठेकेदार द्वारा मारने पीटने के मामले में आज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव से फोन पर वार्ता किया और शीघ्र गिरफ्तारी का निवेदन किया। अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव स्वास्थ्य कारणों से दिल्ली में है वहीं से उन्होंने परिषद की टीम को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपी लल्लन दुबे के गिरफ्तारी की मांग करिए। अध्यक्ष के निर्देश पर महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक उत्तरी से मुलाकात कर आरोपी फर्जी ठेकेदार के गिरफ्तारी की मांग किया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी के शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन मिला। पुलिस अधीक्षक से वार्ता में महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि आरोपी लल्लन दुबे गैंग बनाकर पीडब्ल्यूडी के आसपास घूम रहा है जिससे इंजीनियरों में भय व्याप्त है और वह कार्य बहिष्कार पर हैं इसलिए परिषद यह अनुरोध करता है कि ऐसे गोलबंद अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो जिससे भय मुक्त माहौल में इंजीनियर और कर्मचारी कार्य कर सकें।इस अवसर पर परिषद के संरक्षक अशोक कुमार पांडे इ0 सौरभ श्रीवास्तव राजेश कुमार मिश्रा बंटी श्रीवास्तव अनूप कुमार फुलई पासवान ओंकार नाथ राय इजहार अली राजू कुमार सहित तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसानों के लिए बड़ी सौगात : सरजू सहकारी चीनी मिल्स में 'किसान जलपान गृह' का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सरजू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, बेलरायां में शुक्रवार को 'किसान जलपान गृह' की भव्य शुरुआत हुई। डीएम व मिल अध्यक्ष दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक शशांक वर्मा और एसपी संकल्प शर्मा ने उपाध्यक्ष सुच्चा सिंह संग विधि-विधान से पूजन कर फीता काटा और कैंटीन को किसानों को समर्पित किया।उद्घाटन के बाद डीएम, विधायक और एसपी ने किसानों और मिल पदाधिकारियों के साथ बैठकर जलपान किया। इस दौरान डीएम ने प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसानों को किफायती दर पर पौष्टिक भोजन थाली उपलब्ध कराई जाए, ताकि गन्ना आपूर्ति के दौरान उन्हें गुणवत्तापूर्ण खानपान की चिंता न रहे।गौरतलब है कि हाल में हुई बोर्ड बैठक में लिया गया यह निर्णय अब हकीकत बन चुका है। किसानों ने इस पहल को ल्लकिसान हित में बड़ा कदमङ्क बताते हुए डीएम और विधायक का आभार जताया। उनका कहना था कि इस कैंटीन से गन्ना लाने वाले किसानों को उचित दाम पर समय से भोजन मिल सकेगा और उनका समय व मेहनत दोनों बचेंगे।

## एल्पिस ग्लोबल स्कूल में भारत स्काउट गाइड का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। शहर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल में छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में आयोजित भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के तृतीय एवं अंतिम दिवस पर प्रशिक्षुओं को बिना बर्तन के भोजन निर्माण, तंबू निर्माण, प्राथमिक उपचार, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सामूहिक सहयोग जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। छात्रों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इन गतिविधियों में भाग लेकर जीवनोपयोगी अनुभव प्राप्त किए।शिविर का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिनमें प्रमुख रूप सेश्री रमेश बाजपेई (मुख्यायुक्त)श्री मंगली प्रसाद (लीडर ट्रेनिंग स्काउट)श्री अनिल बंशवार (स्काउट मास्टर)सुश्री प्रतिभा श्रीवास्तव (एडवांस गाइड)श्री रूपेश अवस्थी (सहायक जिला आयुक्त)तथा विद्यालय के स्कूल ट्रेनर श्री दिलशाद अली व सुश्री नेहा मौर्याशामिल रहे।समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी, श्री मुदित सिंघल एवं श्री अनुज सिंघल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में श्री उमंग राजवंशी ने कहा कि ल्लइस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर छात्रों में देशभक्ति, चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता एवं स्वावलंबन की भावना का विकास करते हैं, जो उन्हें जीवन में सफलता के मार्ग पर अग्रसर करते हैं।ङ्कइस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने शिविर की सफलता के लिए सभी प्रशिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में शहर के सम्मानित स्थानीय अतिथि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप सेश्री विवेक गुप्ता, श्रीमती सबा शाकिल, श्रीमती अंकिता सिंघल, श्रीमती निशी सिंघल,तथा अन्य विशिष्ट अतिथिगण शामिल रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों की ऊर्जा, अनुशासन और प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की।त्रिदिवसीय इस शिविर के माध्यम से न केवल छात्रों ने विभिन्न जीवन कौशल सीखे, बल्कि सहयोग, आत्मविश्वास, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को भी आत्मसात किया।

## डाकघरों में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होगा विशेष शिविर

बहराइच । अधीक्षक डाकघर, बहराइच मण्डल ने बताया कि बहराइच डाक मण्डल के अन्तर्गत बहराइच प्रधान डाकघर और उसके अधीनस्थ नानपारा, कैसरगंज, फखरपुर, कल्पीपारा, खैरीघाट, पयागपुर, मिहींपुरवा, रूपईडीहा, विशेश्वरगंज, रिसिया, मटेरा, भिनगा, गिलौला, इकौना, सिरसिया व बेड़नापुर उपडाकघरों में अब प्रत्येक शनिवार को आधार नामांकन एवं अद्यतन हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

## सूचना

मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या 236272144 में मेरा नाम विकास लिखा है। जबकि मेरा सही नाम विकास गुप्ता है जो सरकारी सभी अभिलेखों में दर्ज है। विकास और विकास गुप्ता दोनों मेरे ही नाम है। शपथी- विकास गुप्ता पुत्र छोटे लाल गुप्ता निवासी- 538/575/25 आदर्श पुरम नई मूंगफली मंडी सीतापुर रोड, लखनऊ

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रो.फेसर महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली शिवकुमार तोमर उपस्थित रहे**

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अन्तर्गत मीडिया के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रो़फ़ेसर महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली शिवकुमार तोमर रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी को एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के प्रमुख बिन्दुओं से प्रबुद्धजन एवं पत्रकार बंधुओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत 2047 में स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ मनायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 12 सेक्टर चिन्हित किये गये। कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वस्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर पर कार्य किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह समृद्धि का शताब्दी वर्ष है। समर्थ, सशक्त एवं समृद्ध प्रदेश बनाने में मीडिया का महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर अ2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए यह संवाद सुझाव परामर्श मीडिया के माध्यम से जाना चाहिए। हमारा मिशन है समग्र विकास जिसमें सभी लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी। इसके अंतर्गत परम्परा और आधुनिकता का सामजस्य लेते हुए सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण को भी स्थापित किया जाएगा। विकसित देश बनाने के लिए हर परिवार को काम करना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश अ2047 अभियान एक माह तक चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत 12 सेक्टर को चिन्हित किया गया है जिनपर कार्य किया जाएगा। इनके अतिरिक्त एक 13 वां सेक्टर पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए चिन्हित किया है जिसके 4 बिन्दुओं पर सुझाव प्राप्त किये गये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि वही योजना सस्टेनेबल होती है जिसमें सभी लोगों के सुझाव होते हैं सब लोगों में भी वह सुझाव जो कॉमन सुझाव निकल कर आये। मीडिया के माध्यम से जन जन तक यह अभियान जाए। सभी लोग क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना विचार या संकल्प साझा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जो सबसे ज्यादा सुझाव दिलायेगा उन में से 6 लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिनमें से जो प्रथम आएगा उसको ?21हजार तथा द्वितीय को ?11 हजार तथा तृतीय को ?5 हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा एवं अन्य तीन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी ने क, ख, ग, घ पद्धति के आधार पर शिक्षा तथा शिक्षा में अ, आ, इ, ई के महत्व को भी बताया। मुख्य अतिथि प्रबुद्धजन सेवानिवृत्त प्रो़फ़ेसर शिवकुमार तोमर ने मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए मीडिया को आगे आना होगा तथा जहाँ कहीं भी भ्रष्टाचार या कुछ गलत हो रहा हो उसको उजागर करना होगा ताकि शासन एवं प्रशासन उस पर कार्यवाही कर सकें। पत्रकारों की ताकत कलम है, पत्रकार अपनी ताकत को पहचानें। गांवों में जाकर अलख जलाएं। मीडिया से संवाद के अन्तर्गत पत्रकार बंधुओं से भी सुझाव प्राप्त किये गये जिनमें विनय शर्मा ने कहा कि साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग होनी चाहिए , मीडिया फीडबैक सेल का भी गठन होना चाहिए तथा अधिकारी द्वारा क्षेत्र भ्रमण में मीडिया को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए। अंशुल गुप्ता ने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में साफ सफाई के लिए सहयोगी समिति बननी चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एलडीएवी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधारोपण

अनूपशहर। एलडीएवी इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स ने वृक्षारोपण महाअभियान 2025 एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण कर उनके पूर्ण विकास होने तक सुरक्षा का संकल्प लिया। शनिवार को एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 41 यू पी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल आशीष नौटियाल के निर्देशन में वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने 70 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने कहा की पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण किया जाना आवश्यक है। स्वस्थ एवं गुणवत्तापूर्ण पर्यावरण के लिए भारत के एक तिहाई भाग पर वन आवश्यक है। हम सभी लोगों का कर्तव्य है, कि अपने जीवन से जुड़े हुए महत्वपूर्ण दिवस, आयोजनों पर एक पेड़ अवश्य लगाये एवं इसकी सुरक्षा भी करें। इस अवसर पर अभय सिन्हा, अखण्ड प्रताप सिंह, सतीश कुमार, विनोद कुमार, गौरव गौड़, गजनेश कुमार, राकेश कुमार, दिगंबर सिंह, सीमा, गंगा मौर्य आदि शिक्षकों सहित एनसीसी के समस्त कैडेट्स उपस्थित रहे।

## अध्यापिका के घर से चार लाख के आभूषण चोरी, चोर गिरफ्तार

**अनूपशहर।** गांव अचलपुर निवासी अध्यापिका के मकान का ताला तोड़कर लगभग चार लाख रुपए के आभूषण चोरी हो गए। पुलिस ने घटना के 24 घंटे बाद आभूषण सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया। शनिवार को कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि गांव अचलपुर निवासी स्नेह लता बेवा चंद्रकांत ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। कि वह नगर के इंडियन पब्लिक स्कूल में अध्यापिका है। उसके दोनों बच्चे पीएसपीए स्कूल में पढ़ने तथा वह स्कूल में पढ़ाने के लिए गई थी। पीछे अज्ञात चोरों ने उसके घर के पीछे का गेट का ताला तोड़कर कमरे में रखी आलमारी से सोने के आभूषण लगभग 32 ग्राम तथा चांदी की पाजेब चोरी करके ले गए। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग चार लाख रुपए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल के दौरान गांव अचलपुर निवासी बाल अपचारी रमन पुत्र देवेंद्र सिंह तथा गांव लक्ष्मणपुर निवासी मैनुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन को चोरी में गए सोने तथा चांदी के आभूषण सहित गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में ज्ञानेश सिंह चौकी प्रभारी रूपवास, उप निरीक्षक शुभम कुमार, राजीव, संजय सिंह आदि शामिल रहे। घटना का 24 घंटे में खुलासा करने पर पुलिस उपाधीक्षक रामकरन सिंह ने पुलिस टीम को सम्मानित किया।

## माटीकला कौशल विकास योजना 15 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया जायेगा

**संभल।** उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा जनपद में माटीकला कौशल विकास योजना संचालित है। वित्तीय वर्ष हेतु 15 प्रशिक्षार्थियों के चयन का लक्ष्य प्राप्त हुए है। उक्त योजनान्तर्गत चयनित आवेदकों को 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण, मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र, नजीबाबाद द्वारा कराया जाएगा जो पूर्णतः आवासीय होगा, प्रशिक्षण अवधि में प्रति दिन की दर से रू0 250 प्रशिक्षुवृत्ति भी प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रदान की जाएगी।उक्त योजना में कोई भी कारीगर / बेरोजगार (महिला/पुरुष) व्यक्ति अपना आवेदन ऑन लाइन माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण योजना में कर सकता है। आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 55 वर्ष तक एवं साक्षर होना अनिवार्य है। ऑन लाईन हेतु विभागीय पोर्टल www. upmatikalaboard. in पर दिनाक-14.09.2025 तक आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज-1. आधार कार्ड 2. राशन कार्ड 3. जाति प्रमाण पत्र 4. फोटो 5. बैंक पासबुक की प्रति आवश्यक है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, डी0ए0 कालोनी में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकता है।

## ट्यूबवेल की मोटर समेत अन्य सामान चोरी

**बदायूं।** सहसवान थाना क्षेत्र के गांव शिकारपुर के रहने वाले नीरेश कुमार ने थाना पुलिस को तहरीर दी। बताया कि नौ सितंबर शाम 8:00 बजे मेरे खेत से प्राइवेट ट्यूबवेल कनेक्शन से मोटर, केबल स्टार्टर चोर चोरी कर ले गए। आसपास के लोगों ने गांव के ही लोगों को चोरी करते देखा है। रंजिश के चलते चोरी की गई है। पुलिस मामले की जांच कर ही है।

## जिला जेल में एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान एवं गोष्ठी

**बदायूँ।** शुक्रवार को जिला कारागार बदायूं में उत्तर प्रदेश राजेश नियंत्रण सोसायटी के अंतर्गत चल रहे अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सघन एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु एक गोष्ठी जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार एवं जेलर कुंवर रंनजन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी एड्स डॉ विनेश कुमार द्वारा जनपद में एचआई वी/एड्स होने के चार कारण असुरक्षित यौन सम्बन्ध,एचआई वीग्रस्त महिला से होने वाले उसके बच्चे, एचआई वीग्रस्त व्यक्ति का ब्लड दूसरे को चढ़ाने, एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति की सिरिंज से दूसरे को इंजेक्शन लगाने से फैलता है। इसी प्रकार बच्चों को जागरूक किया गया। एवं उपस्थित शनि दुवे प्रोग्राम मैनेजर लोक स्मृति सेवा संस्थान बदायूं के द्वारा बताया गया कि सही जानकारी ही सही बचाव है।एवं उनके संस्था द्वारा चल रहे। प्रोग्राम जैसे एफएसडब्लू, एम एसएम, ड्रग यूजर्स जैसे उच्च जोखिम समूहों पे एचआईवी/एड्स विषय पर जागरूक कर रोक थाम एवं, जाँच, बचाव, इलाज के बारे में संपूर्ण जानकारी दिया। एवं कार्यक्रम का संचालन रोहित सक्सेना प्रोग्राम मैनेजर एवं आकाश सक्सेना एवं ऋषभ चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जेल चिकित्सा डॉ शारिक हुसैन एवं जेल फार्मासिस्ट गोपाल सिंह एवं सुषमा सिंह पीपीटीसीटी काउंसलर बदायूं, रेशमवती आईटीसी काउंसलर सीएचसी उझानी एवं राजेश सागर एसएसके काउंसलर के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो करेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**बदायूं।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आज जिला भाजपा कार्यालय पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष धर्मविजय गंगवार रहे। बैठक को संबोधित करते हुए धर्म विजय गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से लेकर महात्मा गांधी जी की जयंती (02 अक्टूबर) तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत युवा मोर्चा विभिन्न सेवा एवं जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करेगा। उन्होंने बताया भाजपा युवा मोर्चा द्वारा 17 सितम्बर को जिला स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 150 यूनिट रक्तदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके पश्चात सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। बैठक का संचालन करते हुए युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिवम् शंखधार ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव हेतु पंजीकरण 25 सितम्बर तक किए जाएंगे।

## दबंगों ने प्रधान को लाठी डंडों से मारापीटा, वीडियो वायरल

बदायूं। दबगों के हौसले बुलंद प्रधान के घर पर जाकर की जमकर की मारपीट वहीं पूरा मामला थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम कुतरई से सामने आया है। जहां कुछ दबंगो द्वारा मैंजूदा प्रधान के घर पर जाकर जमकर की मारपीट की, वहीं महिलाओं और बच्चों को भी नहीं छोड़ा महिलाएं और बच्चों के आई गंभीर चोटें जिन्हें थाना अलापुर पुलिस ने मजरूमी चिट्ठी देकर जिला अस्पताल भेजा। वहीं दबंगों द्वारा प्रधान के साथ की गई मारपीट व चले लाठी डंडे जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल है। और वही प्रधान पक्ष ने बताया कि हम इस घटना की जानकारी देने चौकी ककराला गए तो उन्होंने उल्टा हम पर ही दबाव बनाया और कहा कि फैसला कर लो ऐसा आरोप लगाया है ग्राम प्रधान ने महिला ने बताया कि हमारा पहले से कोई छोटा-मोटा विवाद चल रहा है उसको लेकर सुबह 9:00 बजे हम अपने घर पर बैठे थे तभी कुछ गांव के ही दबंग लोग हाथ में लाठी डंडे लेकर आए और घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी अब देखने वाली बात यह होगी ऐसे दबंग व्यक्तियों पर क्या कार्रवाई करती है थाना अलापुर पुलिस वही पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## घर में घुसकर जानलेवा हमला, तीन लोग घायल

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव रमजानपुर में बृहस्पतिवार की सुबह दबंगों ने अपने सगे भाई के परिजनों पर जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में घायल लोगों को बुरी तरह चोटें आई हैं। दबंगों ने सात-आठ लोगों के ग्रहों में आकर मुन्नालाल पुत्र दुर्गा प्रसाद के घर में हमला बोल दिया। जिसमें मुन्नालाल उम्र (80) के कंधे पर लोहे के पाइप से हमला किया। जबकि उनकी पुत्रवधू सुधा पत्नी रामनिवास के सिर पर सरिया से बार किया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं है। वहीं रामनिवास पुत्र मुन्नालाल की ठोड़ी पर बल्लम से बार किया जिसमें उनकी थोड़ी पर एक गहरा घाव हो गया। दबंग यहीं पर नहीं रुके बल्कि छोटे-छोटे मासूम बच्चों पर भी लाठी डंडों से बार करते रहे व धमकी देते रहे कि जब तक यहां रहोगे तब तक ऐसे ही मार खाते रहोगे पीड़ित पक्ष की चीख पुकार सुनकर आसपास के पड़ोसी इकट्ठे हो गए बमुश्किल उन्होंने दबंगो को समझा बुझाकर पीड़ित पक्ष की जान बचाई फिर भी दबंग धमकी देते हुए वहां से चले गए।

# अधर्म के विनाश के लिए भगवान लेते हैं अवतार : व्यास श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**अन्नपूर्णा मंडप चंदौसी में चतुर्थ दिवस पूज्य कथा का आयोजन**

चंदौसी। कथा व्यास पूज्य श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान चतुर्थ दिन ज्ञान की महिमा के विषय में श्रद्धालुओं को बताया कि मनुष्य को गृहस्थ जीवन जीने के लिए भगवान शिव के आदर्शों पर चलना चाहिए। भगवान शिव अपने विवाह के श्रृंगार से समाज को यह सन्देश देना चाहते हैं कि उनके सिर पर नाग विराजमान है, जिसका तात्पर्य है कि संसार के प्रत्येक प्राणी के सिर पर कालरूपी नाग बैठा है, जो प्रतिदिन उसकी आयु को ग्रस रहा है। भगवान शेर की खाल धारण कर यह सन्देश देते हैं कि मनुष्य को गृहस्थ जीवन संयमित रूप से, सिंह के समान, जीना चाहिए; क्योंकि सिंह अपने जीवन में एक ही नारी का पालन करता है।सामान्य विवाह में दूल्हा घोड़े पर बैठता है, परन्तु भगवान शिव नन्दी पर आरूढ़ हुए। इसका तात्पर्य है कि नन्दी धर्म का प्रतीक है, जबकि घोड़ा काम का प्रतीक है। भगवान शिव ने अपने शरीर पर चिता की राख लपेटी है, जो यह दर्शाती है कि सभी प्राणियों को अंततः चिता में जाना है।पूज्य व्यास जी ने भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का सुन्दर वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म का प्रकोप बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर असुरों का नाश करते हैं, जिससे अधर्म पर धर्म की विजय होती है। भगवान को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को फ्रीज़र की भाँति होना चाहिए –अर्थात काम, क्रोध, मोह, लोभ एवं ईर्ष्या का त्याग कर, भक्ति एवं निर्मल हृदय से ही भगवान की प्राप्ति सम्भव है। निर्मल मन जन सो मोहि पावा,मोहि कपट छल छिद्र न भावा। त्रेतायुग में जब असुरों की शक्ति बढ़ने लगी और धर्म लुप्त होने लगा, तब माता कौशल्या की कोख से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। द्वापर युग में माता देवकी की कोख से भगवान श्रीकृष्ण का अवतार हुआ। पूज्य व्यास जी ने कहा कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं, सर्वत्र विद्यमान हैं, और प्रेम से पुकारने पर कहीं भी प्रकट हो सकते हैं। भगवान तो केवल निर्मल मन एवं सच्ची भक्ति को देखते हैं। इसीलिए कहा गया है। हरि व्यापक सर्वत्र समाना,प्रेम से प्रकट होहि मैं जाना। कथा व्यास ने धर्म और सम्प्रदाय में अन्तर स्पष्ट करते हुए कहा कि धर्म मनुष्य के भीतर एकता का भाव उत्पन्न करता है, जबकि सम्प्रदाय मनुष्य को केवल बाहरी रूप में जोड़ता है। धर्म और सम्प्रदाय की व्याख्या करते हुए व्यास जी ने कहा कि एक पुस्तक, एक पूजा-स्थल, एक पैग़म्बर और एक पूजा-पद्धति मनुष्य को सीमित एवं संकुचित बनाती है।

# दुकान से शराब की पेटियां चोरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। बिनावर कस्बे से मोहम्मदपुर मार्ग पर थाने से मात्र तीन सौ मीटर दूरी पर सरकारी देसी शराब की दुकान से बुधवार रात चोरों ने नकब लगाकर शराब की 34 पेटियां चोरी कर लीं। चोर दुकान से सूर्य पैनल का बैटरा, डिवाइस स्कैनर और दो हजार रुपये की नकदी भी ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।शराब की दुकान पर सेल्समैन हिमांशु चौहान है। बुधवार को वह रात दस बजे दुकान बंद कर घर गया था। रात में चोर नकब लगाकर दुकान में घुस गए। चोर 31 पेटी देसी शराब की चोरी कर ले गए। बृहस्पतिवार सुबह करीब सात बजे गांव के लोग शौच करने के लिए जा रहे थे। उनकी नजर दुकान पर पड़ी तो नकब लगा देखा। चोरी की सूचना मिलने पर शराब सेल्समैन हिमांशु चौहान और मैनेजर सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। सूचना थाना पुलिस को दी जिस पर पुलिस भी पहुंच गई। जांच करने के साथ ही आसपास खेतों में तलाशी शुरू की। दुकान से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक खेत में सात पेटी शराब पड़ी मिल गई। जबकि 27 पेटी खाली गत्ता मिले। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस की लापरवाही से चोर हुए सक्रिय - कस्बे के लोगों का कहना है कि पुलिस गश्त में लापरवाही कर रही है। दो माह में कस्बे में तीसरी बार चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। इससे पहले करीब दो माह पहले थाने से चंद कदम की दूरी पर जीतू साहू की दुकान के शटर का ताला तोड़कर बीड़ी का बोरा चोरी हो गया। कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी मुख्तियार के घर का ताला तोड़कर घरेलू सामान चोरी कर चोर ले गए। पुलिस अब तक किसी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। कस्बे के लोगों में पुलिस के प्रति रोष पनप रहा है। शराब सेल्समैन हिमांशु चौहान ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह का कहना है कि एक खेत से सात पेटी शराब बरामद कर ली है। 27 पेटी शराब चोर ले गए हैं। मामले की जांच और चोरों की तलाश की जा रही है।

# भाजपा ने चलाया स्वदेशी अपनाओ हस्ताक्षर अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अनूपशहर। प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने एसडीपीडी स्कूल में स्वदेशी अपनाओ के तहत जनजागरण हस्ताक्षर अभियान चलाकर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर दिया।शनिवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने एसडीपीडी स्कूल में प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वदेशी अपनाओ, विदेशी छोड़ों के तहत जनजागरण हस्ताक्षर अभियान चलाया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनीत बंसल ने कार्यकर्ताओं के साथ अभियान के तहत लोगों को स्वदेशी अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करना है। विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करनी होगी। स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और उद्यमियों को मजबूत करना है। व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक होमनिधि वार्ष्णेय ने बताया कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूक कर आमजन स्वदेशी उत्पादकों को प्राथमिकता देंगे। अभियान में मंडल अध्यक्ष मुनेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि पवित्र कौशिक, अभय गर्ग, दिनेश शर्मा शिवा, टेकचंद सैनी, अंकुर शर्मा, बुंदु सैफी, कुलदीप तालान, राधिका गोयल, अर्चना गर्ग, सतेन्द्र चौहान, विनीत कौशिक, गौरव गौड़ आदि मौजूद रहे।

# लिफ्ट व ऑडिटोरियम का उद्घाटन आज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में लिफ्ट और ऑडिटोरियम का उद्घाटन आज किया जाएगा। डीपीबीएस कालेज के प्राचार्य प्रो. गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को जेपी इंस्टिट्यूट ऑफ़ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी नोएडा के कुलाधिपति मनोज गौड़ द्वारा कालेज परिसर में नवनिर्मित लिफ्ट और ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया जाएगा। इस व्यवस्था के बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को काफी सुगमता मिलेगी।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर केवल चोरी की कोशिश नाकाम सात आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी विजयेन्द्र द्विवेदी ने प्रेसवार्ता कर बताया कि मूसाझाग थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दातागंज रोड पर महरौली गांव के समीप बने अंडरपास के नजदीक से सात शातिर चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के पास से असलाह, टॉर्च, पेचकस के साथ चोरी किए गए। चांदी के आभूषण बरामद हुए है। वहीं पुलिस को उनके पास से एक लोडर वाहन, एक बाइक भी बरामद की है। यह गिरोह गंगा एक्सप्रेस-वे पर पावर सप्लाई के लिए बिछाई जा रही अंडरग्राउंड केबल के बंडल चोरी करने की फिराक में था। वहीं आरोपी लोडर वाहन अपने साथ लेकर आए थे। वहीं घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी विजयेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि आरोपियों ने पिछले महीने




दातागंज स्थित खाटू श्याम मंदिर से मुकुट, बांसुरी और अन्य आभूषणों की चोरी की वारदात को भी कबूला है। साथ ही उझानी कोतवाली क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं में संलिक्ता स्वीकार की है। वहीं पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी ने आरोपियों को मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेजने की कार्रवाई की है। वहीं थाना क्षेत्र की जनता पुलिस की प्रशंसा कर रही है। साथ ही उच्चधिकारियों ने पुलिस टीम को पुरस्कार करने की बात भी कही है। वहीं सात आरोपियों को माल के साथ गिरफ्तार किया गया है। और मेडिकल कराकर सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

# बदायूं के लोगों की हुई वतन वापसी, तिरंगा लहराकर जताई खुशी

**नेपाल में फंस गए थे बदायूं के 23 लोग, काफी मशक्कत के बाद पहुंचे घर**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। सात सितंबर से नेपाल में फंसे बदायूं के 23 श्रद्धालुओं में 14 लोगों का पहला जत्था शुक्रवार को दिल्ली पहुंचा गया। दूसरा जत्था दोपहर करीब दो बजे वहां से रवाना हो गया है। वतन वापसी होने पर लोगों ने दिल्ली एयरपोर्ट पर तिरंगा लहराकर खुशी जताई। बदायूं के 23 श्रद्धालुओं में से 14 लोगों की वतन वापसी हो गई है। ये लोग नेपाल में हिंसक प्रदर्शन के बीच वहां फंस गए थे। इन 14 लोगों को लेकर काठमांडू से पहली फ्लाइट ने सुबह 10.30 बजे उड़ान भरी। यह फ्लाइट दोपहर करीब 12.30 बजे दिल्ली पहुंची। वतन वापसी होने पर लोगों ने दिल्ली एयरपोर्ट पर तिरंगा लहराकर खुशी जताई। दूसरा जत्था दोपहर दो बजे रवाना होकर शाम करीब चार बजे दिल्ली पहुंच जाएगा। ये श्रद्धालु बीते सात सितंबर को हवाई जहाज से नेपाल पहुंचे थे। वहां पशुपतिनाथ मंदिर, जनकपुरी तथा मुक्तिधाम के दर्शन के लिए काठमांडू गए थे। हिंसक प्रदर्शन होने के कारण वहां फंस गए थे। उन्होंने कठिन समय गुज़ारा। अब भारत सरकार, भारतीय दूतावास और नेपाल प्रशासन की मदद से उनकी सकुशल वापसी की व्यवस्था की गई। जिसके बाद उनको वहां से सुरक्षित रवाना किया गया। श्रद्धालुओं को दिल्ली से घर तक लाने के लिए बदायूं से भाजपा नेता अपने-अपने वाहनों से दिल्ली पहुंच गए हैं। वहां से श्रद्धालुओं को लेकर इस्लामनगर के लिए रवाना होंगे। परिजन अपनों के आने का इंतजार व स्वागत करने की तैयार कर रहे हैं। जेल का ताला तोड़ कैदियों को निकाला गया- श्रद्धालुओं ने फोन पर परिजनों को बताया कि वह काठमांडू के मेरिडियन होटल में रुके। यह होटल जिस इलाके में हैं, उसी के पास संसद भवन और कुछ राष्ट्राध्यक्षों के आवास भी हैं। समीप की एक बड़ी जेल से उपद्रवियों ने कैदियों को निकालने का प्रयास किया। जेल का ताला तोड़कर कैदियों को बाहर लाया गया और फिर पूरे इलाके में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी शुरू हो गई। उपद्रव के कारण यह लोग (श्रद्धालु) भयभीत होकर होटल में ही दुबके रहे। होटल स्टाफ ने उपद्रवियों को अंदर घुसने से रोकने का हरसंभव प्रयास किया। पास के एक अन्य होटल में आगजनी होते देख वह लोग भयभीत हो गए थे। सभी ने हाथ जोड़कर भगवान से प्रार्थना की कि वे सकुशल अपने घर लौट जाएं। उधर, नेपाल में अशांति के बीच जिले के बिनावर के चार और दातागंज के दो लोग फंसे हुए हैं। आठ सितंबर को शुरू हुई थी हिंसा श्रद्धालुओं ने बताया कि वह लोग सात सितंबर को काठमांडू पहुंचे थे। अगले दिन आठ सितंबर से हिंसा शुरू हो गई। उपद्रव बढ़ने से उसी दिन होटल की बिजली काट दी गई और खाना बनाने वाला स्टाफ तक भाग गया। श्रद्धालुओं को एक दिन तो अपने स्तर पर खाने-पीने की व्यवस्था करनी पड़ी। बाद में दूतावास की पहल पर दवाइयां और अन्य आवश्यक सामान पहुंचाया गया। धीरे-धीरे बिजली-पानी और भोजन की व्यवस्था बहाल की गई।त्यक्षदर्शी ने सुनाया भयावह अनुभव नेपाल में फंसे श्रद्धालु संजय शंखधार ने बताया कि होटल के बाहर तांडव मचा था। उपद्रवी हर चीज लूट रहे थे, रोकने वालों के साथ मारपीट कर रहे थे। पुलिस भी मौके से भाग गई थी। बाद में सेना ने हालात संभाले। पेट्रोल पंप स्वामी वीरेंद्र बॉबी ने कहा कि एक पल को तो लगा अब सब खत्म हो जाएगा। मगर भगवान की कृपा से सभी सकुशल रहे।

# पांच अक्टूबर तक जनपदवासी दें समृद्ध व विकसित उ0प्र0 हेतु सुझाव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्म निर्भर भारत-आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के लिए विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाए जाना है। समृद्ध उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक अपने सुझाव बारकोड सहभागिता के साथ विजन डॉक्यूमेंट 2047 बनाया जाएगा। यह जानकारी जिलाधिकारी अवनीश राय ने दी है। डीएम ने बताया कि समृद्ध उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के लिए सभी सकारात्मक सोच व दृढ़ विश्वास के साथ इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभाएं। सभी का सहयोग अपेक्षित है। समृद्ध उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 कैसा हो, जनपद बदायूं 2047 में कैसा हो, इसके लिए उन्होंने जनपद वासियों से अपील की कि वह बारकोड स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत पर बारकोड चस्पा किया जाएगा ताकि ग्रामीण भी अपने सुझाव इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए दे सकें। डीएम ने बताया कि समृद्ध उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के लिए 12 चिन्हित सेक्टर बनाए गए हैं, जिनमें कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नॉलॉजी सेक्टर, पर्यटन सेक्टर, नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर, अवस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास सेक्टर, समाज कल्याण सेक्टर, स्वास्थ्य सेक्टर, शिक्षा सेक्टर, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर शामिल हैं।उन्होंने बताया कि तीन प्रमुख थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति पर विजन डॉक्यूमेंट 2047 आधारित होगा, जोकि जनभागीदारी के साथ बनाया जाएगा। इसके लिए वर्ष 2019 से 30 तक के लिए लघु अवधि के लक्ष्य तथा वर्ष 2030 से 2047 के लिए मध्यम व दीर्घ अवधि के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

## बबराला डिग्री कॉलेज के सामने यूट्यूबर पर हमला, गंभीर घायल

गुन्नौर। यूट्यूबर पुष्पेंद्र पुत्र नरेश पाल निवासी गांव सैंडोरा थाना रजपुरा पर शुक्रवार को बबराला डिग्री कॉलेज के सामने 5-6 हमलावरों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने बेल्ट और डंडों से तब तक पिटाई की, जब तक वह बेहोश होकर जमीन पर नहीं गिर गया। इस दौरान उसके सिर पर धारदार हथियार से भी वार किया गया। भीड़ देख हमलाबर मौके से भाग गए। जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र यूट्यूब रील बनाने के लिए परमिशन के सिलसिले में गुन्नौर आया था। वहां से काम निपटाने के बाद जब वह बबराला डिग्री कॉलेज के सामने किसी कार्य से पहुंचा, तभी हमलावरों ने घेरकर प्राणघातक हमला किया। घटना देखकर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पुष्पेंद्र को सीएचसी गुन्नौर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू कर दिया। और गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे हॉस्पिटल स्वास्थ्य विभाग मेहरबान

**मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़, आम लोगों का हो रहा आर्थिक शोषण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंड़ा। जिले में एक बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है,जहां भाजपा कार्यालय के पास स्थित एक निजी अस्पताल में चंद घंटों के अंत राल में दो नवजात शिशुओं की मौत हो गई।यह अस्पताल बिना किसी पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था,पहली घटना के बाद परिजनों ने हं गामा करते हुए लोगो ने पुलिस व स्वास्थ्य वि भाग के अधिकारियों को सूचित किया गया।घटना बड़गांव के सतईपुरवा निवासी मोहित कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी मनीषा का प्रसव पांच सितंबर को जिला महिला अस्पताल में हुआ था।नवजात शिशु की तबीयत बिगड़ने पर उसे भाजपा कार्यालय के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे नवजात की मौत हो गई।परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में तैनात स्टाफ ने 54,482 रुपये का बिल सादे कागज पर थमा दिया और घटना के बाद अस्प ताल संचालक व डॉक्टर मौके से फरार हो गए। मोहित ने बताया कि इस अस्पताल का संचाल न जिला महिला अस्पताल के एक डॉक्टर द्वारा किया जा रहा है।दूसरी घटना थाना कटरा बा जार अंतर्गत ग्राम कोटिया मदारा निवासी विन य सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी किरन सिंह का प्रसव बीते दस सितंबर को सामुदायिक स्वा स्थ्य केंद्र कटरा बाजार में हुआ था। नवजात की हालत गंभीर होने पर उसे उसी अस्पताल में भ र्ती कराया गया था,इलाज के दौरान शाम करीब पांच बजे शिशु ने दम तोड़ दिया,घटना की जान कारी मिलते ही डिप्टी सीएमओडॉ.जेएम चि श्ती मौके पर पहुंचे और चौकी प्रभारी अंकित कुमार के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए अस्प ताल के एनआईसीयू (नवजात गहन चिकित्सा इकाई) को तत्काल प्रभाव से सील कर दिये। डॉ.चिश्ती ने कहा कि अस्पताल बिना पंजीक रण के चलाया जा रहा था और प्रथम दृष्टया शिशुओं के इलाज में उदासीनता सामने आई है।

### बिना पंजीकरण के संचालित हो रहा हॉस्पिटल

जिले में यह बेहद चिन्ता जनक है की जिला मुख्यालय पर बिना पंजीकरण के अस्पताल का संचालन हो रहा था।और मुख्यालय पर बैठे विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी नही थी।यह जिले का पहला अस्पताल नही है, स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की देखरेख में पूरे जिले में ऐसे अनेकों अस्पताल संचालित हो रहे हैं।मगर लिखित रूप से विभाग को इसकी कोई जानकारी नही है। जिसे इसके निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।वह निजी स्वार्थ में सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं।

## आईपीएल के क्षेत्रीय प्रबंधक व अथरिस फॉर्मर प्रोड्यूसर ने किया धान फसल का निरीक्षण



गोंड़ा । बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा स्थित अथरिस फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी एफपीओ की ओर से कंसापुर गांव में धान बीज की बुवाई कराई गई थी।जहाँ पर आईपीएल के क्षेत्रीय प्रबंधक विजेंद्र त्रिपाठी व अथरिस फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ कुलदीप मिश्रा ने खेत में पहुंच कर धान के फसल का निरीक्षण कर कृषकों को तकनीकी सलाह दी।आईपीएल के क्षेत्रीय प्रबंधक ने किसानों को सलाह दी कि अपने खेतों की सतत निगरानी करते रहें।वर्तमा न में धान के खेतों में भी रस चूसक कीड़े कहीं कहीं पर दिखाई दे रहे हैं।किसानों को सलाह दी गई है कि रस चूसक कीड़ों के प्रभावी नियंत्र ण के लिए बीटासाएफ्लुथरीन के साथ पूर्व मि श्रित इमिडाक्लोप्रिड 140 मिली प्रति एकड़ की दर से दो सौ लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें,इसके साथ किसी अन्य रसायन का मिश्रण न करें।

# एण्टी करप्शन टीम ने रिश्वतखोर राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । भ्रष्टाचार के खिलाफ एण्टी करप्शन संग ठन की बड़ी कार्रवाई में तहसील करनैलगंज के राजस्व निरीक्षक को दसहजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।जान कारी के अनुसार,एण्टी करप्शन थाना देवीपाट न मंडल गोण्डा के निरीक्षक एवं ट्रैप टीम प्रभा री राम सहाय यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफल ट्रैप ऑपरेशन किया।टीम ने आरोपी राजस्व निरीक्षक संजय शुक्ला पुत्र राधा रमण शुक्ला,निवासी शक्ति नगर,इन्दिरानगर लखनऊ को तहसील करनैलगंज स्थित सरकारी आवास से शुक्रवार दोपहर रिश्वत लेते समय धर दबोचा है।शिकायतकर्ता रामकुमार पुत्र बिन्देश्वरी निवा सी ग्राम शाहपुर धनावा थाना परसपुर, तहसील करनैलगंज, जनपद गोण्डा ने एण्टी करप्शन सं गठन में शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत में आरोप लगाया गया था कि राजस्व निरीक्षक सं जय शुक्ला ने उसकी जमीन की पैमाइश और रिपोर्ट लगाने के एवज में दस हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी।एण्टी करप्शन की टीम ने मामले की पुष्टि के बाद जाल बिछाया और निरीक्षक को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।आरोपी के खिलाफ थाना कोतवा ली देहात जनपद गोण्डा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# डीएम आफिस में शुरू हुआ मुलाकाती पर्ची का सिस्टम

**आसान होगा समास्याओं का समाधान, तय होगी अधिकारियों की जवाबदेही**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। डीएम ऑफिस में फरियादियों से मिलने का नया सिस्टम लागू किया गया है। अब हर व्यक्ति को डीएम से मिलने से पहले मुलाकाती पर्ची बनवानी होगी। यह पर्ची सिर्फ एंट्री पास नहीं होगी बल्कि इसके जरिए यह भी दर्ज होगा कि कोई फरियादी कब से अपनी पर्ची से पता चलेगा कि कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर कब से दौड़ रहा है। इस पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी। जितनी बार शिकायत लेकर कोई आएगा, उसे उतनी बार पर्ची लेनी होगी। पुरानी पर्चियां भी साथ लानी होगी, जिससे यह पता चल सकेगा कि वह समस्या के निपटारा के लिए कब से प्रयास कर रहा है। फिर यह पता लगाया जाएगा कि समस्या का समाधान होने लायक है या नहीं। यदि होने लायक है तो संबधित अधिकारी से जवाब-तलब किया जाएगा।रेलवे बस स्टेशन के पास पर्यटन विभाग के भवन परिसर में डीएम ऑफिस स्थित है। मुख्य द्वार से प्रवेश करने के बाद बाईं ओर डीएम का कक्ष है और दाहिनी ओर वह कमरा है जहां मुलाकाती पर्ची बनती है। हर पर्ची पर एक यूनिक नंबर होगा और उस पर फरियादी का नाम-पता दर्ज किया जाएगा। रजिस्टर में पूरी जानकारी लिखकर पर्ची दी जाएगी और उसके बाद ही फरियादी डीएम से मिल सकेगा।सरकारी योजनाओं का प्रचार भी होगा पर्ची के एक हिस्से पर फरियादी की जानकारी होगी, जबकि दूसरी ओर सरकारी योजनाओं और नए अभियानों का विवरण दर्ज होगा। यानी पर्ची फरियादी के लिए समस्या निस्तारण का साधन होने के साथ-साथ योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम भी बनेगी।मुलाकाती पर्ची लेकर ही कक्ष के पास जाना होगा। अगर कोई फरियादी वहां यह कहता है कि लंबे समय से दौड़ रहा है तो उससे पुरानी पर्चियां दिखाने को कहा जाएगा। उस पर्ची के नंबर के सहारे उसकी शिकायत के निपटारा की स्थिति जांची जाएगी।हर दिन आने वाले आवेदनों को आईजीआरएस पर ऑनलाइन कर दिया जाता है। उसी के सहारे निगरानी होती है। पर्ची के नंबर से उस शिकायत को ऑनलाइन ढूंढ लिया जाएगा। उसके बाद यदि वह समस्या हल होने लायक होगी और लंबे समय तक हल नहीं हुई होगी तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। फरियादी की समस्या का समाधान कराया जाएगा। यदि समस्या उस स्तर से निस्तारित होने लायक नहीं होगी तो आगे का रास्ता बताया जाएगा।डीएम दीपक मीणा ने बताया-आईजीआरएस पर हर दिन आने वाले आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज किया जाता है। अब पर्ची का नंबर डालकर संबंधित शिकायत की स्थिति आसानी से जांची जा सकेगी।

## अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारक कराये अपना ईकेवाईसी

बहराइच । जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारकों को सूचित किया जाता है कि आयुक्त महोदय, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 द्वारा निर्देशित किया गया है कि उ0प्र0 शासन द्वारा ऐसे सभी राशन कार्ड लाभार्थियों, जिनकी ई-केवाईसी अभी तक नहीं करायी गयी है, को आगामी 03 माह तक खाद्यान्न दिया जाना निलम्बित कर दिया गया है तथा इस प्रकार ऐसे गैर-ई-केवाईसी वाले लाभार्थियों को माह सितम्बर 2025 में 10 सितम्बर 2025 से प्रारम्भ होने वाले खाद्यान्न वितरण चक्र से आगामी 03 माह तक खाद्यान्न नहीं दिया जायेगा। जैसे उक्त राशन कार्ड लाभार्थियों द्वारा अपना ई-केवाईसी करा लिया जायेगा, उन्हें आगामी माह से खाद्यान्न प्राप्त होने लगेगा।उन्होनें बताया कि जिन परिवारों के नये राशन कार्ड निर्गत हुए है उनके प्रत्येक सदस्य को अनिवार्य रूप से अविलम्ब ई-केवाईसी कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में उक्त नये निर्गत राशन कार्डों पर ई-केवाईसी न होने के कारण उन्हें खाद्यान्न दिया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

# भटहट में दो दिवसीय शेयरिंग नॉलेज एवं नवाचार मेला हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भटहट , गोरखपुर । ब्लॉक संसाधन केंद्र भटहट के सभागार में 10 व 11 सितंबर 2025 को नॉलेज शेयरिंग एवं नवाचार मेला का भव्य आयोजन हुआ । नवाचार मेला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । नवाचार मेला का अवलोकन निपुण सेल की कायनात ,खंड शिक्षा अधिकारी ध्रुव प्रसाद व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय व बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया । नवाचार मेला प्रदर्शनी में शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा शनदार तरीके से गणित, भाषा ,विज्ञान ,पर्यवरण व अंतरिक्ष की प्रदर्शनी प्रस्तुत किया गया । शिक्षकों का प्रदर्शन जीवंत रूप ले रहा था । प्रदर्शनी देखने के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी ध्रुव प्रसाद ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की सकारात्मक सोच प्रत्येक कार्य को संभव कर देता है बशर्ते कार्य निष्ठा व लगन के साथ किया जाए । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने कहा की शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहे हैं बाकी की जिम्मेदारी संगठन पर छोड़ दे । संगठन शिक्षकों के सेवाओ पर आंच नही आने देगा । शिक्षक मेला में सभी एआरपीगण का विशेष सहयोग रहा । एआरपी अजीत कुमार अपअध्याय ने नवाचार मेला में सम्मीलित सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया । आज के नवाचार मेला के दुसरे दिन उत्कृष्ठ प्रतियोगियों का चुनाव किया गया जिसमें प्राथमिक विद्यालय बरागदही को प्रथम स्थान ,पीएम श्री गुलरिया प्रथम को द्वितीय स्थान एवं पीएमश्री कंपोजिट पूर्व मध्यमिक विद्यालय जमुनिया व कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढाडीह को संयुक्त रूप से तृतीय पुरास्कर से नवाजा गया । खण्ड अधिकारी ने इन विजेताओं के अलावा नवाचार मेला में सम्मिलित समस्त 17 विद्यालयों के प्रतिभागी शिक्षकों को भी सम्मानित किया । इनके अलावे मेला को सफल बनाने वाले एआरपीगण अजीत कुमार उपाध्याय ,अमरनाथ पांडेय,राजीव बाबू पटेल एवं आनंद श्रीवास्तव को भी स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । नवाचार मेला में मुख्य रूप से शिक्षक नेता रमेश मणि त्रिपाठी, विवेक श्रीवास्तव गणेश, अयोध्या,शिवेंद्र, गोपाल वर्मा, शशि राय समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# 'भारतीय एकता में हिन्दी की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**राधिका महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। राधिका महाविद्यालय करवल-मझगांवा में शुक्रवार को हिंदी दिवस के पूर्व दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पहले दिन छात्र-छात्राओं ने ''भारतीय एकता में हिन्दी की भूमिका'' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने कहा हिंदी आत्मीयता की भाषा है। विशिष्ट शैली के चलते तकनीकी दुनिया में भी हिंदी ने महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। भारतीय राजभाषा होने के चलते इसका प्रयोग सरकारी व निजी कार्यालयी भाषा के रूप में होती है। भाषण प्रतियोगिता में बीए, बीएससी व बीकाम के 23 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शनिवार को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा। संचालन कार्यक्रम अधिकारी रत्नेश धर दुबे ने किया। इस अवसर पर डा. ओमप्रकाश सिंह, छठेंद्र त्रिपाठी, डा. अरविंद राय, अमन श्रीवास्तव, नंदिता पासवान, मेवालाल मौर्य आदि उपस्थित थे।

आज की संगोष्ठी के मुख्य अतिथि होंगे प्रो. अनिल रायशनिवार को हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर राधिका महाविद्यालय करवल-मझगांवा में आयोजित संगोष्ठी को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल राय मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने दी है।

# जिला शान्ति समिति की बैठक 16 सितम्बर को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बहराइच ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार ने बताया कि मॉ दुर्गा पूजा, विजयदशमी(दशहरा) आसन्न त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत 16 सितम्बर 2025 को अपरान्ह 05:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी है। श्री कुमार ने बताया कि पूर्व यह बैठक 10 सितम्बर 2025 को होना प्रस्तावित थी परन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण आयोजित नहीं हो सकी थी। उन्होंने सभी सम्बन्धित ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# ड्रोन उड़ाने की अफवाहों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी ने लोगों को किया जागरूक

**एसपी ने ग्रामीणों से कानून को अपने हाथ में न लेने की अपील**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिले में फैल रही चोरी व ड्रोन उड़ाने की अफ वाहों को रोकने के लिए खुद मोर्चा संभाला है। एसपी विनीत जयसवाल ने रात में पुलिस कर्मि यों के साथ गांव-गांव जाकर लोगों को जागरू क कर रहे हैं।उनसे इसको लेकर के सजग रहने की अपील भी कर रहे है। मोतीगंज और नगर कोतवाली क्षेत्र के दस से अधिक गांवों में एस पी ने रात तीन बजे तक दौरा किया है।कई गां वों में लोग लाठी-डंडे लेकर सड़कों पर पहरा दे रहे थे।एसपी ने उन्हें समझाया कि न तो कोई ड्रोन उड़ रहा है और न ही कोई चोर आया है। इसके बाद भी गांव के लोग पुलिसकर्मियों से कई तरह के सवाल करके अपने-अपने घरों को जा रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी

पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे कानून अपने हाथ में न लें।अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। किसी के साथ मारपीट न करें। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि वे राजपत्रित अधिका रियों के साथ लगातार अफवाहों को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। जहां भी कोई घटना सामने आ रही है,वहां कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सड़कों पर पहरा दे रहे लोगों से जानकारी ली और उन्हें सचेत रहने के निर्देश दिए।गांव में जो निगरानी समितियां है उन्हें भी हम लोग सक्रिय कर दिए हैं उनके माध्यम से भी लोगों को जाग रूक किया जा रहा है।

### गांवों में पुलिस की बढ़ाई गई गश्त

चोरी और ड्रोन उड़ने की अफवाहों को रोकने के लिए राजपत्रित अधिकारियों के साथ बीट के पुलिसकर्मियों द्वारा गांव में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है।गांव गांव जाकर गश्त किया जा रहा है और लोगों को बीट पुलिसकर्मियों द्वारा भी जागरूक किया जा रहा है।अफवाहों को लेकर की गोंडा सोशल मीडिया सेल द्वारा लगातार सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है और लोगों को अफवाहों से बचने की अपील भी कर रहे है।

## गोंडा बीएसए अतुल तिवारी हटाए गए,नवीन पाठक होंगे नए बेसिक शिक्षा अधिकारी



गोंडा। जिले के बहुचर्चित अनामिका शुक्ला प्रक रण में नया मोड़ आया है यूपी एसटीएफ द्वारा जांच शुरू करने से पहले ही जिला बेसिक शि क्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।उनकी जगह वरिष्ठ प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान वारा णसी के नवीन कुमार पाठक को नया बीएसए बनाया गया है।अतुल कुमार तिवारी को वरिष्ठ प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हर दोई में तैनाती दी गई है।लखनऊ हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर 15 सितंबर तक रोक लगा रखी है इसी दिन अगली सुनवाई होगी। गोंडा के नगर कोतवाली में बीएसए तिवारी समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।पूरे मामले की जांच लखनऊ हाईकोर्ट ने यूपी एसटीएफ को सौंप दी है।27 अगस्त को प्रदीप कुमार पांडे ने यह मुकदमा दर्ज कराया था।आ रोप है कि शिक्षा विभाग में एक सिंडिकेट शैक्षि क प्रमाण पत्रों में हेराफ़ेरी कर करोड़ों रुपए का गबन कर रहा है।विशिष्ट बीटीसी संगठन के जिलाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह लगातार बीएसए को हटाने की मांग कर रहे थे।उनका कहना है कि अब एसटीएफ निष्पक्ष जांच कर पाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार,निष्पक्ष जांच सुनि श्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# अवैध मिट्टी का खनन: प्रशासन मौन,रोके कौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । उत्तर प्रदेश सरकार की सख्ती के बावजूद भूमाफियाओं के बुलंद हौसलों के चलते क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन जारी है।प्रदेश के मुखिया का बुलडोजर अवैध रूप से बने भवनों को मिट्टी में मिलाने का काम कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर भू--माफियाओं के बुलडोजर अवैध रूप से मिट्टी का खनन करने से भी बाज नहीं आ रहे।जहां तक प्रदेश के देवी पाटन मंडल का सवाल है तो स्वयं गोण्डा जनपद के कोतवालीदेहात क्षेत्र के कटहा घाट रोड के किनारे कई ऐसे गांव हैं जहां भू माफियाओं द्वारा बिना कि सी प्रशासनिक अनुमति के अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है।ऐसी बात भी नहीं कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को इसकी ख़बर नहीं है लोगो के द्वारा कई बार शिकायत भी की जा चुकी है मगर कानों में तेल डालकर बैठे अधिकारियों द्वारा शिकायतों पर कोई ध्या न न दिए जाने के कारण समाचार लिखे जाने तक भू माफियाओं द्वारा मिट्टी का बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के अवैध रूप से खननचल रहा है। देखने वाली बात ये होगी कि इतनी शिकायतों के बावजूद कुंभकरणी नींद में सोए संबंधित विभागीय अधिकारी जाग्रत हो कर अ वैध रूप से हो रहे मिट्टी के खनन को रोक पाने में कब तक सफल होते हैं।

# जनपद में अब तक वितरित की जा चुकी है 65010 मै.टन यूरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 3329 मै.टन यूरिया, 5353 मै.टन डीएपी, 3777 मै.टन एनपीके एवं 12822 मै.टन सिंगल सुपर फास्फ़ेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक लगातार भेजा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा यूरिया वितरण कार्य की सघन निगरानी की जा रही है। जनपद में अब तक 65010 मै.टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। गत बृहस्पतिवार को जिले में 478 मै.टन यूरिया का वितरण किया गया है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है।जिला कृषि अधिकारी डॉ. यादव ने बताया कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं है लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है। जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक को सहकारी समितियों एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें। किसानों को समय पर एवं सही मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए प्रबुद्धजनों का लगा जमावड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। प्रधानमंत्री की एक दूरदर्शी पहल विकसित भारत-2047 के द्वारा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से समावेशी विकास, तकनीकी नवागार और सतत प्रगति के मिशन को आधारित किया गया है।उपरोक्त के क्रम में विकसित भारत-2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदार सुनिश्चित करते हुए एक समृद्ध, समान और वैश्विक स्तर पर राज्य विजन डॉक्युमेंट निर्माण की दिशा में समर्थ उत्तर प्रदेश विकशित उत्तर प्रदेश 2047 तक बनाने के लिएचयनित प्रभुद्धजनों की एक दिवसीय ओरिएंटेशन / उन्मुखीकरण कार्यशाला करसमर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर बनाने के लिए एनेक्सी सभागार में प्रबुद्धजनों का लगा जमावड़ा।

# डीएम की अध्यक्षता में एक दिवसीय जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।कृषि सूचनातन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता योजनान्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह, पीलीभीत में आयोजित किया गया। जिसमें राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी एवं गन्ना, पशुपालन, सिंचाई, उद्यान, मत्स्य, रेशम आदि विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। खरीफ उत्पादकता गोष्ठी/मिलेट्स/तिलहन मेले में कृषि विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग, रेशम विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य विभाग द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं एवं नई तकनीक/प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही मेले में प्राइवेट संस्थाओं के द्वारा स्टाल लगाकर अपने उत्पाद के बारे में कृषकों को जानकारी दी गई। गोठी/मेले में जनपद के समस्त विकास खण्डों से लगभग 750 प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी/मेले में प्रदर्शित सभी स्टालों का




जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया।जिलाधिकारी द्वारा समन्वित कृषि प्रणाली से खेती करने हेतु कृषक भाइयों से अपील की गई तथा बताया कि देश के प्रधानमंत्री जी ने भारत देश को सन् 2047 तक विकसित करने का लक्ष्य रखा है जिसके लिए पहले हम लोगों को विकसित उत्तर प्रदेश बनाना होगा। साथ ही महोदय द्वारा कृषकों से यह भी अपेक्षा की गई कि अधिक से अधिक कृषक मुर्गी पालन को अपनायें जिससे अण्डों का अधिक उत्पादन मिले ताकि बाहर से अण्डा मगाने की आवश्यकता न पड़े। डा0 अयूब मुख्य कार्यकारी अधिकारी मणि एग्रोहब प्रा0लि0, लखनऊ द्वारा मोती की खेती के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई और अवगत कराया कि पीलीभीत में मोती की खेती के 10 प्रोजेक्ट 10 किसानों के यहां स्थापित हो रहे है और बताया मोती की खेती से दोगुना नहीं बल्कि चार गुना लाभ प्राप्त होता है जो किसान भाई इच्छुक हो वह मोती की खेती कर सकते हैं।राममिलन सिंह परिहार, उप कृषि निदेशक पीलीभीत के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री, डिजीटल क्राप सर्वे, प्रमाणित बीजों पर अनुदान एवं कृषि यन्त्रीकरण योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र, टांडा विजैसी, पीलीभीत के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 एस0एस0 ढ़ाका के द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को कृषि की विभिन्न विधाओं एवं तकनीकी जानकारियाँ उपलब्ध कराई गई जिससे कृषक कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों द्वारा अपने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। नरेन्द्रपाल जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक की उपलब्धता व कृषि यन्त्र पर देय अनुदान, फसल बीमा, रबी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने, सिंचाई की विधियाँ, उर्वरक प्रबन्धन के साथ ही पादप रोग प्रबन्धन के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।उपरोक्त खरीफ उत्पादकता गोष्ठी में खुशीराम जिला गन्ना अधिकारी, राज कुमार सेठ अग्रणी जिला प्रबन्धक, डा0 वी0के0 गौतम उप पशु चिकित्सा अधिकारी, वेद प्रकाश खण्ड विकास अधिकारी बरखेड़ा, दिनेश सिंह खण्ड विकास अधिकारी अमरिया, इं0 कौशल किशोर भूमि संरक्षण अधिकारी, लक्ष्मन प्रसाद खण्ड विकास अधिकारी ललौरीखेड़ा, आर0डी0 गंगवार उद्यान निरीक्षक आदि अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का अनोखा पर्व है पितृपक्ष में श्राद्ध : पंडित बृजनायक तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। पितृपक्ष का पावन अवसर सनातन धर्मावलंबियों के लिए पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व माना जाता है। बल्दीराय क्षेत्र के धमधरा मौजा बिनगी निवासी पंडित बृजनायक तिवारी ने पितृपक्ष की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमारे संस्कारों और परंपराओं की जीवंत धारा है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती है।



पंडित तिवारी ने उदाहरण देकर बताया कि जिस प्रकार वृक्ष की जड़ें जल पाकर हरी-भरी रहती हैं और शाखाएँ-पत्तियाँ फलती-फूलती हैं, उसी प्रकार पूर्वजों का स्मरण और तर्पण करने से परिवार व वंश की उन्नति होती है। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष में गंगा जल अर्पित करना, पिंडदान करना और ब्राह्मणों व गरीबों को भोजन कराना पुण्यदायी माना जाता है। इससे न केवल पितरों की आत्मा को तृप्ति मिलती है, बल्कि संतति के जीवन में भी शांति, सुख और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। धर्मग्रंथों के हवाले से उन्होंने बताया कि महाभारत काल में स्वयं भीष्म पितामह ने पितृपक्ष के महत्व का उल्लेख करते हुए इसे जीवन का अनिवार्य कर्तव्य बताया है। पंडित तिवारी ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि पितृपक्ष के अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति अपने सामर्थ्य अनुसार तर्पण और दान अवश्य करे।

उन्होंने कहा कि ल्लपितरों की सेवा और स्मरण से ही देवताओं की कृपा प्राप्त होती है, और कुल का कल्याण संभव होता है। क्षेत्र में इस अवसर पर अनेक श्रद्धालु घाटों और मंदिरों और अपने अपने घर पर ही तर्पण कर, पूर्वजों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हैं। पितृपक्ष काल का वातावरण पूरी तरह धार्मिक और आस्था से ओत-प्रोत होता है।

# आबकारी निरीक्षक के छापे में पकड़ी गई अवैध शराब और लहन की गई नष्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिलाधिकारी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या के निर्देश व जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में संजय कुमार मिश्रा आबकारी निरीक्षक मय हमराही साकेत राय, अंकित शर्मा, इरफान अहमद, राजीव शुक्ला, ओमवीर के साथ बेचूं खां का पुरवा, हथियानाला, टाटिया नगर, कमनगढ़ में दबिश देकर 49 लीटर अवैध मिलावटी शराब, 160 किलो लहन व शराब बनाने के उपकरण को नष्ट करते हुए 3 अवैध शराब के कारोबारियों को गिरफ्तार करते हुए चार लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। मौके पर मौजूद लोगों को मिलावटी व अवैध रूप से तैयार की गई शराब से होने वाली शारीरिक नुकसान के बारे में जागरूक किया। साथ ही शराब लाइसेंसियों की दुकानों का भौतिक सत्यापन करते हुए कबाडियों व ईंट भठ्ठों पर गहनता से जांच-पड़ताल की गई, आबकारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध शराब का कारोबार करने वाले बख्शे नही जाएगें। उन्होनें कहाकि यदि कहीं भी इस तरह से हो रहा हो तो आबकारी विभाग को सूचित करें आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

## पुलिस ने स्मैक के साथ एक युवक को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पचहत्तर ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान अफसर पुत्र अफजल निवासी जेर मस्जिद थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब पचास वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से पचहत्तर ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस की जांच में लूट की वारदात झूठी निकली

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र कमरौली के गांव पलिया पश्चिम में लूट की सूचना पुलिस की जांच में झूठी पायी गयी। थाना क्षेत्र के गांव पलिया पश्चिम में नौ सितम्बर की रात साढ़े दस बजे लूट की सूचना प्राप्त होने थाना कमरौली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के क्रम में पुलिस द्वारा घटनास्थल व उसके आसपास का निरीक्षण करते हुये आवेदिका सरोज कुमारी व उसके पति गिरधारी लाल मौर्या के बयान दर्ज किये गये।आवेदिका द्वारा बताया गया कि वह बाथरूम से वापस आ रही थी की जीने से दो अज्ञात लोगों ने उसका मुंह दबा लिया तथा कान में फुसफुसाकर पूछने लगा कि चाभी कहां है तथा दूसरा व्यक्ति कमरे में घुसकर उसके पति के मुंह पर स्प्रे डाल दिया तब उसने चाभी दे दी जब उसने पूछा कि जेवर कहां रखा है तो आवेदिका ने छोटे बक्शा में बता दिया जिसमें उसके व उनकी सास का जेवर रखा हुआ था। इसके बाद गिरधारी लाल के भी बयान दर्ज किये गये। थाना कमरौली पुलिस द्वारा ग्यारह सितम्बर को पुनः उसका वीडियो बयान लिया गया तो उसने स्वीकार किया गया कि उनके साथ कोई लूट की घटना नही हुई है।कमरौली पुलिस द्वारा उपरोक्त सभी बिन्दुओ पर गहनता से जांच की गई तो कोई भी बयान एक दूसरे से मेल नहीं खाते हैं। बतायी गयी घटना के समय पर ही उसके ससुर घर के सामने ही सुन्दरकांड का पाठ कर रहे थे व अन्य मोहल्ले के लोग भी उस समय जाग रहे थे। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि समस्त वीडियो बयानो व जांच के आधार पर लूट की घटना की पुष्टि नही हुई है।

## निर्वाचन कार्यालय से महत्वपूर्ण सामग्री गायब, आयोग को भेजी रिपोर्ट

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 की तैयारियों के दौरान निर्वाचन कार्यालय के भंडार से महत्वपूर्ण सामग्री गायब होने का मामला सामने आया है। प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने राज्य निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजी है। भंडार निरीक्षण के दौरान पता चला कि 1237 पीतल की ब्रास सील और कपड़े के थैले गायब हैं। साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 की मतदाता सूची की कार्यप्रतियां भी नहीं मिलीं। ये सूचियां 14 विकास खंडों की 979 ग्राम पंचायतों से संबंधित थीं। निरीक्षण के समय भंडार लिपिक अपुल कुमार सिंह और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बच्छराज यादव मौजूद थे। मतदाता सूची निराक्षण क समय भडार लिपिक अपुल कुमार सिंह और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बच्छराज यादव मौजूद थे। मतदाता सूची पटल पर तैनात जागृति गुप्ता और भंडार लिपिक से जब गायब सामग्री के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कर्मचारी मिलीभगत से निर्वाचन कार्य में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं। प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोग से निर्देश मांगे हैं, ताकि निर्वाचन की तैयारियों में कोई बाधा न आए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव मैनाकोट निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी दीनदयाल ने शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार पताबोझी निवासी लक्ष्मी देवी की शादी लगभग चार साल पहले मैनाकोट के रहने वाले दीनदयाल से हुई थी। जानकारी लगने पर महिला के मायके पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं। फिलहाल डॉक्टर के द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापामार कार्यवाही

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना न्यूरिया क्षेत्र में आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायत के क्रम मे नेहा वैश औषधि निरीक्षक पीलीभीत ने सहायक आयुक्त बरेली से दिशानिर्देश प्राप्त कर छापामार कार्यवाही की हैं। मौके पर आरोपी द्वारा कोई भी बैध औषधि बिक्रय लाईसेन्स न दिखा पाने की दशा मे प्रतिष्ठान मे भंडारित औषधियो की अनुमानित मूल्य रु. 145000/- को नियमानुसार फार्म 16 पर सीज किया गया व 2 संदिग्ध औषधियो के नमूने एकत्र कर जाँच एवं विश्लेषण हेतु राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ प्रेषित किये गये है। मामले को न्यायालाय में वाद संस्थित कर कार्यवाही की जायेगी।उक्त जानकारी नेहा वैश औषधि निरीक्षक पीलीभीत ने दी है।

## विश्वकर्मा महासभा की बैठक का आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता:अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा की शुक्रवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने मुद्दों पर चर्चा की पूरनपुर क्षेत्र के गांव बिलहरी मे जिलाध्यक्ष प्रदीप शर्मा का भव्य और गर्मजोशी से जोरदार स्वागत हुआ 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा को सार्वजनिक अवकाश समाप्त किए जाने पर सरकार का विरोध किया जिलाध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने की अपने भाषण में कहा कि जब तक शरीर में खून का एक भी कतरा रहेगा ।

# शिव मंदिर में भ्रष्टाचार का खेल, पर्यटन विकास योजना में ठेकेदार की बंदरबांट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## सूचना अधिकारी/पर्यटन अधिकारी पर सांठगांठ का आरोप



सुलतानपुर। जिले के गोसाईगंज क्षेत्र स्थित हयात नगर के ऐतिहासिक शिव मंदिर में पर्यटन विभाग की देख-रेख में चल रही लगभग 36 लाख रुपए की विकास योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। योजना का प्रभार देख रहे जिला सूचना अधिकारी/पर्यटन अधिकारी पर ठेकेदार के साथ सांठगांठ कर निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में हो रहे निर्माण कार्य में मानक विपरीत सामग्री के उपयोग और धांधली की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के पास पर्यटन विकास के दृष्टगत विकास कार्य में ठेकेदार द्वारा पीली ईंटें, कमजोर मसाला और निम्न गुणवत्ता की सरिया का उपयोग किया जा रहा है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो सूचना अधिकारी ने ठेकेदार को एक प्रतिष्ठित व्यक्ति का नंबर देकर धमकवाया। मामला यहीं नहीं रुका, बल्कि जब शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराने की बात कही तो ठेकेदार ने फोन पर मुख्यमंत्री को अपशब्द कहे और गालियां दीं, जिसकी रिकॉर्डिंग ग्रामीणों के पास मौजूद है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना अधिकारी लगातार ठेकेदार के साथ मिलकर मंदिर निर्माण जैसे संवेदनशील और श्रद्धा से जुड़े कार्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। यह न सिर्फ एक धार्मिक स्थल का अपमान है बल्कि प्रदेश सरकार की पर्यटन विकास योजनाओं के साथ खुला मजाक भी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और शासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा जांच कराई जाए और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

# छात्राओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देने के लिए आत्मरक्षा शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी के द्वारा आज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आत्म सुरक्षा शिविर का आयोजन किया जिसमें महिला पुलिस बल से एसआई ऋतु चौधरी ,शालिनी, करुणा निधि ने छात्राओं को आत्मसुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। इनरव्हील की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया उन्होंने कहा कि इस अभ्यास से छात्राएं शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ व सबल होंगी लड़कियां भी लड़कों से कम नहीं हैं प्रत्येक परिस्थिति में अपने आत्मविश्वास को बनाएं रखें साहस के साथ हर स्थिति का सामना करें यदि कोई मनचला परेशान करता है तो अपने आत्मविश्वास को जाग्रत करते हुए डट कर मुकाबला करें ऐसे तत्वों को सबक सिखाएं आत्मरक्षा प्रशिक्षण में सिखाई गई जानकारी का उपयोग सभी छात्राओं को किसी भी



अप्रत्याशित घटना के विरुद्ध सशक्त बनाता है अप्रत्याशित घटना से बचाव के लिए मानव शरीर के नाजुक अंगों पर प्रहार की विधि को बताया बच्चों को अपनी हथेली, एल्बो व घुटने का इस्तेमाल कारगर ढंग से हथियार के रूप मे करने का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, छात्राओं ने प्रशिक्षक की देखरेख में अचानक सामने से कलाई, बाल या गर्दन पकड़े जाने की स्थिति में सामने वाले की पकड़ से खुद को मुक्त कराने के साथ ही उस पर हमला करने की तकनीक का भी जमकर अभ्यास करवाया गया विद्यार्थियों को बेड टच-गुड टच, सेल्फ डिफेंस में बिना किसी हथियार के अपनी रक्षा कैसे कर सकते हैं और विद्यार्थियों को हैंड पंच, किक आदि के गुर भी सिखाएं गये इसके साथ-साथ कानूनी जानकारी दी गई ग्रीन सितंबर अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया स्कूल की अध्यापिका नूतन गुप्ता और सूर्यबाला शर्मा ने अपने संबोधन से बालिकाओं को प्रेरित किया क्लब की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने सबको सम्मानित कर स्कूल कमेटी का आभार व्यक्त किया इस आयोजन मे प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा,क्लब की पूर्व अध्यक्ष मोनिका गुप्ता, सचिव रुचि खन्ना, उपाध्यक्ष रिंकी गुप्ता, एक्जीक्यूटिव मेंबर सोनम गर्ग, मीनाक्षी खन्ना, सुधा गुप्ता, पूनम कपूर और मधुरिमा गुप्ता सहित विद्यालय का समस्त महिला स्टाफ आदि उपस्थित रहा।

## दहेज न मिलने पर नवविवाहिता की विदाई से इनकार, केस दर्ज

सुल्तानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर एक नवविवाहिता को ससुराल नहीं ले जाया गया। पीड़िता का निकाह 8 जनवरी 2024 को अमेठी जिले के औतिया गांव निवासी मजहर अहमद से हुआ था।निकाह के बाद दूल्हे पक्ष ने 10 लाख रुपए नकद,एक कार और सोने की चैन की मांग की। आरोप है कि मजहर अहमद समेत उसके परिजन इजहार अहमद, इस्लाम अहमद, शहनाज बानो और आसमीन बानो ने दहेज नहीं मिलने पर दुल्हन की विदाई से इनकार कर दिया। पीड़िता का कहना है कि जब उसे फोन पर बुलाया गया तो गालियां देकर भगा दिया गया। उसने बताया कि उसके पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इतनी भारी-भरकम दहेज की मांग पूरी नहीं कर सकते। आरोप है कि विरोध करने पर दूल्हे पक्ष ने उसे जान से मारने की धमकी दी।इस मामले में हलियापुर थाने के एसओ तरुण पटेल ने जानकारी दी कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ग्राम पंचायत समिति गठित न होने से विकास कार्य प्रभावित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। तहसील बल्दीराय क्षेत्र की ग्राम पंचायत रैंचा में ग्राम प्रधान की मृत्यु के पांच माह बाद भी जिम्मेदार अधिकारियो ने अभी तक पंचायत समिति का गठन नही करवाया है जिससे गांव का विकास अधर में हैं। ग्रामीणो ने बताया कि यहां ग्राम प्रधान बिन्द्रा प्रसाद यादव की मृत्यु अपैल में हो गई थी लेकिन पंचायत सचिव व जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते समिति का गठन नहीं हो सका ग्रामीणो ने इसकी शिकायत की तो जिले के एक अधिकारी ने समिति गठित करने का तानाबाना बुनते हुए पंचायत सदस्यो को जिला मुख्यालय बुला कर प्रक्रिया शुरु की। इस बीच ग्रामीणो का आरोप था कि समिति में उन सदस्य को भी शामिल किया गया जो आंगनबाडी में कार्यकत्री है। फिलहाल रैंचा ग्राम पंचायत में समिति गठित ना होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है ग्राम पंचायत के नागरिक राजेश यादव ने पीएम पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज करवाई है और समिति गठित करवाने की अधिकारियों से मांग की है ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में समिति का गठन निष्पक्ष रूप से करवाया जाए और समय रहते हुए पंचायत में उपचुनाव की प्रक्रिया भी शुरू की जाये।

## गोशाला में गोवंशों की मौत को लेकर विश्व हिंदू रक्षा परिषद का हंगामा

पीलीभीत।जनपद क्षेत्र के गांव पंडरी स्थित गौशाला में गोवंशों की दयनीय स्थिति को देख विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह और स्थानीय लोगों ने पहुंचकर हंगामा किया उन्होने जिला प्रशासन से गोशाला का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की गौशाला में न तो कोई केयर टेकर मिला और न ही पशुओं की देखभाल की कोई व्यवस्था दिखी गौशाला में शुक्रवार को मृत गोवंशों को आवारा कुत्ते नोच के खा गये उन्होने बताया कि उक्त गोशाला में पहले भी कई बार अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई भी देखने वाला नही है। उन्होने प्रशासनिक अधिकारियों से गोशाला का निरीक्षण कर कार्यवाही करने की मांग की स्थिति इतनी खराब थी कि एक मृत बछड़े को कुत्तों ने नोच कर खा लिया। गौशाला में भूसा सड़ा-गला पड़ा मिला। यशवंत सिंह ने कहा कि जिले की अधिकतर गौशालाओं की यही स्थिति है सूचना पर पहुंची सदर तहसीलदार अर्ची गुप्ता को पशुओं की देखभाल का रजिस्टर तक नहीं मिला गौशाला में मौजूद मवेशियों की सही संख्या की जानकारी भी उपलब्ध नहीं हिंदूवादी नेताओं ने चेतावनी देकर चेतया की पूरी यूपी मे इसी तरह का हाल है अगर जल्द से जल्द गौशालाओं की स्थिति मे सुधार नही हुआ तो प्रशासन विरोध झेलने को तैयार रहे योगी सरकार द्वारा

# पुलिस ने चौबीस घण्टे के अंदर चोरी की वारदात का खुलासा कर तीन शातिर चोरों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा चौबीस घण्टे के अंदर चोरी का खुलासा करते हुये चोरी के विभिन्न आभूषण एक अदद नाक की कील,दो जोड़ी बिछिया व एक जोड़ी पायल के साथ दो अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों के साथ एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सनी पुत्र मोहन निवासी प्रेमनगर सत्तर फुटा रोड नांगुली थाना अमन बिहार दिल्ली, भीम सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी बुटहाड़ा थाना बावरी जनपद शामली एवं गौरी उर्फ लक्ष्मी पत्नी स्व0 किशोर निवासी शिवपुरम थाना टीपी नगर जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में सनी के कब्जे से एक जोड़ी पायल सफ़ेद धातु, भीम सिंह के कब्जे से एक नाक की कील पीली धातु एवं गौरी के कब्जे से पीली धातु की लम्बी जंजीर सत्रह नग व दो जोड़ी बिछिया सफ़ेद धातु बरामद हुई है। कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार लोगों द्वारा ग्यारह सितम्बर को मनीष तिवारी निवासी भेलाई कला के घर से मनीष तिवारी को झांसे में लेकर धोखाधड़ी कर जेवरात चोरी लिये गये थे जिस पर थाना मोहनगंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार लोगों ने बताया कि उन लोगों का एक संगठित गिरोह है जो अलग अलग टीमों के साथ लोगों को नकली जेवरात दिखाकर, बदलने का धोखा देकर जेवरात चोरी कर लिये जाते है। इनके द्वारा जनपद अयोध्या,सुलतानपुर, बाराबंकी, रायबरेली,लखनऊ आदि जगहों पर इनके पास रखे नकली माल को असली सोना बताकर धोखाधड़ी की घटना कारित की जाती है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धाराओ की बढ़ोत्तरी की गई और पकड़े गये लोगों को जेल भेज दिया गया है।

# संविधान की ताकत का नया अहसास

नेपाल में सोमवार से शुरु हुए युवाओं के आंदोलन से सत्ता तो उखड़ ही गई है, समूची व्यवस्था भी तहस-नहस हो चुकी है। सेना ने कमान संभाल कर कर्फ्यू लगाया है, काठमांडू की सड़कों पर एक अजीब सा सन्नाटा कायम हुआ है, लेकिन इस सन्नाटे के उस पार क्या होगा, यह केवल उन्हीं लोगों को पता होगा, जिनकी शह पर पूरा आंदोलन खड़ा हुआ है। फिलहाल प्रधानमंत्री और कम से कम 10 मंत्रियों के इस्तीफ़े तो हो ही चुके हैं, कुछ गिने-चुने प्रतिनिधि बचे हैं, जिन पर इस्तीफ़े का दबाव है। सरकार के अलावा मीडिया, कारोबार इन सब पर भी आंदोलनकारियों ने अपना गुस्सा जाहिर किया। मंगलवार को संसद भवन, राष्ट्रपति का घर, प्रधानमंत्री का घर समेत कई सरकारी संस्थानों पर आंदोलनकारियों ने आग लगा दी। पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को भीड़ ने पीटा, पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। इसमें उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार की मौत हो गई। नेपाल के सबसे बड़े मीडिया संस्थान कांतिपुर के दफ्तर को जलाया, हिल्टन होटल को जला दिया, जेल तोड़ी, जिसमें कई कैदी भाग गए। कई दुकानों में तोड़-फोड़ की और फ्रिज, एसी जैसे कीमती सामानों की लूट हुई। इतने उपद्रव के बाद सेना ने अपने हाथ में कमान ली है, तो फिलहाल तोड़-फोड़, लूटमार रुकी है। लेकिन आंदोलन अब भी खत्म नहीं हुआ है। क्योंकि प्रदर्शनकारी संविधान बदलने और नयी सरकार के गठन की मांग कर रहे हैं। नेपाल बिल्कुल पड़ोस में है, तो वहां के हालात देश पर असर डालेंगे, ऐसी आशंका बनी हुई है। सोशल मीडिया पर हमेशा की तरह किसी भी घटना पर त्वरित फैसले सुनाने वाले अंदाज में लोग टिप्पणियां कर रहे हैं। अपने-अपने राजनैतिक रुझान के मुताबिक कोई चेतावनी दे रहा है कि सरकार समझ जाए कि आम आदमी का गुस्सा जब फूटता है, तो कैसे उसके सब्र का बांध टूटता है, कोई सरकार की तारीफ कर रहा है कि हमारे पड़ोसी देशों में इतना कुछ हो रहा है, लेकिन हमारे यहां हालात संभले हुए हैं। बात सही है कि भारत में हजार तरह की तकलीफें और सौ तरह की नाराजगियों के बावजूद ऐसी अराजकता के हालात नहीं बने हैं। लेकिन 2011-12 के दौर को याद करें, जब तत्कालीन सरकार के खिलाफ ऐसी ही नाराजगी की चिंगारी को भड़काने की पूरी कोशिशें हुई थीं। इंडिया अंगेस्ट करप्शन के बैनर तले लोकपाल की मांग पर जो अन्ना आंदोलन खड़ा हुआ था, वह देश को अराजकता की तरफ ही उकसा रहा था। कभी रामदेव, कभी रविशंकर, कभी जग्गी वासुदेव जैसे आध्यात्म का कारोबार करने वाले लोग इस आंदोलन में अपने पूरक अध्याय जोड़ रहे थे। राष्ट्रपति भवन के सामने प्रदर्शन, इंडिया गेट पर प्रदर्शन, रामलीला मैदान में जलसे की तरह चलाया जा रहा आंदोलन सब सरकार को उकसा रहे थे कि वह कोई सख्त कार्रवाई करे और फिर सारी व्यवस्था को हाथ में लेने का मौका आंदोलनकारियों को मिले। लेकिन तत्कालीन यूपीए सरकार ने संयम दिखाया। बार-बार अनशन पर बैठे लोगों के बीच आकर वार्ताओं के दौर चलाए, ताकि जनता को समझ आ सके, कि जो भी फैसला होगा संविधान के दायरे में रहकर होगा। जो बात संविधान सम्मत नहीं होगी, उसे नहीं माना जाएगा, फिर चाहे सत्ता ही क्यों न चली जाए। ऐसा ही हुआ भी। अन्ना हजारे के आंदोलन को मीडिया ने भरपूर कवरेज दिया, क्योंकि उसे भी सत्ता में परिवर्तन चाहिए था। किरण बेदी जैसे पूर्व पुलिस अधिकारी हाथ में तिरंगा लेकर अन्ना हजारे के मंच से ऐसे लहराते थे, मानो तिरंगे पर निर्वाचित सरकार का कोई हक है ही नहीं। बहरहाल, आंदोलन खत्म हुआ, इंडिया अंगेस्ट करप्शन कहां गया पता नहीं, लोकपाल का कानून बना, लेकिन भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ, अन्ना हजारे अपने गांव पहुंच गए और अरविंद केजरीवाल सत्ता में आ गए। किरण बेदी की राजनैतिक महत्वाकांक्षाएं भी पूरी हुईं, कुमार विश्वास अब सेलिब्रिटी कवि, कथावाचक और राजनैतिक विश्लेषक बन चुके हैं, उनकी बेटी की तीज हो तो पूर्व केन्द्रीय मंत्री पधारती हैं। कहने का आशय यह कि हरेक को अपने-अपने हिस्से का लाभ मिल गया। भाजपा को तो खैर पूरी की पूरी सत्ता ही मिल गई। इस तरह अन्ना आंदोलन की कीमत यूपीए सरकार ने अपनी सत्ता खोकर चुका दी।

# भारतीय दिल खतरे में, एक गंभीर चुनौती की टंकार

**विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में हृदय रोगों के कारण विश्वभर में लगभग 1.8 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई। यह आंकड़ा किसी भी अन्य बीमारी से कहीं अधिक है। अकेले भारत में प्रतिवर्ष लगभग 28 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों से होती हैं। इसका अर्थ यह है कि हर चौथा भारतीय हृदयाघात या उससे जुड़ी बीमारी का शिकार होकर अकाल मृत्यु का सामना कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में यह दर और भी अधिक है क्योंकि वहाँ तनाव, प्रदूषण, अस्वस्थ भोजन और व्यायाम की कमी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कहीं ज्यादा है। विशेष चिंता की बात यह है कि भारत में 40 प्रतिशत से अधिक दिल के दौरे 40 वर्ष से कम आयु में आ रहे हैं। यह आंकड़ा अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों से कहीं अधिक है, जहाँ यह दर 10 से 15 प्रतिशत के बीच है। इस तथ्य से स्पष्ट है कि भारतीय युवा पीढ़ी का हृदय पहले से कहीं अधिक असुरक्षित एवं खतरे में है। नमूना पंजीयन सर्वेक्षण के नए आंकड़े विशेषकर दिल के प्रति सजग रहने की वकालत करते हैं। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। यदि हम यहां पर भारत में मोटापे की राष्ट्रीय स्थिति की बात करें तो भारत में मोटापे की औसत दर लगभग 40.3 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं में यह दर 41.88 प्रतिशत और पुरुषों में 38.67 प्रतिशत है।**

आधुनिक युग को यदि सुविधाओं और संसाधनों का युग कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी, लेकिन इन सुविधाओं और विलासिताओं की कीमत भी समाज को चुकानी पड़ रही है। मशीनों और तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, परंतु इसके साथ ही ऐसी अनेक जीवनशैली-जनित बीमारियों को जन्म दिया है जो पहले दुर्लभ थीं। इन बीमारियों में सबसे बड़ी और भयावह बीमारी है-दिल का रोग। दिल की बीमारियाँ आज विश्व में असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं और भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल ही में जारी कॉजेज ऑफ डेथ इन इंडिया 2021-23 की रिपोर्ट इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट करती है। पहले जहाँ माना जाता था कि हृदय रोग और दिल के दौरे बुजुर्गों की बीमारी है, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में हृदयाघात से होने वाली मौतें तेजी से बढ़ रही हैं। यानी युवाओं में दिल का दौरा अब असामान्य नहीं, बल्कि आम होता जा रहा है। यह न केवल चिकित्सा जगत के लिए चिंता का विषय है बल्कि समाज और परिवार के लिए भी गहरी चिंता का कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में हृदय रोगों के कारण विश्वभर में लगभग 1.8 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई। यह आंकड़ा किसी भी अन्य बीमारी से कहीं अधिक है। अकेले भारत में प्रतिवर्ष लगभग 28 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों से होती हैं। इसका अर्थ यह है कि हर चौथा भारतीय हृदयाघात या उससे जुड़ी बीमारी का शिकार होकर अकाल मृत्यु का सामना कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में यह दर और भी अधिक है क्योंकि वहाँ तनाव, प्रदूषण, अस्वस्थ भोजन और व्यायाम की कमी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कहीं ज्यादा है। विशेष चिंता की बात यह है कि भारत में 40 प्रतिशत से अधिक दिल के दौरे 40 वर्ष से कम आयु में आ रहे हैं। यह आंकड़ा अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों से कहीं अधिक है, जहाँ यह दर 10 से 15 प्रतिशत के बीच है। इस तथ्य से स्पष्ट है कि भारतीय युवा पीढ़ी का हृदय पहले से कहीं अधिक असुरक्षित एवं खतरे में है। नमूना पंजीयन सर्वेक्षण के नए आंकड़े विशेषकर दिल के प्रति सजग रहने की वकालत करते हैं। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। यदि हम यहां पर भारत में मोटापे की राष्ट्रीय स्थिति की बात करें तो भारत में मोटापे की औसत दर लगभग 40.3 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं में यह दर 41.88 प्रतिशत और पुरुषों में 38.67 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में यह दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। आंकड़े बताते हैं कि पुडुचेरी, चंडीगढ़, और दिल्ली जैसे राज्यों में मोटापे की दर उच्चतम है। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। सर्वेक्षण में यह पता चला है कि 30 से अधिक उम्र वाले लोगों में मौत की सबसे बड़ी वजह यही है। देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित क्षेत्रों में करीब 88 लाख लोगों पर किए गए इस सर्वेक्षण से यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि भारत में मौत की वजह क्या है और किस बीमारी से कितनी जान जा रही है? एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण मृत्यु दर में वृद्धि हुई। हालांकि, 2022 और 2023 में स्थिति में सुधार देखा गया, लेकिन महामारी के प्रभाव से उत्पन्न स्वास्थ्य संकटों का असर अभी भी महसूस किया जा रहा है। दिल की बीमारियों की बढ़ती प्रवृत्ति को केवल चिकित्सा या आनुवंशिक कारणों से नहीं समझा जा सकता। इसके पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और जीवनशैली संबंधी कारण हैं। आज का युवा वर्ग फास्ट फूड, जंक फूड और प्रोसेस्ड भोजन पर अधिक निर्भर है। इसमें उच्च मात्रा में तेल, नमक और चीनी होती है, जो हृदय की धमनियों को अवरुद्ध कर देती है। पारंपरिक संतुलित आहार जिसमें दाल, सब्जियां, अनाज और फल शामिल थे, अब जीवन से गायब होते जा रहे हैं। आधुनिक जीवन की दौड़-भाग, नौकरी और कैरियर की अनिश्चितता, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव और सामाजिक अपेक्षाएँ युवाओं को लगातार मानसिक तनाव में रखती हैं। तनाव से हार्मोनल असंतुलन होता है और यह हृदय की धड़कन तथा रक्तचाप को प्रभावित करता है। धूम्रपान, शराब और अन्य नशे की वस्तुएँ दिल की बीमारी के सबसे बड़े कारणों में शामिल हैं। धूम्रपान से रक्त नलिकाएँ सिकुड़ जाती हैं और धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। यही स्थिति शराब और ड्रग्स से भी उत्पन्न होती है। शहरी जीवनशैली ने युवाओं को गतिहीन बना दिया है। दिनभर दफ्तर या कंप्यूटर पर बैठकर काम करने से शारीरिक गतिविधियाँ नगण्य हो जाती हैं। मोटापा, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज इसी निष्क्रिय जीवनशैली की उपज हैं और ये तीनों मिलकर दिल की बीमारी का बड़ा खतरा पैदा करते हैं। महानगरों की हवा में जहरीले कणों की बढ़ती मात्रा भी दिल की धड़कन और श्वसन तंत्र को प्रभावित करती है। अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि प्रदूषण से हृदयाघात की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जिन परिवारों में पहले से दिल की बीमारियाँ रही हैं, उनमें यह जोखिम अधिक रहता है। लेकिन पहले केवल यही एक बड़ा कारण माना जाता था, जबकि अब जीवनशैली के कारक अधिक प्रभावी साबित हो रहे हैं। दिल की बीमारियाँ केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की समस्या नहीं हैं, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिणाम हैं। जब कोई 30 या 40 वर्ष का युवा अचानक दिल का शिकार होकर मर जाता है तो उसके परिवार की आर्थिक रीढ़ टूट जाती है। भारत जैसे विकासशील देश में जहाँ युवाओं को सबसे बड़ी पूंजी और शक्ति माना जाता है, वहाँ उनका इस प्रकार बीमार होना राष्ट्र के भविष्य को भी खतरे में डालता है। दिल की बीमारियों से बचाव संभव है, यदि समाज और व्यक्ति दोनों ही स्तर पर गंभीर प्रयास किए जाएँ। भोजन में ताजे फल, हरी सब्जियाँ, साबुत अनाज, दालें और कम वसा वाला भोजन शामिल किया जाए। नमक, चीनी और तैलीय भोजन का सेवन सीमित किया जाए। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पैदल चलना, योग, प्राणायाम और हल्की कसरत को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। ध्यान, मेडिटेशन और समय प्रबंधन की आदतें तनाव को कम कर सकती हैं। धूम्रपान, शराब और अन्य नशों से दूर रहना हृदय को सुरक्षित रखने की सबसे बड़ी कुंजी है। ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की समय-समय पर जांच से बीमारी का प्रारंभिक चरण में पता लग सकता है। सरकार, सामाजिक संस्थाएँ और चिकित्सा जगत को मिलकर दिल की बीमारियों के प्रति जनजागरण अभियान चलाना चाहिए। दिल की बीमारी आज 'साइलेंट किलर' बन चुकी है। यह अचानक प्रकट होकर जीवन को समाप्त कर देती है। लेकिन यह पूरी तरह अनियंत्रित नहीं है। यदि हम अपने जीवन में अनुशासन, संतुलन और संयम को स्थान दें, तो हृदय रोग से बड़ी हद तक बचा जा सकता है। कॉजेज ऑफ डेथ इन इंडिया 2021-23 की रिपोर्ट केवल एक चेतावनी है कि अब समय आ गया है जब समाज और व्यक्ति दोनों को इस खतरे को गंभीरता से लेना होगा। यह केवल चिकित्सकों या अस्पतालों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की अपनी जिम्मेदारी है कि वह अपने दिल को स्वस्थ रखने के लिए सजग और सतर्क रहे। दिल की धड़कनें जीवन का संगीत हैं, इन्हें समय से पहले मौन होने से बचाना ही आज की सबसे बड़ी चुनौती है। भारत की चिकित्सा स्थितियां एवं सेवाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां सुधर रही हैं, वहीं स्वास्थ्य-स्थितियां नई-नई चुनौतियां लेकर खड़ी हो जाती है। इसलिये चिकित्सा-स्थितियों के साथ-साथ स्वास्थ्य-स्थितियों में सुधार की तीव्रता से अपेक्षा है। भारत में स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद हो, यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करें, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करें और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करे। **– ललित गर्ग**

# पड़ोस की आँच पर अराजकता के सपने

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

**विगत वर्ष बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ करके वहाँ के हिन्दू मंदिरों को जिस प्रकार से निशाना बनाया गया तथा हिन्दुओं की हत्याएं की गई, उस समय भारत में अराजक तत्वों के समर्थकों ने बंगलादेश के विरूद्ध कोई आवाज नहीं उठाई और न ही मानवता के विरूद्ध किये गए कृत्यों का कोई विरोध किया।**

स्वस्थ लोकतंत्र जियो और जीने दो की अवधारणा में विश्वास करता है। वह चाहता है कि उसका पड़ोस भी खुशहाल रहे, किन्तु किसी भी राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ चिंतक हो, ऐसा कहना उचित नहीं कहा जा सकता। वैचारिक दृष्टि से हर किसी की मानसिकता राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित नहीं होती। बहुधा अपने देश में ही बुद्धिजीवी प्रबुद्ध कहे जाने वाले विचारकों के बयान सुनें, तो लगता है, कि बिना किसी आधार के अतार्किक बयान देने में भारतीय मुंगेरीलाल अग्रणी रहना चाहते हैं। विचारकों के भी गुट बन गए हैं, कुछ विचारकों का कार्य ही राष्ट्रविरोधी तत्वों के समर्थन में खड़े रहना है तथा भारत की विकास गति को नकारना है, साथ ही अराजक और राष्ट्र विरोधी तत्वों को भारत में उपद्रव मचाने के लिए प्रेरित करना है। विगत वर्ष बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ करके वहाँ के हिन्दू मंदिरों को जिस प्रकार से निशाना बनाया गया तथा हिन्दुओं की हत्याएं की गई, उस समय भारत में अराजक तत्वों के समर्थकों ने बंगलादेश के विरूद्ध कोई आवाज नहीं उठाई और न ही मानवता के विरूद्ध किये गए कृत्यों का कोई विरोध किया। ऐसे तत्व भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध भी एक शब्द नहीं बोलते। बांग्लादेशी घुसपैठियों के समर्थन में उनकी संवेदनाएं अवश्य प्रकट होती रही हैं। बहरहाल अब यह सामान्य है कि जब जब विदेशी धरती पर हिन्दुओं के प्रति दोहरा व्यवहार किया जाता है तथा हिन्दू धर्मस्थलों पर हमले होते हैं, तब तब भारत में रहने वाले अराजक तत्व चुप्पी साध लेते हैं तथा यही कामना करते हैं कि भारत में भी अराजकता फैले। फ़िलहाल भारत के छोटे भाई कहे जाने वाले नेपाल में जिस प्रकार से उपद्रव हुए तथा वहाँ के सत्ताधीशों के विरुद्ध जनआक्रोश देखने को मिला, उससे भी भारत में रहने वाले सत्ता विरोधी अराजक तत्व काफी प्रसन्न हैं। सोशल मीडिया पर उनकी टिप्पणियाँ स्पष्ट संकेत दे रही हैं, कि भारत में अराजकता फ़ैलाने में विफल और हताश लोग भारत में भी नेपाल जैसी अराजकता देखना चाहते है। भारत में रहने वाले ये अराजक तत्व खुशहाली इंडेक्स में नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान , श्रीलंका, म्यांमार और अफगानिस्तान को भारत की अपेक्षा संपन्न सिद्ध करके कई बार भारत को कमतर घोषित कर चुके हैं। इन पड़ोसी देशों में महँगाई, भुखमरी और अराजकता भारतीय अराजक तत्वों के लिए कभी चिंतन का विषय नहीं रही। ऐसे में नेपाल में युवाओं द्वारा किए गए सत्ता विरोध को देखकर अराजक तत्व यह विमर्श प्रसारित करने का प्रयास कर रहे हैं, कि भारत में भी नेपाल जैसे प्रयास हो सकते हैं। मेरा मानना है कि अराजक कौवों के कोसने से किसी का भी अनिष्ट नहीं हो सकता। भारत का आम नागरिक सत्ता से संतुष्ट है। बेरोजगारी अंतरराष्ट्रीय समस्या है। राजनीति में भ्रष्टाचारियों के दिन लद चुके हैं। वंशवादी राजनीति को देश ने अस्वीकार कर दिया है। ऐसे में भारत में अराजक तत्वों के मंसूबे पूरे होने के आसार नजर नहीं आते। हताश विपक्ष भी अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने हेतु संघर्ष कर रहा है। अपनी प्रासंगिकता खो चुके राजनीतिक दल और उनके स्वयंभू नेता बार बार जनता की अदालत में जाते हैं, भिन्न भिन्न नारे लगाते हुए पदयात्राएं करने का नाटक रचते हैं, किन्तु निष्कर्ष में अपनी दुर्गति ही कराते हैं। कहने का आशय यही है कि भारत में अराजकता फ़ैलाने के लिए भले ही देशी विदेशी शक्तियां सत्ता विरोधी विपक्ष के साथ मिलकर कितने ही षड्यंत्र रच लें। भारतीय जनमानस की राष्ट्रवादी विचारधारा के सम्मुख भारत में अराजकता फ़ैलाने का स्वप्न देखने वाले तत्वों के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।

## सेहत मंत्र

# रोजाना 1 कप तुलसी की चाय कम करती है अर्थराइटिस का दर्द और शुगर लेवल

पवित्र तुलसी को 'जड़ी बूटियों की रानी' के रूप में भी जाना जाता है। तुलसी भारत में सबसे पवित्र जड़ी बूटी के तौर पर माना गया है। हिंदू संस?कृति में तुलसी की पूजा की जाती है। यह आयुर्वेद में अपने औषधीय उपयोगों के लिए जाना जाता है जो इसे कई बीमारियों के लिए एक प्रभावी उपाय बनाता है। पवित्र तुलसी में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट की एक श्रृंखला होती है जो शरीर के ऊतकों को मुक?त कणों की क्षति से बचाने में मदद कर सकती है। तुलसी सभी रूपों में- सूखे, ताजे और पाउडर में कई उपचार गुण होते हैं। कुछ तुलसी पत्तियों पर चबाने से नियमित रूप से आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन क्या आपको पता है कि तुलसी की चाय हमारे शरीर के लिए किस प्रकार से फायदेमंद है। हम आपको यहां बता रहे हैं। तुलसी चाय ठंड और खांसी से ब्रोंकाइटिस और अस्थमा तक की कुछ श्वसन बीमारियों को रोकने में मदद करती है। यह प्रतिरक्षा में वृद्धि करने में मदद करती है। खांसी से राहत दिलाती है। और श्लेष्म बाहर निकालने में मदद कर श्वसन प्रणाली में राहत प्रदान करती है। इसमें कुछ तेल हैं जो कंजक?शन को दूर करने में मदद करते हैं। काफी कुछ अध्ययनों के मुताबिक, तुलसी चाय शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन के सामान्य स्तर को बनाए रखने में मदद करती है जिसे तनाव हार्मोन के नाम से जाना जाता है। यह कोर्टिसोल के स्तर को कम करता है, जिससे आप तनाव मुक्त हो जाते हैं। वास्तव में, यह अवसाद के विभिन्न लक्षणों को कम करने के लिए जाना जाता है, जिसमें चिंता शामिल हो सकती है। नियमित दूध के बजाए तुलसी चाय पीएं क्योंकि यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करती है। तुलसी चाय का दैनिक सेवन कार्बो और वसा के चयापचय को सुविधाजनक बनाने में भी मदद कर सकता है। तुलसी चाय में एंटी-माइक्रोबियल गुणों की उपस्थिति मुंह में हानिकारक बैक्टीरिया और रोगाणुओं के खिलाफ मुकाबला करने में मदद करती है।

## धर्म मंत्र

# सर्वसिद्धि को पूर्ण करने वाली हैं देवी छिन्नमस्ता

छिन्नमस्ता देवी को चिंतपूर्णी भी कहा जाता है। उनके इस रूप की चर्चा शिव पुराण और मार्कण्डेय पुराण में भी देखने को मिलता है। देवी चंडी ने राक्षसों का संहार कर देवताओं को विजय दिलायी। छिन्नमस्ता जयंती के दिन व्रत रखकर पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। मां छिन्नमस्ता चिंताओं का हरण करने वाली हैं। देवी के गले में हड्डियों की माला मौजूद है और कंधे पर यज्ञोपवीत है। शांत भाव से देवी की आराधना करने पर शांत स्वरूप में प्रकट होती हैं। लेकिन उग्र रूप में पूजा करने से उग्र रूप धारण करती हैं। दिशाएं इनके वस्त्र हैं। साथ ही देवी छिन्नमस्ता की नाभि में योनि चक्र पाया जाता है। देवी की आराधना दीवाली के दिन से शुरू की जानी चाहिए। छिन्नमस्ता देवी का वज्र वैरोचनी नाम जैन, बौद्ध और शाक्तों में एक समान रूप से प्रचलित है। देवी की दो सखियां रज और तम गुण की परिचायक हैं। देवी स्वयं कमल के पुष्प पर विराजमान हैं जो विश्व प्रपंच का द्योतक है। एक बार देवी अपनी सखियों के साथ स्नान करने गयीं। तालाब में स्नान के बाद उनकी सखियों को भूख लगी। उन्होने देवी से कुछ खाने को कहा। सखियों की इस बात पर देवी ने उन्हें इंतजार करने को कहा। लेकिन सखियों ने उनकी बात नहीं मानी और भोजन के लिए हठ करने लगीं। तब देवी ने अपने शस्त्र से अपनी गर्दन काट कर तीन धाराएं निकालीं। उनमें से दो से सखियों की प्यास बुझायी और तीसरी से उनकी प्यास बुझी। तभी वह छिन्नमस्ता के नाम से मशहूर हैं। देवी दुष्टों के लिए संहारक और भक्तों के लिए दयालु हैं।

## पर्यटन



# ऐतिहासिक और एडवेंचर दोनों ही मामलों में खास है रायगढ़ किला

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के महाड पहाड़ी पर बना है मशहूर रायगढ़ किला। जो समुद्र तल से 820 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है ये किला भी छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए शानदार किलों में से एक है जिसका इस्तेमाल अब जेल के तौर पर किया जाता है। शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भी यहीं हुआ था। किले तक पहुंचने के लिए 1737 सीढ़ियां हैं लेकिन अब यहां तक पहुंचने के लिए रोपवे का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे सिर्फ 20 मिनट में किले को टॉप पर पहुंचा जा सकता है। किले का पुराना नाम रायरी था। जिसे चंद्रराव मोरे ने बनवाया था। सन् 1656 में शिवाजी ने इस किले पर कब्जा कर लिया था और उसे दोबारा बनवाया। जिसके बाद इसका नाम रायगढ़ रखा गया। इसके बाद 1698 में औरंगजेब और जुल्फिकार खान ने रायगढ़ पर कब्जा कर इसे 'इस्लामगड' नाम दिया। बाद में यह किला ब्रिटिशों द्वारा लूटा गया और इसके बाद इसे नष्ट कर दिया गया।टूरिस्ट स्पॉट रायगढ़ किले को धार्मिक स्थल के तौर पर भी जाना जाता है क्योंकि यहां शिवाजी की समाधि है। मुख्य महल पूरा लकड़ी से बनाया गया था। किले को खासतौर से 6 चैंबर्स में बांटा गया है। हर एक चैंबर में निजी आराम कक्ष है। किले की सबसे ऊंची चोटी तकरीबन 600 फुट है। जहां तक पहुंचने का रास्ता बहुत ही बड़े दरवाजे से होकर जाता है। 1356 मीटर ऊंचा यह किला भारत के सबसे ऊंचे किलों में से एक है। किले के अंदर मार्केट भी है जहां से टूरिस्ट अपनी जरूरत का सामान खरीद सकते हैं। किले के किनारे से गंगा सागर नामक झील बहती है जो इसकी खूबसूरती को दोगुना करती है। कब जाएं- नवंबर से मार्च का महीना यहां आने के लिए बेस्ट होता है। वैसे तो टूरिस्टों का तांता यहां सालभर ही देखने को मिलता है। कैसे पहुंचे- हवाई मार्ग- मुंबई एयरपोर्ट पहुंचकर यहां तक पहुंचा जा सकता है। रेल मार्ग- वीर रेलवे स्टेशन यहां का नजदीकी रेलवे स्टेशन है जो रायगढ़ से 30 किमी दूर है।

# समाजवादी की पिच पर भाजपाई, बल्ला घुमाते घुमाते खा गए लाठी !

## मामला श्रीराम स्वरूप यूनिवर्सिटी में हंगामे का, जहां राजनीति ने पढ़ाई को चट कर डाला



विकास तिवारी

बाराबंकी। यूनिवर्सिटी तो पढ़ाई के लिए होती है, लेकिन यहां मामला उल्टा हो गया। श्रीराम स्वरूप यूनिवर्सिटी में शिक्षा से ज़्यादा सियासत के पाठ पढ़ाए जा रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मैदान में उतरी, पुलिस ने लाठियां घुमाईं और समाजवादी पार्टी ने पिच बिछा दी। नतीजा वही हुआ जो अक्सर क्रिकेट में होता है ऽ जब तक भाजपा वाले बल्ला घुमाना सीखते, तब तक पिटाई हो चुकी थी। और मज़ा यह कि पीटने वाली भी उनकी ही ल्लसरकारी टीमङ्क यानी पुलिस थी।अब कहानी का दूसरा अध्याय सुनिए। यूनिवर्सिटी पर आरोप है कि बिना मान्यता के एलएलबी का धंधा चल रहा है। उधर, फार्मेसी और डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्रों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। छात्रों का गुस्सा तो बनता था, लेकिन जब एबीवीपी के कार्यकर्ता फाटक फांदकर अंदर घुसे तो पुलिस और प्राइवेट गार्डों ने मिलकर उन्हें वही 'मूल्य शिक्षा' दी जो लाठी की भाषा में समझाई जाती है।सियासत की पिच पर यह मैच और दिलचस्प तब हो गया जब लाठीचार्ज के बाद बयानबाज़ी का बॉलिंग अटैक शुरू हुआ। योगी सरकार के ल्लनवरत्नङ्क अफसरों को भी इसमें घसीटा गया। तभी किसी ने सरकारी जमीन पर कब्ज़े की फाइल खोल दी। देखते-देखते मामला पढ़ाई से हटकर बुलडोज़र तक पहुंच गया।यूनिवर्सिटी की ज़मीन पर कब्ज़ा है या नहीं, यह तो अदालतें और तहसीलें तय करेंगी। लेकिन बुलडोज़र की एंट्री ने माहौल ऐसा बना दिया जैसे निर्देशक ने अचानक फिल्म में हीरो का डांस आइटम डाल दिया हो। प्रशासन ने भी दिखा दिया कि ल्लशैक्षिक संस्थानङ्क हो या प्राइवेट महलङ्क– अवैध होगा तो जेसीबी की गर्जना सुननी ही पड़ेगी।सपा का रोल भी कम मज़ेदार नहीं रहा। स्व. बेनी प्रसाद वर्मा की छोड़ी हुई विरासत पर चलते हुए उनके विधायक गौरव रावत ने महीनों पहले ही जमीन का मुद्दा विधान समिति में उठा दिया था। यानी पिच तो तैयार थी, एबीवीपी और भाजपा के खिलाड़ी बस दौड़कर उस पर खेल गए–और खेलते-खेलते क्लीन बोल्ड हो गए।अब सवाल यह है कि बुलडोज़र का अगला शो कहां लगेगा? कोई और यूनिवर्सिटी, कोई कोचिंग सेंटर या फिर किसी ल्लबड़े घरानेङ्क का फार्महाउस? जनता बेसब्री से अगले एपिसोड का इंतज़ार कर रही है।

### नाम पृथ्वी पालक भुई बिस्वा भर नाहीं

यह सुप्रसिद्ध कहावत बाराबंकी की नामचीन शैक्षणिक संस्थाओं विशेष कर उनपर जिनपर राम के रूप पर दाग दागने के रचनाकार का आरोप चर्चा में है। हालांकि अनेकानेक बार उन पर उंगलियां उठ चुकी है। जानने योग्य है कि बाराबंकी जनपद में कई कॉलेज एवं विद्यालय जिन्होंने धन तन मन का भारी उपयोग कर मान्यताएं अर्जित की हैं जिनके पास पर्याप्त एवं मान्यता में निर्धारित मानक अनुरूप भवन भूमि नहीं है! ख्वाब महाविद्यालय का देखते आ रहे हैं। महाविद्यालय के रचनाकार शायद यह भूल गए कि जिनके घर शीशे के होते हैं वह दूसरों के घर पर पत्थर नहीं फेंका करते। रचनाकार भी यह भूल बैठे की जो के साथ गुण भी जाता है अर्थात उसका अस्तित्व दो पाटों के बीच समाप्त हो जाता है।

# एफएलएन विशेष प्रशिक्षण का यादगार समापन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा की देखरेख में सुंदरलाल दीक्षित इंटर कॉलेज औरेला में पांच चरणों में आयोजित प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का एफएलएन विशेष प्रशिक्षण का आज समापन हुआ।पहले चार चरणों में प्रति चरण 100 शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। पांचवें और अंतिम चरण में 49 शिक्षकों ने भाग लिया। इस तरह कुल 449 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम चरण में संतूर (अंग्रेजी) विषय पर विशेष चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक शिक्षण विधियों का प्रयोग किया गया। शिक्षकों को चार्ट और एलईडी टीवी के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में सुंदर लाल ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंधक राकेश कुमार दीक्षित, श्याम जी, पुष्पेंद्र, वेद प्रसाद, सौरभ दीक्षित, शिवाजी मिश्रा, अभिषेक तिवारी समेत कई वरिष्ठ शिक्षक मौजूद रहे।

# नियम विपरीत बिजली लाइन के विरोध में प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी।भारतीय किसान यूनियन (अवध) की ग्राम बहरौली में शुक्रवार को आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने अपने मकान और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के ऊपर से निकाली जा रही 33 हजार केवीए लाइन कार्य के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू अवध के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि औद्योगिक क्षेत्र में पहले से ही एक बड़ा पावर हाउस मौजूद है, इसके बावजूद एक व्यवसाई की फैक्ट्री के लिए निंदूरा पावर हाउस से नई लाइन खींची जा रही है। यह लाइन नियमों की अनदेखी कर मकानों, दुकानों, पेट्रोल पंप और स्कूलों के ऊपर से निकाली जा रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

राजू गुप्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा कई जगह भूमिगत केबल डाली गई है, लेकिन जहां लोगों ने पैसे नहीं दिए, वहां मकानों और दुकानों के ऊपर से लाइन खींची जा रही है।

देर शाम तक चले धरने के दौरान मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह और अधिशाषी अभियंता विद्युत नीरज गर्ग ने आश्वासन दिया कि मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और उनके निर्देश के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। आश्वासन मिलने पर किसानों ने धरना समाप्त किया।

धरने में मोहम्मद हलीम, रमेश यादव, चंद्र शेखर गुप्ता, सरदार सिंह गौतम, रज्जन लाल, आशिक, अशोक मौर्य और मोहम्मद अहमद समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# गाय पर हमले से गर्भस्थ शिशु की मौत, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के असंदरा थाना अंतर्गत भवनियापुर गांव में बुधवार शाम एक सनसनीखेज़ मामला सामने आया, जहां गांव के ही निवासी बकरीदी पुत्र जहागीर ने कथित रूप से एक गाय पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल डायल 112 को दी, लेकिन शुक्रवार सुबह तक गाय की हालत बिगड़ती गई और आखिरकार उसने गर्भपात कर मृत बछड़े को जन्म दिया। पशु चिकित्सकों की जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि नुकीले हथियार से लगी चोटें इतनी गहरी थीं कि उनके निशान मृत शिशु के शरीर पर भी पाए गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने असंदरा कोतवाली और पशु चिकित्सक को लिखित शिकायत सौंपी। मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने मृत गौ-शिशु का पोस्टमार्टम किया और रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी। असंदरा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे शिकायत दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे तो उपनिरीक्षक बालकृष्ण दुबेदी ने तंज कसते हुए कहा कि आप लोग बहुत बड़े गौसेवक और समाजसेवक बनते हैं, ऐसे मामले कई आते हैं, कुछ नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग आधार कार्ड लेकर आएं और गवाही देने की तैयारी करें। दरोगा जी के इस बयान ने ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ा दिया तथा पूरे इलाके में दिनभर पुलिस की कथित असंवेदनशीलता को लेकर चर्चा छाई रही। गाय पर हमले और गर्भस्थ शिशु की मौत ने हिन्दू समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। संवैधानिक प्रावधानों की बात करें तो भारत का अनुच्छेद 48 स्पष्ट रूप से राज्य को कृषि और पशुपालन को वैज्ञानिक तरीके से आगे बढ़ाने और खासतौर पर गाय, बछड़ों तथा दुधारू पशुओं के संरक्षण के लिए कानून बनाने का निर्देश देता है। संविधान लागू होने के बाद अधिकांश राज्यों ने गो-हत्या पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून बनाए। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने वर्ष 2020 में उप्र गोवध निवारण (संशोधन) विधेयक लाकर कानून को और कठोर कर दिया। इसके तहत गाय की हत्या पर दस वर्ष तक की सज़ा और तीन से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना, जबकि अंग-भंग करने पर सात वर्ष की जेल और तीन लाख तक जुर्माना का प्रावधान है। ऐसे में सवाल उठना लाज़मी है कि जब कानून इतना सख्त है तो क्या असंदरा की यह घटना केवल एक और एफआईआर और कागजी कार्रवाई तक सिमट जाएगी या फिर दोषी के खिलाफ वास्तव में कठोर दंड सुनिश्चित किया जाएगा। फिलहाल ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश है और वे न्याय की उम्मीद में प्रशासन की ओर देख रहे हैं।

## सिद्धौर ब्लॉक में ल्लप्राइवेट मुंशी राज , सरकारी कागज़ों की चाबी, जेब में रिश्वत का ताला!

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक सिद्धौर का नज़ारा कुछ यूं है कि सचिव तो मानो ल्लनाम केङ्क रह गए हैं और असली सरकार तो उनके प्राइवेट मुंशी चला रहे हैं। ताज़ा मामला सरसा गांव निवासी हेमंत कुमार सिंह का है, जो परिवार रजिस्टर की नकल लेने ब्लॉक दफ़्तर पहुंचे थे।कहा जाता है कि सचिव प्रमोद कुमार वर्मा ने उन्हें बड़े गर्व से अपने 'शिष्य' मुंशी दीपक के पास भेज दिया। वहां पहुंचे तो ल्लनकलङ्क का रेट-कार्ड सामने आ गया—150 रुपये! जब हेमंत ने इस शुल्क की वैधता पूछी तो मुंशी महोदय ऐसे भड़के मानो सरकार के राजस्व पर ही सवाल उठा दिया हो, और फिर नकल देने से साफ इंकार कर दिया।ग्रामीणों का कहना है कि ब्लॉक में सभी पंचायत सचिवों के सरकारी कागज़ इन्हीं मुंशीओं की तिजोरी में कैद रहते हैं। सचिव साहब तो सिर्फ़ टिकट काटते हैं और बाकी ल्लवसूली की बसङ्क मुंशी चलाते हैं।इस बाबत खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह का कहना है कि उनके पास अभी तक ऐसी कोई शिकायत नहीं पहुँची। वे कहती हैं कि लिखित शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। यानी फिलहाल ल्लमुंशी राजङ्क बेख़ौफ़ और बेरोकटोक जारी है।

## जमीन विवाद में पैमाइश, एसडीएम के आदेश पर होगी अंतिम नाप-जोख

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जमीन विवाद को लेकर आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यक्ति के मामले में प्रशासन हरकत में आ गया है। शुक्रवार को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर विवादित भूमि की प्रारंभिक पैमाइश की। दोनों पक्षों के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन को एसडीएम के निर्देशानुसार अब अंतिम पैमाइश के बाद ही सुपुर्द किया जाएगा।गौरतलब है कि कोठी थाना क्षेत्र के अजौवा गाँव निवासी राम विनय ने कुछ दिन पूर्व पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया था। उस समय प्रशासन ने निष्पक्ष पैमाइश कराने का भरोसा दिलाया था। राजस्व निरीक्षक बांकेलाल ने बताया कि यह पैमाइश केवल शुरुआती प्रक्रिया है। पूरी रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को भेजी जाएगी। उनके आदेश के बाद ही फाइनल पैमाइश कर यह तय किया जाएगा कि भूमि पर वास्तविक हकदार कौन है। तब तक किसी भी पक्ष को इस पर कब्जा करने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान नायब तहसीलदार सौरभ कुमार राजस्व निरीक्षक बांकेलाल, लेखपाल अमित कनौजिया एवं राहुल कनौजिया, ग्राम प्रधान गणेश वर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## ग्राम चौपाल, एडीओ पंचायत में सुनी जन समस्याएं

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत धौरहरा और रैंगवा मैं आयोजित ग्राम चौपाल में विकासखंड के अधिकारी सम्मिलित हुए।और ग्रामीणों की समस्याएं जानीं। धौरहरा में एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान दर्जनभर ग्रामीणों ने वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन की मांग से जुड़े प्रार्थना पत्र सौंपे। इसके अलावा परिवार रजिस्टर नकल के लिए भी एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिस पर उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद कुमार श्रीवास्तव को कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, रैंगवा में एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। यहां दो प्रार्थना पत्र मिले एक परिवार रजिस्टर नकल और दूसरा मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए। इनके निस्तारण हेतु सचिव अमित राणा को निर्देशित किया गया।

चौपाल में एडीओ पंचायत ने ग्रामीणों को हरियाली युक्त और स्वच्छ पंचायत बनाने के लिए जागरूक किया, जबकि एडीओ कृषि ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़ा रूप में मनाया जाएगा पीएम का जन्मदिन

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 17 सितंबर को होने वाले जन्मदिन कार्यक्रम को सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाने को लेकर शुक्रवार को ब्लाक सभागार मे मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा की अध्यक्षता एव महामंत्री प्रवीण मिश्रा के संचालन में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह एंव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजकुमार सोनी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। स्वच्छता अभियान, एक वृक्ष मां के नाम, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर समेत अन्य गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि दलित बस्तियों में भोजन कराना, हर घर संपर्क अभियान के माध्यम से जन-जन तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुँचाना भी इस पखवाड़े का हिस्सा होगा। जिसमे पार्टी कार्यकर्ता विद्यालय, अस्पताल, स्टेशन, मंदिर आदि सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चालायेंगे। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपने माता-पिता के नाम पर एक पेड़ का रोपण करेंगे। वहीं पखवाड़ा के दौरान लोकल फॉर वोकल के तहत स्थानीय उद्योग-व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेलकूद प्रतियोगिताएँ : फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र रावत , मंडल महामंत्री, कमलेश चौहान ,उपाध्यक्ष, देविशंकर उर्फ़ पप्पू सोनी ,अशीष द्विवेदी ,राम किशोर रावत ,सुशील पटेल सुशील रावत , मंडल मंत्री, मुकेश वर्मा, सनत वर्मा, कमल किशोर, कल्लू राम यादव, पारसनाथ रावत, राकेश कश्यप सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सुबह नौ बजे से सायं छः तक ठप रहेगी आपूर्ति

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कल रविवार को 33/11 केवी उपकेंद्र यूपीएसआईडीसी प्रथम एवं द्वितीय कुर्सी पर नियमित परीक्षण कार्य किया जाएगा। इस वजह से दोनों उपकेंद्रों से जुड़े सभी क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम छः बजे तक पूरी तरह बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है और असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।उक्त जानकारी कुर्सी उपकेंद्र अधिकारी सर्वेश कुमार ने दी है।

## थम नहीं रही ई रिक्शा सवार महिलाओं से लूटपाट

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सप्ताह के अंदर सफ़ेद पल्सर बाइक सवार युवकों ने दूसरी बार ई रिक्सा सवार महिलाओं से लूट की घटनाओ को अंजाम देकर जहां मसौली पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है वही ई रिक्शा पर सफर करने वाली महिलाओं मे सफ़ेद पल्सर का ख़ौफ़ बना हुआ है। बताते चले कि गत 4 सितंबर को सफदरगंज थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कूड़ी मे तैनात प्रधानाध्यापिका सायरा खातून ब्लॉक संसाधन केन्द्र बड़ागांव मे चल रहे प्रशिक्षण के बाद ई रिक्सा से शहर की ओर लौट रही थीं। तभी करसण्डा नहर के निकट सफ़ेद पल्सर बाइक सवार युवकों ने झपटा मार कर शिक्षिका पर्स छीन कर फरार हो गये शिक्षिका के पर्स मे आईफोन मोबाईल सहित 5 हजार नकदी आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और विभिन्न बैंको के एटीएम कार्ड मौजूद थे। पीड़िता की आनलाईन शिकायत पर ईएफाईआर दर्ज हो चुकी है। पुलिस घटना के खुलासे तक पहुंचती कि गुरुवार की देर शाम सफ़ेद पल्सर सवार युवकों ने लखनऊ के थाना सहादतगंज के करीमगंज निवासी हीना फातिमा पत्नी मो0 दानिश जो ई रिक्सा से बाराबंकी की ओर जा रही थी पर्स छीन कर फरार हो गये महिला के बैग मे 6 सौ रुपये की नगदी , ओपो मोबाइल, आधार कार्ड आदि मौजूद था।

# गणपति सेवा समिति ने कथक नृत्यांगना तान्या भारद्वाज को किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । गणपति सेवा समिति घंटाघर बाराबंकी द्वारा लगातार 12 वर्षों से आयोजित गणपति बप्पा के पांच दिवसीय उत्सव में 29 अगस्त को समिति द्वारा आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में तान्या भारद्वाज को नृत्य के लिए निर्णायक भूमिका में आमंत्रित किया गया था। तान्या ने अपने ज्ञान और अनुभव से सफल निर्णायक की भूमिका निभाई इसके उपलक्ष्य में समिति के अध्यक्ष अभिषेक सोनी, कोषाध्यक्ष मोनू साहू ने अंग वस्त्र, प्रसाद व बप्पा का सितार युक्त स्मृति चिन्ह देकर तान्या भारद्वाज को सम्मानित किया, तान्या इस अवसर पर भाव विभोर होते हुए कहा, कि यह उनके लिए अत्यंत गर्व व हर्ष की बात है, वह समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि बप्पा सभी पर अपनी कृपा दृष्टि रखें और समिति इसी प्रकार भव्यता के साथ बप्पा की स्थापना का उत्सव आयोजित करती रहे।

# गैरेज में खड़ी वैन धू धू कर जली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। शुक्रवार की देर शाम थाना व कस्बा सफदरगंज के मोहल्ला नाका के निकट गैराज मे खड़ी मारुति वैन मे संदिग्ध परिस्थितियों मे लगी आग से वैन जलकर खाक हो गयी आग की लपटो एव धुए से पूरे कस्बे मे दहशत बन गयी। फायर विग्रेड को सूचना देने के बाद भी फायर विग्रेड की गाडी मौक़ेपर नही पहुंची ग्रामीणों ने फायर के छोटे सिलेंडरों की मदद से आग को बुझाया।

कस्बा सफदरगंज के मोहल्ला नाका मे स्थित सिराज कुरैशी पुत्र मो0 रफी के गैराज मे खड़ी मारुति वैन को निकालने गये वाहन चालक ने जैसे ही स्टार्ट किया अचानक शार्ट सर्किट के चलते आग लग गयी और देखते ही देखते वैन का आग का गोला बन गयी आग की लपटो ए० धुए को देख लोग सहम गये आग के बढ़ते तेवर को देख ग्रामीणों ने फायर विग्रेड को सूचना दी लेकिन काफी देर तक वाहन के न आने पर ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर दुकानों एव शौ रुमो मे मौजूद छोटे सिलेंडरो की मदद से आग को काबू किया गया। करीब एक घंटे तक फैले धुए से लोग परेशान हो गये। वही दबी जुबान ग्रामीणों ने बताया कि चालक द्वारा मारुति वैन मे गैस रिफलिंग के दौरान आग लगी है। बहरहाल मौक़े पर पहुंची सफदरगंज पुलिस घटना के सम्बंध मे जाँच कर रही है।

# तहसीलदार के कार्य व्यवहार से असंतुष्ट है अधिवक्ता, बार में हुई जोरदार चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। तहसील बार एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार को तहसील रामसनेहीघाट संघ भवन में आयोजित बैठक में तहसीलदार द्वारा पूर्व 29 अगस्त को पारित आम सभा के कार्य बहिष्कार संबंधी पत्र के आधार पर चर्चा की हुई।बैठक में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कार्य बहिष्कार के दौरान बिना किसी अधिवक्ता को सुने व संघ को सूचित किए तहसीलदार द्वारा पत्रावली में मनमाने ढंग से आदेश पारित कर दिया गया। इसे न्यायिक प्रक्रिया का सीधा उल्लंघन बताया गया। साथ ही, बिना किसी उचित कारण के तहसील परिसर में पुलिस बल बुलाया जाना अधिवक्ताओं को खल गया। इसे सभी ने दुर्भाग्यपूर्ण और तानाशाही रवैया बताया। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के कार्य व्यवहार को लेकर गहरी नाराजगी जताई। सभी अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के कार्य व्यवहार व प्रशासनिक प्रणाली में कोई सुधार नहीं दिखे जाने की बात कही। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के विरुद्ध विरोध जारी रखने का निर्णय लिया। जिस संबंध में उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष अमित अवस्थी, कोषाध्यक्ष अजय तिवारी, महामंत्री सोहनलाल, राकेश कुमार श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## महिला समूहों के गठन में हेराफ़ेरी का आरोप लगा भाकियू धर्मेंद्र ने खोला मोर्चा

रामसनेहीघाट बाराबंकी।भाकियू धर्मेंद्र ने समूह के नाम पर बहुत बड़ा घोटाला किए जाने का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी बनीकोडर को प्रार्थना पत्र देकर मोर्चा खोल दिया। आरोप है कि गांव की अनपढ़ गरीब महिलाओं को पता ही नहीं है कि समूह क्या है और मैं समूह की सदस्य हूं फिर भी गांव के कुछ होशियार लोगों द्वारा अपनी महिलाओं को समूह का अध्यक्ष कोषाध्यक्ष व सचिव बनाकर फर्जी महिलाओं के नाम अंकित कर समूह का चयन दिखाते हुए सरकारी धन का भी आहरण किया गया जानकारी होने पर पता चला की गांव में 26 समूह हैं जिसमे काफी समूह ऐसे हैं जिनमे शामिल महिलाओं द्वारा बताया गया की ना तो मैंने कोई आईडी दी ना कभी बैठक में गई और ना ही कहीं हस्ताक्षर या निशानी अंगूठा लगाए मेरे साथ धोखाधड़ी करके कहीं से आईडी लेकर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मुझे समूह से जोड़ा गया तथा सरकारी धन का आहरण किया गया है जिसमें मुख्य रूप से शांति देवी गंगा प्रसाद ननका देवी पत्नी अमृतलाल पियारा पत्नी भगवती प्रसाद सूनीतादेबी धुरुपचंद आदि सैकड़ो लोगों के साथ ऐसा कृत्य किया गया जांच करवा कर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराए जाने हेतु खंड विकास अधिकारी बनीकोडर को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी मायाराम यादव द्वारा एक शिकायती पत्र दिया गया हैं।

# एशिया कप: श्रीलंका की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा बांग्लादेश को

एजेंसी




अबुधाबी। अपने पहले मैच में हांगकांग पर आसान जीत से उत्साहित बांग्लादेश की टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में छह बार के चैम्पियन श्रीलंका से भिड़ेगी, जो इस मुश्किल ग्रुप का भाग्य तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। एशिया कप खिताब की तलाश में लगे बांग्लादेश के अभियान की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान लिटन दास ने 59 रन की पारी की मदद से बांग्लादेश ने हांगकांग पर सात विकेट से जीत दर्ज की।

बांग्लादेश ने इस मैच में भले ही आसानी से जीत हासिल की लेकिन कुछ ऐसे विभाग हैं जिनमें उसकी कमजोरी खुलकर सामने आई। इनमें गेंदबाजी विभाग प्रमुख है। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन विकेट लेने के बावजूद रन लुटा बैठे। श्रीलंका के खिलाफ ऐसी कोई भी गलती बांग्लादेश को भारी पड़ सकती है। श्रीलंका की टीम तीनों विभाग में संतुलित नजर आती है और बांग्लादेश को इसकी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। चरिथ असलांका की अगुवाई में श्रीलंका ने एक मजबूत टीम तैयार की है जिसमें शीर्ष क्रम की मजबूती, मध्य क्रम की ताकत और संयुक्त अरब अमीरात की परिस्थितियों के लिए अनुकूल स्पिन आक्रमण शामिल है। पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कुसल परेरा शीर्ष क्रम में स्थिरता प्रदान करते हैं, जबकि असलांका, दासुन शनाका और कामिन्दु मेंडिस की मौजूदगी में श्रीलंका की बल्लेबाजी की गहराई का पता चलता है। श्रीलंका ने मध्यक्रम के बल्लेबाज जनिथ लियानागे को भी टीम में शामिल किया है। उन्हें तीन साल बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वापसी का मौका मिला है। उन्होंने हाल में जिंबॉब्वे के खिलाफ 70 रन की मैच विजेता पारी खेली थी। स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा की वापसी से टीम को और मजबूती मिली है, जो हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर चुके हैं। यूएई की धीमी पिचों पर श्रीलंका के स्पिनर हसरंगा, महेश थीक्षाना और दुनिथ वेल्लालेज प्रभावी साबित हो सकते हैं, जबकि तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना गेंद से विविधता प्रदान करते हैं। बांग्लादेश की टीम लिट्टन और तौहीद ह्रदोय से अपने बल्लेबाजी फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद करेगी। उसे गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान का नई गेंद के साथ और बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर बांग्लादेश (1.001) से काफी आगे है, इसलिए यह मुकाबला अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीमें ही आगे बढ़ सकती हैं। ऐसे में अगर तीन टीमों के अंक समान रहते हैं तो नेट रन रेट निर्णायक साबित हो सकता है।

# हांगकांग ओपन 2025: सात्विक चिराग सेमीफाइनल में

एजेंसी




हांगकांग। हांगकांग ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार को सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सात्विक और चिराग, जिन्होंने पिछले कुछ सप्ताहों में शानदार प्रदर्शन किया है और हाल ही में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है, ने शानदार समन्वय का प्रदर्शन करते हुए 500,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में 64 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशिया के आरिफ जुनैदी और रॉय किंग याप की जुझारू जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-16 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरुआत की, लेकिन 12-12 के स्कोर पर एक बार गति पकड़ते ही, उन्होंने दमदार स्मैश के साथ बढ़त बना ली, अपने विरोधियों को ज़्यादा मौका नहीं दिया और लगातार पाँच अंक हासिल कर लिए। मलेशियाई जोड़ी ने दूसरे गेम में अपनी लय पकड़ी और भारतीय खिलाड़ियों के कोर्ट कवरेज से मेल खाते हुए ज़ोरदार वापसी की। पहले गेम में पिछड़ने के बाद, उन्होंने 6-6 से बराबरी कर ली और उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी से ज़्यादातर समय आगे रहे, लेकिन सात्विक-चिराग ने 20-20 से बराबरी कर ली। लेकिन मलेशियाई जोड़ी ने गेम अपने नाम कर लिया और स्कोर 1-1 कर दिया। निर्णायक गेम में, भारतीयों ने अपने खेल में कुछ सुधार किया और विरोधियों को एक बार भी बढ़त लेने या अंत में आसान जीत हासिल करने का मौका नहीं दिया। अब इस जोड़ी का सामना चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है, एसीसी या आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान से खेलना होगा : धूमल

**नयी दिल्ली।** यूएई में चल रहे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को होने वाले बहुचर्चित मुकाबले से पहले आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंधों को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है और एसीसी तथा आईसीसी टूर्नामेंटों में भारतीय टीम को उससे खेलना ही होगा। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव और भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने को लेकर भारत में सोशल मीडिया पर काफी विरोध हो रहा है। भारत के महान स्पिनर हरभजन सिंह ने कल कहा था कि भारत और पाकिस्तान के आपसी संबंध बेहतर होने तक आपस में क्रिकेट या व्यापार नहीं होना चाहिये। इससे पहले हरभजन इंडिया चैम्पियंस टीम का भी हिस्सा थे जिसने जुलाई में इंग्लैंड में हुई विश्व लीजैंड्स चैम्पियनशिप में पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल नहीं खेला था। पहलगाम हमले के मद्देनजर पिछले महीने ही भारत सरकार ने पहली बार पाकिस्तान के साथ खेल संबंधों को लेकर नीति बनाई जिसके तहत भारत किसी भी खेल में पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट नहीं खेलेगा , चाहे वे तटस्थ स्थान पर ही क्यों नहीं हो लेकिन बहु देशीय टूर्नामेंटों में खेलना होगा। धूमल ने यहां 'प्लेकॉम 2025 समिट' से इतर पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा ,''मैं भारतीय टीम को शुभकामना देना चाहता हूं। पाकिस्तान के साथ खेलने को लेकर भारत सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है।हम पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे लेकिन एसीसी या आईसीसी ट्रॉफी खेलना होगा। हम सरकार की सलाह पर अमल करेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के चुनाव के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा,'' एक सप्ताह के भीतर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। तभी हमें स्पष्ट तस्वीर मिल जायेगी कि अगला अध्यक्ष कौन होगा। सरकार द्वारा आनलाइन गेमिंग पर रोक लगाने के बाद भारतीय टीम की टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 के साथ करार खत्म होने पर कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा ,'' जो हुआ, वह हो चुका है (ड्रीम 11 का जाना)। मैं इसके बारे में बात नहीं करना चाहता लेकिन अगले प्रायोजक को तलाशने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उम्मीद है कि दो तीन सप्ताह में पता चल जायेगा। आईपीएल की सफलता का श्रेय बीसीसीआई को देते हुए धूमल ने कहा कि इसकी नींव 2008 से पहले ही पड़ चुकी थी और बीसीसीआई ने इतने वर्षों में खिलाड़ियों का शानदार पूल तैयार किया है जिससे यह लीग इतनी कामयाब रही। उन्होंने कहा ,'' आईपीएल सबसे अलग इसलिये है क्योंकि हर गेंद यहां एक जलसा है।पहले मैच में ब्रेंडन मैकुलम से लेकर पिछले सत्र में 14 वर्ष के वैभव रघुवंशी तक जिसने आईपीएल में पहली गेंद पर ही छक्का जड़ दिया।

### आईएसएसएफ विश्व कप: भावेश फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में

**निंगबो (चीन)।** भारत के निशानेबाज भावेश शेखावत ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के चौथे दिन शुक्रवार को यहां दमदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालीफिकेशन के पहले चरण में चौथा स्थान हासिल किया। इस तरह से भावेश फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं, लेकिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में भारतीय चुनौती कमजोर पड़ गई, क्योंकि कोई भी निशानेबाज फाइनल राउंड तक नहीं पहुंच सका। भावेश ने 97, 99 और 97 की श्रृंखला के साथ 293 का स्कोर बनाया। जर्मनी के इमानुएल म्यूलर 295 के साथ शीर्ष, जबकि फ्रांस के क्लेमेंट बेसागेट 294 के साथ दूसरे स्थान पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में प्रदीप सिंह शेखावत 288 (98, 95, 95) के साथ 24वें, जबकि मनदीप सिंह 272 (93, 91, 88) के साथ 43वें स्थान पर हैं। महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन फाइनल में नॉर्वे की जीनेट हेग डुएस्टैड ने 466.2 के स्कोर के साथ प्रतियोगिता का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता था। डेनमार्क की रिक्के मेंग इबसेन (463.3) और चेक गणराज्य की बारबोरा दुबस्का (451.4) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों में विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता निशानेबाज मेहुली घोष और मानिनी कौशी ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन राउंड में 583 अंक बनाकर 23वां स्थान हासिल किया, जबकि मानिनी 66 निशानेबाजों के बीच 580 अंक के साथ 45वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में भाग ले रही तीसरी भारतीय निशानेबाज सुरभि भारद्वाज 578 अंक के साथ 52वें स्थान पर रहीं। बाकू विश्व चैम्पियनशिप 2023 में 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतने वाली मेहुली ने नीलिंग पोज़िशन में 98 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन अगली सीरीज़ में वह 96 अंक ही बना पाई जिससे उनका कुल स्कोर 194 रहा। उन्होंने प्रोन पोज़िशन में शानदार वापसी की और 99 तथा 97 का स्कोर करते हुए कुल 196 का स्कोर बनाया, लेकिन स्टैंडिंग पोज़िशन में उन्होंने 95 अंक बनाकर खराब शुरुआत की। अगले 10 शॉट में 98 का स्कोर करने से भी कोई मदद नहीं मिली और वह स्टैंडिंग पोजिशन में केवल 193 का स्कोर ही बना सकीं। भारत अब तक पदक तालिका में अपना खाता नहीं खोल पाया है। चीन दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है। नॉर्वे दो स्वर्ण पदक के साथ दूसरे जबकि दक्षिण कोरिया एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर है।

### दुर्लभ मृदा चुम्बकों का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देने की तैयारी: केंद्रीय मंत्री

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार दुर्लभ मृदा चुम्बकों की आपूर्ति में हाल ही में आई बाधाओं को देखते हुए, इनके घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के राजकोषीय प्रोत्साहन तैयार कर रही है। इस समय दुर्लभ मृदा चुम्बकों की आपूर्ति में चीन का प्रभुत्व है। भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री ने यह भी कहा कि उद्योग को उसके पूंजीगत और परिचालन व्यय के लिए लक्षित सहायता देने के लिए एक योजना पर काम चल रहा है। इससे लागत अंतर को पाटने, प्रमुख उपकरणों पर उच्च शुल्क से राहत और बढ़ते वैश्विक प्रतिबंधों के बीच आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने वाहन उद्योग के निकाय एसीएमए के वार्षिक सत्र में एक वीडियो संदेश में कहा, ङ्कमंत्रालय महत्वपूर्ण कच्चे माल की कमी का सक्रिय रूप से समाधान कर रहा है। यह स्वीकार करते हुए कि दुर्लभ मृदा चुम्बक ईवी मोटरों के लिए महत्वपूर्ण हैं और इस समय उनकी आपूर्ति पर चीन का प्रभुत्व है, हम घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन देने जा रहे हैं। कुमारस्वामी ने कहा, ङ्कहम एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं, जिसका मकसद उद्योग की पूंजीगत और परिचालन व्यय संबंधी जरूरतों के लिए लक्षित सहायता देकर वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भागीदारी को सशक्त बनाना है।

# खेलों को राष्ट्र के लिए सामूहिक और साझा मिशन बनना चाहिए : मांडविया

एजेंसी

**खेलों को हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाना होगा : आईओए अध्यक्ष पीटी उषा**




नई दिल्ली। भारत मंडपम में शुक्रवार से दो दिवसीय सम्मेलन प्लेकॉम2025: बिज़नेस ऑफ स्पोर्ट्स समिट शुरू हुआ है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने समिट में कहा कि खेलों को राष्ट्र के लिए एक सामूहिक और साझा मिशन बनना चाहिए।उन्होंने केपीएमजी स्पोर्टस्टार इंडिया बिज़नेस ऑफ स्पोर्ट्स रिपोर्ट का अनावरण किया और स्पोर्ट्स टेक एंड मैन्युफैक्चरिंग एक्सपो का उद्घाटन किया, जिसमें खेल उद्योग में नवाचार और सहयोग को प्रदर्शित किया गया। यह दो दिवसीय सम्मेलन द हिंदू ग्रुप के स्पोर्टस्टार की ओर से केपीएमजी इंडिया के सहयोग से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। डॉ. मांडविया ने अपने संबोधन में कहा कि खेल एक जन आंदोलन बनना चाहिए, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी हो। उन्होंने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) जैसी सरकारी पहलों का जिक्र किया, जो एलीट खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि भारतीय खेलों को आगे बढ़ाने के लिए हमें एक समग्र दृष्टिकोण, एक विज़न डॉक्युमेंट, स्पष्ट योजना और सभी हितधारकों की भागीदारी की आवश्यकता है। राष्ट्रीय खेल नीति पर उन्होंने कहा कि यह नीति वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरित है, लेकिन हमारे अपने मॉडल में निहित है। हमें दुनिया से सीखना है, लेकिन ढांचा भारत की विशिष्ट ताक़तों को दर्शाना चाहिए। नीति सुशासन, मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर, खेल विज्ञान के उपयोग और व्यवस्थित प्रतिभा पहचान व पोषण पर ज़ोर देती है। मंत्री ने भारत की विविधता को एक अनूठी ताक़त बताते हुए कहा कि साल के एक ही समय पर, हमारे देश का एक हिस्सा हिमालय में भारी बर्फबारी झेलता है, तो दूसरा हिस्सा राजस्थान के रेगिस्तानों में 45 डिग्री की गर्मी का सामना करता है, जबकि दक्षिण भारत में तमिलनाडु में मानसून की बारिश होती है। दुनिया में कहीं और इतनी विविधता नहीं है। भारत के गांवों, शहरों और जनजातीय इलाकों में प्रतिभा है। हमारी ज़िम्मेदारी है कि ऐसा इकोसिस्टम बनाएं, जो हर प्रतिभाशाली बच्चे को अवसर दे। उन्होंने खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसी जमीनी स्तर की योजनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि संडेज ऑन साइकिल आंदोलन की शुरुआत सिर्फ 250 क्लबों से हुई थी, लेकिन अब यह पूरे देश में 8,000 से ज़्यादा जगहों पर फैल चुका है। यह साबित करता है कि भारत में न जुनून की कमी है और न ही क्षमता की। हमारे युवाओं को सिर्फ अवसर, सम्मान और सही माहौल की ज़रूरत है।

### आईएसएसएफ विश्व कप: मेहुली और मानिनी का 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में खराब प्रदर्शन

निंगबो (चीन)। विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मेहुली घोष और मानिनी कौशी ने आईएसएसएफ विश्व कप में शुक्रवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन राउंड में 583 अंक बनाकर 23वां स्थान हासिल किया, जबकि मानिनी 66 निशानेबाजों के बीच 580 अंक के साथ 45वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में भाग ले रही तीसरी भारतीय निशानेबाज सुरभि भारद्वाज 578 अंक के साथ 52वें स्थान पर रहीं। बाकू विश्व चैम्पियनशिप 2023 में 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतने वाली मेहुली ने नीलिंग पोज़िशन में 98 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन अगली सीरीज़ में वह 96 अंक ही बना पाई जिससे उनका कुल स्कोर 194 रहा।

# भारत और यूरोपीय संघ ने एफटीए वार्ता के शीघ्र समापन की प्रतिबद्धता दोहराई: गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने चल रही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता को शीघ्र पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुनः दोहराई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए दोनों पक्षों के लोगों और व्यवसायों के लिए नए अवसर खोलेगा। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता का नेतृत्व करने के लिए यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफ्कोविक और कृषि एवं खाद्य आयुक्त क्रिस्टोफ हैनसेन तथा ईयू के प्रतिनिधिमंडल 12-13 सितंबर को दो दिवसीय भारत के दौरे पर हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल इनके साथ रात्रि भोज पर मिले। गोयल ने शुक्रवार को 'एक्स' पर लिखा है कि मुझे अपने मित्र की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ एफटीए पर वार्ता जारी रहने के साथ हम इसके शीघ्र समापन के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराते हैं। उन्होंने लिखा है कि एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए दोनों पक्षों के लोगों और व्यवसायों के लिए नए अवसर खोलेगा।

# अगले कई दशक भारत के, वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने को नीतिगत स्थिरता जरूरी: मारुति सुजुकी एमडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने शुक्रवार को कहा कि अगले कई दशक भारत के हैं। उन्होंने भारत को एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बताते हुए कहा कि नीतिगत स्थिरता बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश, दुनिया का विनिर्माण केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) के वार्षिक सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अशांत वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक दौर के बीच भारत के लिए खुद को एक भरोसेमंद, लचीले और टिकाऊ विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक असाधारण अवसर है। ताकेउची ने कहा, ङ्कजब हम इतिहास पर नजर डालते हैं, तो हर कुछ दशकों में एक नया राष्ट्र आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे अमेरिका, यूरोप, जापान और एशियाई टाइगर्स (हांगकांग, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और ताइवान) ने 20वीं सदी की शुरुआत से लेकर अंत तक अपने-अपने दौर देखे हैं। उन्होंने कहा, पिछले तीन दशक चीन के रहे हैं, क्योंकि वह दुनिया का कारखाना बन गया। अब, अगले कई दशक भारत के हैं। उन्होंने भारत की खूबियों का जिक्र किया, जैसे दुनिया की सबसे बड़ी कामकाजी उम्र की आबादी, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, सक्रिय सरकारी समर्थन और भारतीयों में लचीलेपन की भावना तथा नवाचार की गहरी समझ। ताकेउची ने कहा कि भारत सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स कम किया है, पीएलआई जैसी साहसिक पहल की और मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रम शुरू किए।

# ऑटो उद्योग ने महत्वपूर्ण कच्चे माल की सुरक्षा के लिए सरकार के साथ सहयोग का आह्वान किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑटो उद्योग निकायों ने शुक्रवार को बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों और नये व्यापार समझौतों के बीच दुर्लभ पृथ्वी चुम्बकों जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल और प्रौद्योगिकियों की सुरक्षा के लिए सरकार के साथ घनिष्ठ सहयोग की जरूरत पर बल दिया। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) की अध्यक्ष श्रद्धा सूरी मारवाह ने कहा कि उद्योग ने चुनौतियों को अवसरों में बदलने और एक भरोसेमंद तथा प्रतिस्पर्धी वैश्विक केंद्र बनने का संकल्प लिया है। एसीएमए के वार्षिक सत्र में उन्होंने कहा, ङ्कमहत्वपूर्ण कच्चे माल, दुर्लभ पृथ्वी चुम्बकों, सेमीकंडक्टर और बैटरी बनाने के सामान की उपलब्धता एक रणनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। मारवाह ने आगे कहा, हम एक ऐसे चौराहे पर खड़े हैं, जहां अपार अवसर हैं, लेकिन चुनौतियां भी हैं, जिनका जिक्र करना मुश्किल है। इनमें से कुछ हैं भू-राजनीतिक अस्थिरता, व्यापार युद्ध, शुल्क में वृद्धि, निर्यात प्रतिबंध। ये सभी आपूर्ति श्रृंखला को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि महत्वपूर्ण कच्चे माल को सुरक्षित करने के लिए उद्योग और सरकारों के बीच घनिष्ठ साझेदारी की जरूरत है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं को लागत कुशलता से आगे बढ़कर चुस्त, विविध और व्यवधानों का सामना करने में सक्षम बनना होगा।

# सर्राफा बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी जारी, नए शिखर पर सोना और चांदी

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी ने एक बार फिर मजबूती का नया रिकॉर्ड बना दिया है। 24 कैरेट सोना आज पहली बार उछल कर 1.11 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1.02 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। चांदी की कीमत भी आज 2,100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी के साथ मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गई है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,11,280 रुपये से लेकर 1,11,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 1,02,000 रुपये से लेकर 1,02,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,11,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,11,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,11,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,11,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,11,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,11,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,02,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,02,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# गुरुग्राम में आईएनएस अरावली को नए नौसैनिक अड्डे के रूप में कमीशन किया गया

## अत्याधुनिक तालमेल सेंटर के रूप में तमाम सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की भी जुगलबंदी होगी

एजेंसी

नई दिल्ली,। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएनएस अरावली को नवीनतम नौसैनिक अड्डे के रूप में कमीशन किया गया है। गुरुग्राम में भारत का नया स्वदेशी नेवल बेस समंदर से 1100 किमी दूर रहकर नौसेना को नई ताकत देगा। यह युद्धपोत समंदर से दूर रहकर गुरुग्राम से सूचना तकनीक के माध्यम से अत्याधुनिक तालमेल सेंटर के रूप में काम करेगा, जिसमें तमाम सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की भी जुगलबंदी होगी।



कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि कमीशनिंग समारोह में नौसेना प्रमुख को 50 जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। यूनिट के प्रथम कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन सचिन कुमार सिंह ने संस्कृत में मंगलाचरण का पाठ किया और उसके बाद कमीशनिंग वारंट पढ़ा। कमीशनिंग पट्टिका का अनावरण होने के बाद राष्ट्रगान की धुन पर नौसेना ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान के अंतिम स्वर के साथ कमीशनिंग पताका को मस्तूल पर तोड़ा गया। आईएनएस अरावली के तौर पर नए नौसैनिक अड्डे की स्थापना समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में नया मील का पत्थर है, क्योंकि गुरुग्राम से सबसे नजदीकी बंदरगाह गुजरात का कांडला करीब 1,148 किलोमीटर दूर है।

भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की उपस्थिति में गुरुग्राम में आईएनएस अरावली का जलावतरण किया। अरावली का नाम अविरल अरावली पर्वतमाला से लिया गया है। यह युद्धपोत भारतीय नौसेना के विभिन्न सूचना और संचार केंद्रों को सहायता देगा, जो भारत और भारतीय नौसेना के कमान, नियंत्रण और समुद्री क्षेत्र जागरुकता ढांचे के लिए महत्वपूर्ण हैं। अरावली के जलावतरण के साथ भारतीय नौसेना अपनी समुद्री क्षमता को मजबूत करेगी। 'सामुद्रिक सुरक्षाः सहयोगं' के आदर्श वाक्य से प्रेरित होकर यह पोत नौसेना बेस सहायक और सहयोगी लोकाचार का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। बेस के शिखर पर केंद्रीय पर्वतीय छवि अटूट और उगता हुआ सूर्य शाश्वत सतर्कता, लचीलेपन और ऊर्जा का प्रतीक है। भारत के लिए आईएनएस अरावली गेम चेंजर साबित होगा, क्योंकि यह जिस हिंद महासागर क्षेत्र पर नजर रखेगा, उससे होकर दुनिया का 80 फीसदी से ज्यादा तेल और 75 फीसदी समुद्री व्यापार होता है। यह इलाका राजनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण है। अरावली में मौजूद इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर का मुख्य कार्य समुद्री डकैतों, आतंकवाद, तस्करी, अवैध मछली पकड़ने और मानव तस्करी जैसे गैर-पारंपरिक खतरों से निपटने के लिए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। यह सेंटर सूचनाओं के आदान-प्रदान, समन्वय और विशेषज्ञता के जरिए शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र की दिशा में काम करता है।

### उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफ़े के बाद पहली बार सार्वजनिक मंच पर दिखे धनखड़, राधाकृष्णन को दी बधाई

नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से किसी कार्यक्रम में नज़र आए। धनखड़ ने आज राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की और उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद का दायित्व संभालने पर हार्दिक बधाई दी। इस दौरान उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी साथ थीं।

धनखड़ ने राधाकृष्णन को नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका अनुभव और नेतृत्व क्षमता राष्ट्रहित में नए अध्याय लिखेगी। कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद से वे सार्वजनिक जीवन से लगभग दूर रहे।राजनीतिक हलकों में उनकी इस उपस्थिति को विशेष महत्व दिया जा रहा है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा सहित पूरा मंत्रिमंडल मौजूद था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और एनडीए घटक दल के नेता भी मौजूद थे।

### बैरबी साईरंग रेल लाइन का पुल संख्या 144 इंजीनियरिंग की अनोखी मिसाल

नई दिल्ली। मिजोरम में रेल कनेक्टिविटी को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाला बैरबी साईरंग रेल लाइन का पुल संख्या 144 (कुरंग ब्रिज) इंजीनियरिंग की अनोखी मिसाल बन रहा है। यह पुल देश का दूसरा सबसे ऊँचा पियर ब्रिज है, जो आने वाले समय में न केवल यात्रा को आसान बनाएगा बल्कि इस क्षेत्र के विकास को भी गति देगा। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि इस पुल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी ऊँचाई है। इसका सबसे ऊँचा पियर 114 मीटर का है, जो दिल्ली की ऐतिहासिक कुतुब मीनार से भी 42 मीटर अधिक ऊँचा है। इतनी ऊँचाई पर मजबूत और सुरक्षित संरचना तैयार करना भारतीय इंजीनियरों के कौशल का प्रमाण है। इसके डिज़ाइन को भी विशेष ध्यान से तैयार किया गया है। इसमें कुल छह स्पैन हैं और प्रत्येक स्पैन के लिए अलग-अलग गिर्डर बनाए गए हैं। यह अद्वितीय संरचना पुल को मजबूती और स्थायित्व देती है। इसके साथ ही इस पुल को भूकंप सुरक्षा मानकों के अनुसार तैयार किया गया है, जिससे यह भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में भी सुरक्षित रहेगा।

## पेज एक का शेष

### नेपाल ...

ग्रहण के बाद नेपाल में अंतरिम कैबिनेट आज रात ही पहली बैठक करेगी। इस दौरान सरकार जरूरी कामकाज से जुड़ी नीतियों पर कुछ बड़े फैसले ले सकती है। सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण 20 मिनट की देरी से होगा। पहले इसके लिए 8:45 बजे का टाइम तय किया गया था। नेपाली सेना के जवान राष्ट्रपति भवन के बाहर तैनात हैं। नेपाल की जेन-ड्ज कोर कमेटी के सदस्यों ने कहा है कि वे सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे, लेकिन कैबिनेट में कोई पद नहीं लेंगे। इसके बजाय, वे अंतरिम सरकार के कामकाज की निगरानी करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की के साथ कुलमान घीसिंग, ओम प्रकाश अर्याल और बालानंद शर्मा भी शपथ लेंगे।

राष्ट्रपति भवन के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम -सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण से पहले नेपाल के राष्ट्रपति भवन शीतल निवास के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। बड़ी संख्या में सेना के जवान भवन के सामने मौजूद हैं।

राष्ट्रपति भवन में होगा सुशीला कार्की का शपथ ग्रहण

सुशीला कार्की का शपथ ग्रहण नेपाल के राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में होगा। नेपाल के 2015 के संविधान के मुताबिक, प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री और मंत्रियों को पदभार ग्रहण करने से पहले राष्ट्रपति के सामने शीतल निवास में शपथ ग्रहण करना होता है। बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने इस भवन में आग लगा दी थी।

घीसिंग, आर्यल और बालानंद शर्मा मंत्री बन सकते हैं -भास्कर रिपोर्टर के मुताबिक, सुशीला कार्की के साथ, कुलमन घीसिंग, ओम प्रकाश आर्यल और बालानंद शर्मा भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस रहीं सुशीला कार्की आज नेपाल की अंतरिम पीएम बनेंगी। उनके नाम पर सहमति बन गई है। काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने उनका समर्थन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स किया है। उन्होंने 1979 में वकालत में अपना करियर शुरू किया था। सुशीला कार्की 11 जुलाई 2016 से 6 जून 2017 तक नेपाल की मुख्य न्यायाधीश थीं। 2017 में उनके खिलाफ महाभियोग लाया गया था। सुशीला कार्की पर पूर्वाग्रह और कार्यपालिका में हस्तक्षेप का आरोप लगा था।

कंतिपुर टेलीविजन ने आगजनी के बाद ब्रॉडकास्टिंग फिर शुरू की नेपाल के प्रमुख समाचार चैनल कंतिपुर टेलीविजन ने आज दोपहर 4 बजे से अपनी रेगुलर ब्रॉडकास्टिंग फिर से शुरू कर दी है। त्रिपुरेश्वर में स्थित इस टीवी स्टेशन को हाल ही में हिंसक आंदोलन के दौरान हुई आगजनी के कारण बंद करना पड़ा था। इस हमले में चैनल के स्टूडियो को नुकसान पहुंचा था। पूर्व राष्ट्रपति बोले- जेन- की मांगें मौजूदा संविधान से पूरी हो सकती हैं नेपाल के पहले राष्ट्रपति राम बरन यादव ने कहा है कि आंदोलनकारियों की मांगें देश के मौजूदा संविधान के दायरे में रहकर पूरे किए जा सकते हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि हर नागरिक की जान-माल की सुरक्षा और देश को व्यवस्था व अच्छे शासन की ओर ले जाने में अब और देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा- मेरा मानना है कि जेन-ड्ज की आकांक्षाएं नेपाल के 2015 के संविधान को ठीक ढंग से लागू करके हासिल किए जा सकते हैं। यह संविधान लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संविधान सभा ने सात दशकों के सपनों और सैकड़ों शहीदों के बलिदान के बाद बनाया था।

48 घंटे बाद भी अंतरिम प्रधानमंत्री का नाम तय नहीं- केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफ़े को 48 घंटे हो गए हैं, लेकिन अभी तक अंतरिम प्रधानमंत्री तय नहीं हो सका है। इसपर बातचीत आज सुबह 9 बजे फिर से शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि सुशीला कार्की का अंतरिम पीएम बनना लगभग तय है।

इससे पहले कल दिनभर चली चर्चा किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। भास्कर सूत्रों के मुताबिक, भले ही सुशीला कार्की को अंतरिम पीएम बनाने पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन मौजूदा संसद को भंग करने या न करने पर चर्चा रुकी हुई है।

बातचीत में भाग लेने वाले एक अधिकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति पौडेल संसद भंग करने को तैयार नहीं है। हालांकि कार्की ने तर्क दिया है कि पहले संसद को भंग किया जाना चाहिए क्योंकि संविधान के अनुसार संसद कायम रहते हुए किसी गैर-सांसद (जो संसद का सदस्य न हो) को प्रधानमंत्री नहीं बनाया जा सकता।

### भारत...

वे हमारे पूर्वजों की शिक्षा और ज्ञान के प्रति गहरी निष्ठा की साक्षी हैं। तथा थाईलैंड जैसे देशों के सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वैश्विक साझेदारी के माध्यम से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले चोरी हुई मूर्तियों और धरोहरों की वापसी बहुत कम होती थी, लेकिन अब सैकड़ों मूर्तियां वापस लौटी हैं। इसका कारण यह है कि दुनिया को भरोसा है कि भारत उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक स्थान देगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्ञान भारतम् मिशन आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत की अमूल्य धरोहर को सुरक्षित करेगा और विश्व समुदाय को यह संदेश देगा कि भारत न केवल अपने लिए बल्कि समूची मानवता के लिए ज्ञान और चेतना का प्रवाह बनकर कार्य करता है। मोदी ने इस अवसर पर ज्ञान भारतम् इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन का आयोजन संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया गया है, जिसमें भारत की प्राचीन पांडुलिपियों और ज्ञान परंपराओं पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनियां लगाई गईं।

### प्रधानमंत्री...

प्रधानमंत्री सैरांग से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) राजधनी एक्सप्रेस, सैरांग-गुवाहाटी एक्सप्रेस और सैरांग-कोलकाता एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इनसे मिजोरम की राजधानी का सीधा संपर्क राष्ट्रीय राजधानी और अन्य महानगरों से होगा।

प्रधानमंत्री यहां सड़क विकास की परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे, जिनमें 45 किमी लंबी आइजोल बाईपास रोड, थेंजावल-स्याल्सुक रोड तथा खानकॉन-रोंगुरा रोड शामिल है। साथ ही वे चिमतुइपुई नदी पुल का शिलान्यास भी करेंगे, जिससे लॉन्गतलाईऽसियाहा मार्ग पर दो घंटे का सफर घट कर सुगम होगा।

खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया मल्टीपर्पज इंडोर हॉल और ऊर्जा क्षेत्र में 30 हजार मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता वाला एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का शिलान्यास होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री कौरथा में आवासीय विद्यालय और त्लांगनुआम में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का भी उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी 13 सितंबर को ही मणिपुर पहुंचेंगे। दोपहर 12:30 बजे चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जिनमें मणिपुर शहरी सड़कें, ड्रेनेज और एसेट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट (3,600 करोड़ रुपये), पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं (2,500 करोड़ रुपये से अधिक) और मणिपुर इन्फोटेक डेवलपमेंट (एमआईएनडी) परियोजना प्रमुख हैं। इसके बाद वे दोपहर 2:30 बजे इंफाल में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें सिविल सचिवालय, आईटी एसईजेड बिल्डिंग, नया पुलिस मुख्यालय भवन, दिल्ली और कोलकाता स्थित मणिपुर भवन तथा चार जिलों में महिला बाजार (इमा मार्केट) शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी 13 सितंबर की शाम गुवाहाटी पहुंचेंगे, जहां वे भारत रत्न भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती समारोह में शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री 14 सितंबर को असम में 18,530 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। दरांग में दरांग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जीएनएम स्कूल, बी.एससी. नर्सिंग कॉलेज, गुवाहाटी रिंग रोड प्रोजेक्ट और कुरुवा-नारेंगी पुल का शिलान्यास होगा।

गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में प्रधानमंत्री असम बायो-एथेनॉल प्लांट का उद्घाटन करेंगे और पॉलीप्रोपाइलीन प्लांट का शिलान्यास करेंगे। इनसे असम में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगे। वह सम्मेलन को संबोधित भी करेंगे। यह सम्मेलन 15 से 17 सितंबर तक चलेगा। इसका विषय 'इयर ऑफ रिफॉर्म्स - ट्रांसफॉर्मिंग फॉर द फ्यूचर' है। इसमें देश के शीर्ष सैन्य और नागरिक नेतृत्व भविष्य की रणनीति पर विचार विमर्श करेंगे।

प्रधानमंत्री 15 सितंबर को ही बिहार जाएंगे। दोपहर 2:45 बजे पुर्णिया में नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे और 36,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। मुख्य परियोजनाओं में पीरपैंती, भागलपुर में 25,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 3ब्800 मेगावाट की थर्मल पावर परियोजना, कोसीऽमेची अंतरराज्यीय नदी लिंक परियोजना (2680 करोड़ रुपये), बिक्रमशिलाऽकटारिया रेल लाइन (2170 करोड़ रुपये) तथा अररियाऽगलगलिया नई रेल लाइन (4410 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

प्रधानमंत्री यहां जोगबनीऽदानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस, सहरसाऽअमृतसर अमृत भारत एक्सप्रेस और जोगबनीऽइरोड अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे।

कृषि क्षेत्र में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की स्थापना की घोषणा करेंगे। बिहार देश के कुल मखाना उत्पादन का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा देता है। इस बोर्ड के गठन से किसानों को बेहतर तकनीक, विपणन और निर्यात के अवसर मिलेंगे।

इसके साथ ही सेक्स-सॉर्टेड सीमेन सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे डेयरी किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बछिया पैदा करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी) के तहत 40 हजार से अधिक लाभार्थियों को गृह प्रवेश का अवसर भी मिलेगा। साथ ही डीएवाई-एनआरएलएम के तहत 500 करोड़ रुपये की सामुदायिक निवेश निधि भी वितरित की जाएगी।

### चंद्रपुरम ...

उम्मीदवार रहे श्री राधाकृष्णन निर्वाचित घोषित किये गये थे। उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार श्री बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराया ।

श्री राधाकृष्णन अब तक महाराष्ट्र के राज्यपाल थे। चार मई 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे श्री राधाकृष्णन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक हैं। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आरएसएस के स्वयंसेवक के रूप में शुरु किया और अब वह देश के उप राष्ट्रपति चुने गये हैं। श्री राधाकृष्णन ने सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आरएसएस के स्वयंसेवक के रूप में शुरु किया और सन 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। उन्हें 1996 में तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी भाजपा का सचिव नियुक्त किया गया। वे 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। वर्ष 1999 में वे पुनः लोकसभा के लिए चुने गए।

सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कपड़ा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पीएसयू संबंधी संसदीय समिति और वित्त संबंधी परामर्शदात्री समिति के भी सदस्य रहे। वह स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जाँच करने वाली संसदीय विशेष समिति के सदस्य भी थे।

श्री राधाकृष्णन ने 2004 मेंए संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। वह भारत से ताइवान गए पहले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे।

श्री राधाकृष्णन 2004 से 2007 के बीचए तमिलनाडु में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस पद पर रहते हुए उन्होंने 93 दिनों तक चली 19,000 किलोमीटर की यात्रा की। यह यात्रा सभी भारतीय नदियों को जोड़ने आतंकवाद के उन्मूलन समान नागरिक संहिता लागू करने अस्पृश्यता निवारण और मादक पदार्थों की समस्या से निपटने की उनकी मांगों को उजागर करने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने विभिन्न उद्देश्यों के लिए दो और पदयात्राओं का भी नेतृत्व किया।

श्री राधाकृष्णन को 2016 में कोच्चि के कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया इस पद पर वह चार वर्षों तक रहे। उनके नेतृत्व में भारत से कॉयर निर्यात 2532 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वह 2020 से 2022 तक भाजपा की केरल इकाई के प्रभारी रहे।

उन्हें प्रशासनिक क्षेत्र का भी अच्छा अनुभव है। उन्हें 18 फ़रवरी 2023 कोए झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। अपने पहले चार महीनों के दौरानए उन्होंने झारखंड के सभी 24 ज़िलों की यात्रा की और नागरिकों और ज़िला अधिकारियों से बातचीत की।

उन्होंने 31 जुलाई 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल के रूप में उन्होंने करीब लगभग डेढ़ वर्ष तक कार्य किया। उन्होंने तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का कार्यभार भी संभाला । श्री राधाकृष्णन अपने कॉलेज के दिनों में टेबल टेनिस में कॉलेज चैंपियन और लंबी दूरी के धावक थे। उन्हें क्रिकेट और वॉलीबॉल का भी शौक था। श्री राधाकृष्णन ने अमेरिकाए ब्रिटेन फ्रांस जर्मनी इटली सहित कई देशों की यात्रा की है।

### बिहार ...

हो सकती है देश का प्रधानमंत्री क्या कर रहा है, यह देश की जनता देख रही है। कंग्रेस को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जब हार पक्की हो, तो राजनीतिक दलों के लिए अपना मानसिक संतुलन बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है। इस बार का ट्वीट इनकी हताशा और बौखलाहट को जाहिर करता है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने जब राहुल गांधी की बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' हो रही थी, उस दौरान दरभंगा में आयोजित एक कार्यक्रम में कंग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मंच से प्रधानमंत्री और उनकी माँ को लेकर अपशब्द कहे गए थे। इस घटना के बाद भाजपा ने कंग्रेस पर तीखा हमला किया था। प्रधानमंत्री ने भी इसको लेकर विपक्ष पर हमला किया था और बोलते-बोलते भावुक हो गए थे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से बिहार बंद भी किया गया था।

### राहुल ...

प्रतिशत से घटकर 19.5 प्रतिशत हो गए। इस घटते वोट प्रतिशत की जिम्मेदार खुद कंग्रेस और उनके सहयोगी दलों के नेता हैं। उन्होंने कहा कि कंग्रेस को इस भारी वोट हानि का कारण बनने वाले पहले व्यक्ति पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह हैं। क्या राहुल गांधी उन्हें 'वोट चोर' कहने की हिम्मत करेंगे फिर कई नेता विभिन्न राज्यों में, चाहे वह उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव और मायावती हों, बिहार में लालू यादव हों, तमिलनाडु में स्टालिन और करुणानिधि हों, पश्चिम बंगाल में ज्योति बसु और ममता बनर्जी हों- इन सभी ने अपने-अपने राज्यों के राजनीतिक मानचित्र से कंग्रेस का सफाया कर दिया है। राव ने कहा कि क्या राहुल इन दलों के नेताओं को वोट चोर कहने की हिम्मत करेंगे। सिर्फ दोष मढ़ने का काम राहुल कर रहे हैं जिसको जनता बखूबी समझती है। भाजपा नेता राव ने कहा कि कंग्रेस ने अपने पतन का पूरा दोष भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मढ़ दिया है, जो कि गलत है। कंग्रेस यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण कंग्रेस के वोटों में गिरावट आई है। ये पूरी तरह से झूठे और कपटपूर्ण आरोप हैं।

### छत्तीसगढ़...

साथ ही राजधानी रायपुर में बस्तर दशहरा समिति ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं धमतरी महापौर रामू रोहरा को विशेष आमंत्रण प्रदान दिया है। इस अवसर पर आमंत्रित सभी गणमान्यजनों ने बस्तर दशहरा समिति का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

बस्तर सांसद और पदेन बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप ने मीडिया से संवाद करते हुए छग प्रदेश के समस्त पत्रकारों को भी इस ऐतिहासिक और भव्य आयोजन में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि बस्तर दशहरा छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह भारत का सबसे अनूठा और सबसे लंबा 75 दिनों तक श्रद्धा, परंपरा और सांस्कृतिक विविधता के साथ मनाया जाता है। बस्तर दशहरा रावण वध पर आधारित न होकर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की भक्ति और आदिवासी परंपराओं पर केंद्रित है।

देवी की आराधना, विशाल रथ यात्रा, तांत्रिक अनुष्ठान और जनभागीदारी से जुड़ा यह पर्व बस्तर की संस्कृति, आस्था को जीवंत स्वरूप प्रदान करता है। यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और जनजातीय विरासत का उत्सव है, जिसने बस्तर को पूरे देश में विशिष्ट पहचान दिलाई है। सांसद कश्यप ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस वर्ष बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार रस्म में देश के गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कैबिनेट मंत्री, सांसद एवं विधायकगण सम्मिलित होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बस्तर दशहरा समिति द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी विशेष रूप से आमंत्रण प्रदान किया गया है।

### बॉम्बे ...

के अनुरोध पर, हमने सभी सदस्यों को परिसर खाली करने के लिए सूचित कर दिया है ताकि पुलिस पूरी तरह से जाँच कर सके। इस धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस उपायुक्त प्रवीण मुंडे पुलिस टीम और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे और परिसर में तलाश अभियान शुरु कराया। साथ ही उच्च न्यायालय के आस पास बड़ी संख्या में पुलिस बल का बंदोबस्त किया गया । हालांकि यहां सघन तलाशी के बाद कोई संदिग्ध वस्तु के मिलने की सूचना समाचार लिखे जाने तक नहीं मिली है। पुलिस ने धमकी भरे ईमेल की शिकायत आजाद मैदान पुलिस में दर्ज की है और मैसेज भेजने वाले तलाश कर रही है।

### राजनीतिक....

के साधन के रूप में राजनीतिक दलों के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

### मॉरीशस...

का अभिनंदन किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और शंखनाद की गूंज ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। रामलला के दरबार में भावविभोर प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से निकलने के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री का काफिला भारी सुरक्षा घेरे के बीच सीधे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचा। वहां उन्होंने पत्नी के साथ रामलला की आरती उतारी और लंबे समय तक प्रभु का दर्शन करते रहे। उन्होंने शीश नवाकर भगवान राम से दोनों देशों के रिश्तों की मजबूती का आशीर्वाद मांगा। करीब आधा घंटे तक परिसर में रहकर उन्होंने मंदिर निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान कई बार उनके मुख से ल्लजय श्रीरामङ्ख के उद्घोष गूंजे।

पीएम का आगमन सांस्कृतिक एकता का प्रतीकः मुख्यमंत्री

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री का यह दौरा भारत और मॉरीशस के बीच सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतीक है। वहीं, प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने भी अयोध्या की पवित्र धरती पर आने पर अपनी गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और भगवान राम के प्रति आस्था प्रकट की।

राम मंदिर परिसर में हुआ विशेष आयोजन

राम मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम और उनके प्रतिनिधिमंडल के लिए टाटा कंपनी की ओर से मंदिर निर्माण से जुड़ी एक विशेष लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। करीब दो मिनट की इस प्रस्तुति में मंदिर की भव्यता, शिल्पकला और निर्माण की अद्भुत झलक दिखाई गई। फिल्म की जानकारी और विवरण सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने विस्तार से प्रस्तुत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री को राम मंदिर का मॉडल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, प्रधानमंत्री की पत्नी वीना रामगुलाम को अंगवस्त्र विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इस क्षण ने पूरे माहौल को और अधिक गरिमामय बना दिया।

भारत-मॉरीशस संबंधों की पृष्ठभूमि

भारत और मॉरीशस के बीच संबंध सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गहराई से जुड़े हुए हैं। मॉरीशस की आबादी का बड़ा हिस्सा भारतीय मूल का है और वहां रामायण, भगवान राम और भारतीय परंपराओं के प्रति विशेष आस्था देखी जाती है। मॉरीशस के त्योहार, साहित्य और सांस्कृतिक जीवन में रामकथा आज भी जीवंत है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री रामगुलाम का यह अयोध्या दौरा दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने वाला माना जा रहा है।

चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

अयोध्या में प्रधानमंत्री डॉ रामगुलाम के आगमन पर तगड़े सुरक्षा इंतजाम किये गए। एयरपोर्ट से लेकर मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस व सुरक्षा बल तैनात, सीसीटीवी से पूरे मार्ग की निगरानी। मंदिर परिसर में पुलिस बल और एटीएस की टीमों ने कमान संभाल रखी थी।

### मॉरीशस...

पटेल और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। धाम में मंदिर न्यास की ओर से मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम को अंगवस्त्रम, प्रसाद और स्मृतिचिह्न भेंट किया गया। काशी विश्वनाथ धाम के नव्य, भव्य और विस्तारित रूप देख प्रधानमंत्री रामगुलाम और उनकी पत्नी आह्लादित दिखे। मंदिर में आने-जाने के दौरान मेहमान प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं का अभिवादन हाथ जोड़ पूरे विनम्रता से किया। शिवभक्त भी हर-हर महादेव के पारम्परिक उद्घोष से मेहमान का स्वागत किया। इस दौरान श्री काशी विश्वनाथ धाम व आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। उनके आने-जाने के दौरान मार्ग पर यातायात प्रतिबंध भी लागू रहा।

मंदिर में दर्शन पूजन के बाद डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम होटल लौटकर थोड़ी देर विश्राम करेंगे। इसके बाद उनका काफिला वाराणसी एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा। जहां से वे विशेष विमान से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे।

इससे पहले बुधवार शाम वाराणसी पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया था। उसके बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता में महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए थे। शाम को प्रधानमंत्री रामगुलाम ने पत्नी और अपने देश के प्रतिनिधिमंडल के साथ विवेकानंद क्रूज पर सवार होकर काशी की विश्वप्रसिद्ध गंगा आरती देखी। इस दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे।

### तटरक्षक ...

समुद्री सुरक्षा और समुद्री पर्यावरण संरक्षण सहित विविध क्षेत्रों में अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। सम्मेलन में उन्नत तकनीकों, मानव संसाधन विकास और प्रशिक्षण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। 'समुद्र में संरक्षक' के रूप में आचरण के साझा सिद्धांतों के तहत अंतर-क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर फोकस किया गया है।

वैश्विक स्तर पर समुद्री चुनौतियों की बढ़ती जटिलता को समझते हुए जापान तटरक्षक बल और निप्पॉन फाउंडेशन ने वर्ष 2017 में पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। तब से यह शिखर सम्मेलन दुनिया भर के तटरक्षकों के बीच संवाद और विश्वास निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र के रूप में विकसित हुआ है। चौथे संस्करण में इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने भी वर्चुअल माध्यम से दिए गए वक्तव्यों में समुद्री कानून प्रवर्तन के क्षेत्रों में वैश्विक तटरक्षक सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

# उत्तराखंडः काशीपुर में मंदिर भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई मजार ध्वस्त

■ अब तक 553 अवैध मजार ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राज्य की धामी सरकार की ओर से अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर लगातार अभियान जारी है। प्रशासन ने शुक्रवार तड़के जनपद उधमसिंहनगर के काशीपुर तहसील के भूमि अभिलेखों में दर्ज मंदिर वाले स्थान पर कब्जा कर अवैध रूप से बनाई गई मजार को ध्वस्त कर दिया। अब तक राज्य में 553 अवैध मजार संरचनाओं को ध्वस्त किया गया है।

जनपद के काशीपुर तहसील क्षेत्र में ग्राम कचनाल गुसाईं में बनी अवैध मजार के संचालक को 27 अगस्त को प्रशासन ने एक शिकायत के आधार पर नोटिस जारी कर भूमि और निर्माण संबंधी दस्तावेज दिखाने के लिए 15 दिन का समय दिया था। अवधि पूर्ण होने के बावजूद संचालक ने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया। प्रशासन ने कई बार मौके पर फोर्स के साथ जाकर स्थिति का जायजा भी लिया। इस दौरान कोई भी इस बारे में चर्चा करने के लिए नहीं मिला। काशीपुर में स्थानीय और वरिष्ठ लोगों की शिकायत थी कि पहले यहां ग्राम देवता का मंदिर हुआ करता था जिसमें किसी ने बाद में अवैध मजार का रूप दे दिया। मेयर दीपक बाली ने भी इस विषय का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से वार्ता की थी और जनभावनाओं से अवगत कराया था। आज प्रशासन ने उक्त धार्मिक संरचना को एसडीएम अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन ने बुल्डोजर के साथ की गई इस कारवाई के बाद उक्त मलबा सम्मान पूर्वक हटा दिया। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि अवैध रूप से निर्मित उक्त संरचना को विधि सम्मत रूप से हटा दिया गया है इसमें किसी की ओर से विरासत सामने नहीं आया। उल्लेखनीय है कि धामी सरकार का अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी है। आज ध्वस्त की गई संरचना मंदिर भूमि पर अवैध रूप से बनाई हुई थी जिसका ब्यौरा राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज रहा है। उत्तराखंड में अभी तक ऐसी 553 अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया जा चुका है। साथ ही करीब 9 हजार एकड़ सरकारी भूमि भी अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराई गई है।

# पत्रकारिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भूमिका पर पुष्पा गुजराल साइंस सिटी में सैमिनार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कपूरथला। पंजाब के कपूरथला जिला में पुष्पा गुजराल साइंस सिटी द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में कदम रखने वाले युवाओं के कौशल को निखारने के उद्देश्य से पत्रकारिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर शुक्रवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार में 150 से अधिक पत्रकारिता और जनसंचार से जुड़े राज्य के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों समेत युवा पत्रकारों ने भाग लिया। इस सेमिनार ने जहाँ पत्रकारिता और जनसंचार के छात्रों को पत्रकारिता के क्षेत्र में आए नए रुझानों की समझ को गहरा किया, वहीं इसी के साथ एआई का एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म भी उपलब्ध कराया गया, जिसके माध्यम से पत्रकारिता को एक नया आकार दिया जा सकता है। इस मौके पर साइंस सिटी के निदेशक डॉ. राजेश ग्रोवर ने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके विज्ञान, तकनीक और संचार के क्षेत्र में हो रहे बदलावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एआई के साथ जहां डेटा विश्लेषण में तेजी आई है, वहीं यह उन्नत प्रेक्षण का समर्थन करने के साथ-साथ रोज़मर्रा के कामों को स्वचालित भी करता है, जिसमें उत्पादकता और रचनात्मकता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में समय की बचत के साथ विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए एआई का इस्तेमाल दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। डॉ. ग्रोवर ने एआई की चुनौतियों, जैसे कि डाटा गोपनीयता और नैतिकता के पहलुओं पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाचार लिखने और रिपोर्टिंग में एआई की जिम्मेदारी से इस्तेमाल तभी हो सकता है, जब इसकी सही और पूरी ट्रेनिंग हो। पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के एजुकेशनल मल्टीमीडिया अनुसंधान केंद्र के निदेशक दिलजीत आमी ने विद्यार्थियों को बताया कि एआई के साथ जानकारी एकत्र करने, जांच, पुष्टि और साझा करने में बदलाव आने के साथ-साथ पत्रकारिता में नए रुझान पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि एआई के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में दक्षता में निखार आया है और यह रिपोर्टिंग में भरोसेमंदता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जन-संचार के विद्यार्थियों ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और प्रभावों पर आधारित एक रेडियो फीचर बनाने का मुकाबला भी कराया गया और विजेताओं को नकद पुरस्कार भी दिए गए। इस मुकाबले में पहला पुरस्कार 3000 रुपये का नकद पुरस्कार एचएमवी कॉलेज जालंधर की साक्षी बडोला ने जीता, जबकि गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर की लीसा लूना और ईशता सहिगल क्रमवार दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह जीएएनएफ जूतीका वालिया को हौसला अफजाई पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया।

# बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए जिला केंद्रों पर प्रदर्शन करेंगे : रंधावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब में भारतीय क्रांतिकारी मार्क्सवादी पार्टी (आरएमपीआई) सचिव परगट सिंह जामाराय ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी 26 सितंबर को जिला केंद्रों पर विरोध प्रदर्शन करेगी ताकि केंद्र और राज्य सरकारों को बाढ़ पीड़ितों को पर्याप्त मुआवजा देने के लिए मजबूर किया जा सके। पार्टी अध्यक्ष रतन सिंह रंधावा की अध्यक्षता में पार्टी की राज्य समिति कार्यालय में हुई बैठक में शामिल राष्ट्रीय महासचिव मंगत राम पासला ने देश, दुनिया के राजनीतिक हालात और पार्टी द्वारा किए जा सकने वाले तत्काल कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने इस कठिन समय में बाढ़ पीड़ितों की खुले दिल से मदद करने के लिए पूरे देशवासियों की मानवीय भावना की बहुत सराहना की है। बैठक में बाढ़ के दौरान मारे गए पंजाब और देश के विभिन्न राज्यों के हजारों लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक में उत्तर भारत, विशेषकर पंजाब में आई भीषण बाढ़ के कारण लाखों-करोड़ों रुपये की जनहानि और अन्य नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त किया तथा बाढ़ को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने में केंद्र एवं राज्य सरकारों की लापरवाही, भ्रष्टाचार और पीड़ितों के प्रति सरकारों के निर्दयी रवैये की कड़ी निंदा की । बैठक में कहा गया कि पंजाब सरकार का रवैया और भी निंदनीय है, जिसने राहत पैकेज की घोषणा करते समय भूमिहीन एवं संसाधनहीन मजदूरों और दलितों का नाम तक नहीं लिया। यह भी कहा गया है कि पीड़ितों को राहत पहुँचाने के अपने कर्तव्य को पूरा करने के बजाय, सत्ताधारी दल राजनीतिक लांछन लगाने और सस्ती प्रसिद्धि कमाने जैसे घटिया कामों में व्यस्त हैं। बैठक में जान-माल के इस भारी नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री द्वारा घोषित अल्प पैकेज को राज्य के बाढ़ पीड़ितों के ज़ख्मों पर नमक छिड़कने वाला एक अमानवीय उपहास करार दिया है।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : दरभंगा में डीईओ ने तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




दरभंगा। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर दरभंगा जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सभागार में शुक्रवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में वाहन, विधि-व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता और बज्रगृह-सह-मतगणना सहित कई कोषांगों की विस्तार से समीक्षा की गई। वाहन कोषांगः निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहनों की उपलब्धता, अधिग्रहण और ट्रैकिंग पर चर्चा हुई। डीईओ ने सभी वाहनों का पूर्व सर्वेक्षण कर उनकी स्थिति विधानसभावार आकलन करने और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। विधि-व्यवस्थाः शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की गई। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की सूची अद्यतन करने, फ्लैग मार्च और शांति समिति की बैठकों पर जोर दिया गया। आदर्श आचार संहिताः आयोग के निर्देशों के सख्त अनुपालन पर बल देते हुए राजनीतिक दलों के प्रचार, सार्वजनिक स्थानों के उपयोग और सोशल मीडिया की निगरानी के लिए टीमों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया। बज्रगृह-सह-मतगणनाः स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी कवरेज, डबल लॉक व्यवस्था, 24x7 निगरानी, मतगणना स्थल की संरचना और कर्मचारियों की तैनाती पर विशेष चर्चा हुई। डीईओ ने कहा कि चुनाव कार्य अत्यंत संवेदनशील और दायित्वपूर्ण है, इसलिए सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता और निष्ठा से करें तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। बैठक में सहायक समाहर्त्ता के. परीक्षित, अपर समाहर्त्ता (लोक शिकायत) अनिल कुमार, अपर समाहर्त्ता (विधि व्यवस्था) राकेश रंजन, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार 45 मोबाइल बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपित चोरी के महंगे मोबाइल फोन नेपाल सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय गिरोह के सदस्य हैं। ये अपराधी देशभर में भीड़भाड़ वाले आयोजनों व शोभा यात्राओं के दौरान चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान दिल्ली के सीलमपुर निवासी मोहम्मद शकील, नंद नगरी निवासी शम्शुल हसन, उप्र के कानपुर निवासी मोहम्मद शफीक और कानपुर निवासी दिलशाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लालबाग के राजा की शोभायात्रा एवं मुंबई के अन्य विसर्जन स्थलों से हाल ही में चोरी45 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए हैं। ये मोबाइल नेपाल भेजे जाने वाले थे। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि इंस्पेक्टर गुरमीत सिंह की देखरेख में बनी टीम लंबे समय से मोबाइल चोरी व झपटमारी के मामलों की जांच कर रही थी।

## मोतिहारी में आधुनिक खेल आधारभूत संरचना निर्माण के लिए 2555. 29 करोड़ रुपये स्वीकृत : सम्राट चौधरी

पटना। बिहार में 'मुख्यमंत्री खेल विकास योजना' के अंतर्गत पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिला स्थित श्री मुंशी सिंह महाविद्यालय में आधुनिक खेल आधारभूत संरचना निर्माण के लिए 2555.29 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के लागू होने से जिले में खेल सुविधाओं का विस्तार होगा और स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बिहार में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 की तुलना में बिहार में शानदार खेल सुविधाओं का विकास हुआ है।

# मुख्यमंत्री ने दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सचिवालय में दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, भाजपा विधायक, पार्षद और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने एक बयान में बताया कि जनहित के विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ें, इसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे जनप्रतिनिधियों से निरंतर फीडबैक लें और उनके सुझावों के आधार पर कार्य करें। क्षेत्र आधारित विकास योजनाओं में इससे नई गति आएगी और लोगों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने बेहतर प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करने के लिए कैबिनेट सहयोगी मनजिंदर सिंह सिरसा को दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली सरकार 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित करेगी। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर, आरोग्य मंदिर उद्घाटन, स्वच्छता अभियान और विभिन्न सेवा कार्यक्रम राजधानी भर में आयोजित किए जाएंगे। हम सब मिलकर अपने-अपने क्षेत्रों में सेवा पखवाड़े में हिस्सा लेकर जनता की सेवा में योगदान देंगे।

# नहरी-नालों की सफाई व घग्गर नदी तटबंध की हो रही अनदेखी : सैलजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। कांग्रेस की महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर सिरसा संसदीय क्षेत्र में नहरी-नालों की सफाई, घग्गर नदी तटबंधों की मजबूती और अमृत योजना की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यदि समय पर इन मुद्दों पर ध्यान दिया जाता तो बाढ़ से भारी नुकसान और जनहानि टल सकती थी। कुमारी सैलजा ने पत्र में उल्लेख किया कि उन्होंने मई-जून में मानसून से पहले नहरों की सफाई और तटबंध मजबूत करने का आग्रह किया था। गत 30 जून तक अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए थे और तीन जुलाई को सिरसा में हुई दिशा बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया था। इसके बावजूद, सिरसा, फतेहाबाद और जींद जिलों के बाढ़ प्रभावित गांवों के दौरे में स्पष्ट हुआ कि समय पर सफाई न होने से फसलें और घरों को भारी क्षति हुई। उन्होंने कहा कि हिसार-घग्गर रेलमार्ग से लगे कई गांवों में हजारों एकड़ फसल डूबकर नष्ट हो गई। घोषित मुआवजा राशि को उन्होंने किसानों के साथ मजाक बताया और उचित मुआवजे की मांग की। साथ ही अमृत योजना की खामियों पर भी चिंता जताई, क्योंकि सीवर सफाई न होने से लोगों को बारिश में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा।

कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि हर साल करोड़ों रुपये बजट जारी होने के बावजूद नहरों और ड्रेनों की सफाई कागजों तक ही सीमित रहती है। उन्होंने कहा कि सरकार को अधिकारियों की जवाबदेही तय कर निष्पक्ष जांच करानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो।

# पोटाश के छिड़काव से धान के दाने होंगे चमकदार और पुष्ट : डा.आशीष राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। मिट्टी से पौधे जितनी मात्रा में नाइट्रोजन का अवशोषण करते हैं उससे अधिक मात्रा में पोटैशियम नामक पोषक तत्व भी लेते हैं। बेहतर उत्पादन के लिए मृदा में आवश्यक पोटैशियम की मात्रा नहीं होने पर किसान बेहतर और गुणवत्तापूर्ण उपज के लिए मिट्टी में पोटैशियम की पर्याप्त आपूर्ति करे।उक्त जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी के मृदा विशेषज्ञ डा. आशीष राय ने प्रशिक्षण के दौरान किसानों को देते बतायी। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण के किसान भाई खेतो में नाइट्रोजन की अपेक्षा पोटाश का उपयोग बहुत ही कम मात्रा में करते है,जबकि पौधों में अवशोषित पोटैशियम का करीब आधे से ज्यादा भाग पौधों की पत्तियों, डंठल व शेष भाग दानों, फलों, गुठिलयों आदि में रहते है। किसानों को यह समझना होगा कि बिना पोटैशियम के कोई भी पौधा न तो सही से बढ़ सकता है और ना ही कोई फसल अपने जीवनचक्र को पूरा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पोटाश पौधों में सामान्यतः 60 से भी अधिक लाभकारी एंजाइम्स और अन्य तत्वों को सक्रिय बनाता है। उन्होंने बताया कि धान में पोटाश का छिड़काव करने से धान के दानें अधिक निकलते हैं। वहीं दाने चमकदार, मजबूत, गुणवत्तापूर्ण व पुष्ट होते है। पोटाश पौधों में प्रकाश संश्लेषण प्रकिया को प्रोत्साहित करता है।जिससे पौधे तेजी भोजन का निर्माण करता है।जिससे उत्पादों को बीज, जड़ें, फल, कंद तक पहुंचने की क्रिया को काफी तेजी से सक्रिय होती है। पोटाश पौधों में सर्कराओं के निर्माण व स्थानांतरण में मुख्य भूमिका निभाता है। ईख एवं कंद फसलों के उत्पादन में इसका बड़ा महत्व है।यह पौधों में प्रोटीन उत्पादन को बढ़ाता है, साथ ही नाइट्रोजन की दक्षता को भी बेहतर करता है। उन्होंने कहा कि पोटाश फसलों को हानिकारक कीड़े-मकोड़े, रोगों के आक्रमण, सूखा व कोहरा से लड़ने की क्षमता विकसित कर पौधों में जल अवशोषण को बढ़ाता है।जिससे पौधे गिरते नहीं है। किसान पोटाश को मिट्टी में ऐसी जगह डालें जहां से पौधों की जड़े उसे अवशोषित कर सकें। वहीं वर्षा या सिंचाई हो जाने के बाद सतह पर डाला गया उर्वरक नमी के साथ घुलकर के नीचे जड़ो तक पहुंच जाए। यह पौधों के विकसित होने में मदद करता है। किसान पोटाश को पत्तियों, बीजों या जड़ों पर सीधे न डालें। इससे पत्तियां झुलसने का खतरा बढ़ जाता है। इस उर्वरक को मिट्टी के साथ मिलाकार प्रयोग करना बेहतर होगा या घुलनशील पोटाश लेकर पौधों पर उचित मात्रा में छिड़काव कर सकते हैं। खेती के लिए भूमि तैयार करते समय पोटाश का छिड़काव करना प्रभावकारी होता है, क्योंकि इससे पोटाश इतनी गहराई तक पहुंच जाता है जहां तक जड़े फैली होती है। वहीं किसान फसल विशेष के अनुसार पोटाश को सिंचाई जल के साथ ड्रिप सिंचाई के माध्यम से भी दे सकते है।

## पराली प्रोटेक्शन फोर्स पराली जलाने की घटनाओं पर लगाएगी अंकुश

मोहाली/पंजाब। धान कटाई के सीज़न में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए एसएएस नगर जिले में ब्लॉक स्तर पर पराली प्रोटेक्शन फोर्स (पीपीएफ) का गठन किया गया है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) सोनम चौधरी ने दी। संबंधित विभागों के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए एडीसी ने बताया कि पीपीएफ की निगरानी उप-मंडल मजिस्ट्रेट और पुलिस उपाधीक्षक करेंगे। इस टीम में नायब तहसीलदार, कृषि विकास अधिकारी, थाना प्रभारी, क्लस्टर अधिकारी और अन्य विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पीपीएफ की टीमें हॉटस्पॉट क्षेत्रों में गश्त करेंगी, पराली जलाने के विरुद्ध कानून लागू करेंगी और किसानों को इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगी। साथ ही, उपलब्ध फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करेंगी। टीम प्रभावित इलाकों में मशीनरी की उपलब्धता का आकलन करेगी और किसानों को समय पर सहायता दिलाएगी।

एडीसी ने हॉटस्पॉट गांवों में व्यापक जागरूकता गतिविधियों की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पराली को आग लगाने की प्रथा को हतोत्साहित करने में अग्रणी भूमिका निभाएँ और किसानों को अवशेष प्रबंधन संसाधन आसानी से उपलब्ध कराएँ।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063